फोनः-4103333, 2362400 फैक्सः-0141-2373513 वर्षः 73 संख्याः 193 प्रभात जयपुर, सोमवार 13 फरवरी , 2023 डाक पं.सं. जयपुर सिटी/001/2021-23 पृष्ठ 8 मूल्य 2.50 रु.

जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

Rashtradoot

Metro

epaper.rashtradoot.com

ARBiT



We Are destroying Joshimath? Seismically active Himalaya cannot be 'developed' in the same way as the plains.

WILDLIFE: Why can't we get along like wild animals?

Walnuts for Better Mood — A handful per day is good for your mood, but overall health as well




*प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को दिल्ली-मुंबई एक्सप्रैस-वे के दिल्ली से लालसोट के बीच फर्स्ट फेज़ का लोकार्पण किया। इस मौके पर प्रधानमंत्री ने बताया कि, यह एक्सप्रैक्स-वे राजस्थान ही नहीं सम्पूर्ण देश के लिए एक वरदान औ अवसर की तरह साबित होगा। उन्होंने कहा कि, इस एक्सप्रैस-वे को पूर्णतः बनने में करीब एक लाख करोड़ रूपये की लागत आयेगी। यह दुनिया का सबसे अत्याधुनिक एवं ग्रीन एक्सप्रैस-वे है। एक बार निर्मित हो जाने के बाद यह अगले 40 वर्षों तक मैंटिनैंस फ्री रहेगा।*

# प्र.मंत्री मोदी ने दौसा में दिल्ली-मुंबई एक्सप्रैस-वे के फर्स्ट फेज़ का लोकार्पण किया

## प्र.मंत्री मोदी ने कहा, यह दुनिया के सबसे उन्नत एक्सप्रेस-वे में से एक है

लालसोट, 12 फरवरी (निसं)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को दौसा में देश के पहले ऐक्सिस कंट्रोल दिल्ली-मुंबई एक्सप्रैस-वे के दिल्ली से लालसोट तक के फर्स्ट फेज़ का लोकार्पण किया।

प्रधानमंत्री मोदी ने एक्सप्रैस-वे लोकार्पण समारोह में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि, सबका विकास एवं सबका साथ ही भाजपा सरकार की राष्ट्र नीति है। प्रधानमंत्री मोदी ने भाषणों का आगाज राजस्थान प्रदेश सहित दौसा जिले के देव स्थानों की जय जयकार करते हुए किया। मोदी ने कहा कि, देश के सबसे अत्याधुनिक सुविधा युक्त ग्रीन एक्सप्रैस-वे का लोकार्पण कर खुद को गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं। इस आधुनिकतम एक्सप्रैस-वे से राजस्थान प्रदेश के अलवर, भरतपुर, सवाई माधोपुर, टोंक, बूंदी, कोटा आदि जिलों को सीधा लाभ मिलेगा एवं दिल्ली आवागमन में समय की बचत होने के साथ दिल्ली के बड़े बाजारों के व्यापार से सुगमता मिलेगी एवं किसानों-व्यापारियों को उन्नत होने के मार्ग खुलेंगे।

- एक्सप्रैस-वे के जरिये अब दिल्ली से लालसोट तक का सफर सिर्फ 3 घंटे में पूरा किया जा सकेगा।
- यह एक्सप्रैस-वे असल में एक ग्रीन एक्सप्रैस-वे है, इसको बनाने में इस तरह की अत्याधुनिक तकनीक का इस्तेमाल किया गया है कि, यह 40 साल तक मैंटिनैंस फ्री रहेगा।
- यह एक्सप्रैस-वे आठ लेन का है, दिल्ली से मुंबई तक इसको बनाने में कुल एक लाख करोड़ रुपये की लागत आयेगी।

दिल्ली से मुंबई तक बनने वाला यह एक्सप्रैस-वे मेट्रिक, स्पॉल्ट तकनीक से बना एवं करीब चालीस साल मेंटेनेंस फ्री रहने वाला आठ लेन ग्रीन एक्सप्रैस-वे है। करीब एक लाख करोड़ रुपए की लागत से बनने वाला 1350 किलोमीटर लम्बा यह आठ लेन एक्सप्रैस-वे दिल्ली, हरियाणा, राजस्थान, मध्यप्रदेश, गुजरात और महाराष्ट्र राज्यों के साथ नई दिल्ली, फरीदाबाद, बल्लभगढ़ सोहना, मेवात, जिला अलवर, दौसा, सवाई माधोपुर, कोटा, मंदसौर, रतलाम, दाहोद, गोधरा, बड़ोदरा, भरूच, सूरत, नवसारी वलसाड विरार मुंबई आदि बड़े शहरों को भी जोड़ेगा।

इस पर चलने वाले वाहन की अधिकतम स्पीड एक सौ बीस किलोमीटर प्रति घंटे की रहेगी। इस पर दिल्ली से लालसोट तक यातायात शुरू करने की पूरी तैयारी हो चुकी है। दिल्ली से मुंबई मार्ग को अब तक करीब तीस घंटे में पूरा किया जाता था लेकिन इस नए एक्सप्रैस-वे से महज बारह घंटे में ही दिल्ली से मुंबई की दूरी को नापा जा सकेगा। वहीं लालसोट से दिल्ली का सफर मात्र तीन घंटे से भी कम समय में पूरा किया जा सकेगा। इस एक्सप्रैस-वे में कई आधुनिक सुख-सुविधाओं का भी ध्यान रखा गया है। वहीं इस एक्सप्रैस-वे पर से मुख्य जगहों पर वाहन उतरने चढ़ने के लिए इंटरचेंज भी बनाए गए हैं ताकि एक बडे क्षेत्र को इससे जोड़कर बड़ी आबादी को लाभान्वित किया जा सकेगा।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि, देश में सड़कों का हो रहा विकास एवं विस्तार अभी तो ट्रेलर है इस विकास की फिल्म देखना बाकी है। उन्होंने कहा कि, हमने विकसित देश व विकसित भारत का संकल्प लिया है। तेज विकास के लिए आने जाने वाले साधनों का तेज होना व आधुनिक इन्फ्राट्रक्चर होना जरूरी है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि पहले की सरकारों की बजाए भाजपा सरकार ने रेल, रोड पर खर्चा सबसे ज्यादा किया है। वहीं इनमें बड़ा खर्च अब राजस्थान को भी हो रहा है। उन्होंने

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

### छत्तीसगढ़ में नक्सलियों ने भाजपा नेता की हत्या की

रायपुर, 12 फरवरी। छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा-नारायणपुर जिले में माओवादियों ने भाजपा नेता की हत्या कर दी है। बता दें कि भाजपा नेता का नाम रामधर अलामी है जो कि पूर्व सरपंच भी रह चुके हैं। वे वर्तमान में भाजपा के मंडल कार्यसमिति के सदस्य थे। वो पिछले 15 सालों से भाजपा के साथ एक्टिव रूप से जुड़े हुए थे। बता दें कि रामधर अलामी की हत्या के बाद नक्सलियों द्वारा शव के पास

- नक्सलियों ने हत्या के बाद इलाके में पर्चे फेंके, जिसमें उन्होंने भाजपा नेता पर पुलिस के लिए मुखबिरी करने के आरोप लगाये हैं।

पर्चे भी फेंके गए हैं। इन पर्चों में पुलिस की मुखबिरी और बोधघाट परियोजन के मद्देनजर पैसे लेने को मौत की वजह बताया गया है। बता दें कि बीते एक सप्ताह में छत्तीसगढ़ में 3 भाजपा नेताओं की नक्सलियों द्वारा हत्या कर दी गई है।

रामधर अलामी दंतेवाड़ा जिले के हितामेटा गांव के पूर्व सरपंच रह चुके हैं। गौरतलब है कि, किसी काम से अलामी इंद्रावती नदी के उस पार नक्सल प्रभावित इलाके में गए हुए थे।

# राजस्थान के नेता प्रतिपक्ष गुलाबचंद कटारिया को बनाया असम का राज्यपाल

## कटारिया 8 बार रहे हैं राजस्थान से विधायक

जयपुर, 12 फरवरी (का.सं.)। राजस्थान विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष और भाजपा के वरिष्ठ विधायक गुलाबचंद कटारिया को आज असम का राज्यपाल नियुक्त कर दिया गया है। कटारिया के साथ ही 13 राज्यपाल बदले गए हैं। कटारिया को राज्यपाल नियुक्त होने के बाद अब राजस्थान में नए नेता प्रतिपक्ष की तलाश भी तेज होगी। विधानसभा चुनाव से महज 10 महीने पहले नेता प्रतिपक्ष गुलाबचंद कटारिया को असम का राज्यपाल बनाए जाने लेकर भी कई तरह की चर्चाएं शुरू हो गई हैं।

उन्होंने फोन पर विधानसभा के बारे में जानकारी ली और तबीयत के बारे में कहा तब कटारियाजी ने कहा था कि, वह एकदम फिट और एक्टिव है। उसके बाद रविवार को सुबह राज्यपाल बनाने के आदेश आ गए। गुलाब चंद कटारिया भाजपा में सबसे वरिष्ठ विधायकों में माने जाते हैं। कटारिया लगातार विधायक चुनते आ रहे हैं। कटारिया 8 बार विधायक और एक बार पार्टी के सांसद रह चुके हैं। कटारिया का जन्म उदयपुर में 13 अक्टूबर 1944 को हुआ था उनके परिवार में पांच पुत्रियां और पत्नी हैं।

गुलाबचंद कटारिया 1977 में



गुलाब चंद कटारिया

कटारिया नेता प्रतिपक्ष रहे हैं और 2018 से अभी तक नेता प्रतिपक्ष के पद पर हैं।

नेता प्रतिपक्ष गुलाब चंद कटारिया संगठन में भी विभिन्न पदों पर रहे हैं। कटारिया ने अपने राज्य राजनीतिक जीवन की शुरुआत भारतीय जनता युवा मोर्चा से की थी। कटारिया 1977 से 1980 तक भारतीय जनता युवा मोर्चा के उपाध्यक्ष चुके हैं। 1980 से 1985 तक राजस्थान भाजपा के सचिव, 1986 से 1993 तक राजस्थान भाजपा के महासचिव और 1999 से 2000 तक प्रदेश भाजपा के अध्यक्ष भी रह चुके हैं। कटारिया के राज्यपाल बनने के बाद भाजपा नेताओं एवं कार्यकर्ताओं को बधाई देने वालों का तांता लग गया। इस दौरान विधायक कालीचरण सराफ, सांसद दिया कुमारी, ज्ञानदेव आहूजा सहित अनेक भाजपा नेता घर जाकर शुभकामनाएं दी।

- लम्बे समय से कटारिया को राज्यपाल बनाए जाने की चर्चाएं जोरों पर थी।
- अब राजस्थान में नए नेता प्रतिपक्ष की तलाश होगी तेज।
- 1977 में पहली बार चुने गए थे विधायक।

हालांकि गुलाब चंद कटारिया को लंबे समय से राज्यपाल नियुक्त किए जाने की चर्चाएं जोरों पर थी। कटारिया के राज्यपाल बनाने के साथ ही एक नई चर्चा जोरों पर शुरू हो गई है कि, आने वाले विधानसभा चुनाव में वरिष्ठ नेताओं के देखा जा रहा है क्या अब गुजरात चुनाव की तरह राजस्थान में भी नया प्रयोग करके वरिष्ठ नेताओं के टिकट काटे जाएंगे। इसके साथ ही कटारिया ने कहा कि, 2 दिन पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का फोन तबीयत के लिए आया था, पहली बार विधायक चुने गए थे और उसके बाद 1980 से 1985, 1993 से 1998, 1998 से 2003, 2008 से 2013, 2013 से 2018 और 2018 से अभी तक विधायक हैं।

इसके अलावा कटारिया 1989 से 1993 तक उदयपुर से लोकसभा के सांसद भी रह चुके हैं। गुलाब चंद कटारिया दो बार नेता प्रतिपक्ष रहे हैं और दो बार वसुंधरा सरकार में गृह मंत्री भी रहे हैं। 2009 से 2013 तक भी गुलाब चंद

### सुप्रीम कोर्ट को मिलेंगे दो नये जज

नई दिल्ली, 12 फरवरी (वार्ता)। मुख्य न्यायाधीश डी. वाई. चंद्रचूड़ सोमवार को न्यायमूर्ति राजेश कुमार बिंदल और न्यायमूर्ति अरविंद कुमार को उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश पद की शपथ दिलाएंगे।

न्यायमूर्ति बिंदल और न्यायमूर्ति कुमार के कार्यभार ग्रहण करने के साथ ही शीर्ष न्यायालय के लिए स्वीकृत कुल 34 न्यायाधीशों की संख्या पूरी हो

- इन नियुक्तियों के साथ सुप्रीम कोर्ट में कुल स्वीकृत 34 न्यायाधीशों की संख्या पूरी हो जायेगी।

जाएगी। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने इलाहाबाद उच्च न्यायालय के तत्कालीन मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति राजेश बिंदल और गुजरात उच्च न्यायालय के तत्कालीन मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति अरविंद कुमार को शीर्ष अदालत के न्यायाधीश के पद पर नियुक्ति को मंजूरी दी थी। केंद्रीय विधि एवं न्याय मंत्रालय के न्याय विभाग ने 10 फरवरी को दोनों

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# राष्ट्रपति मुर्मू ने 13 राज्यों में राज्यपालों के फेरबदल के आदेश जारी किये

नई दिल्ली, 12 फरवरी (वार्ता)। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने रविवार को विभिन्न राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के राज्यपालों का फेरबदल किये हैं।

इस बीच महाराष्ट्र के राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी और लद्दाख के उपराज्यपाल राधाकिशन माथुर ने रविवार को अपने पदों से इस्तीफा दे दिया। राष्ट्रपति ने हाथों-हाथ उनके इस्तीफे स्वीकार कर लिये।

छत्तीसगढ़ की राज्यपाल अनसुइया उइके को मणिपुर का दायित्व सौंपा गया है और आंध्र प्रदेश के राज्यपाल बी बी हरिचरण को उनकी जगह पर नियुक्त किया गया है।

लेफ्टिनेंट जनरल कैवल्य त्रिविक्रम परनाइक को अरुणाचल प्रदेश, लक्ष्मण प्रसाद आचार्य को सिक्किम, सी पी राधाकृष्णन को झारखंड, शिवप्रताप शुक्ला को हिमाचल प्रदेश, गुलाब चंद कटारिया को असम और न्यायमूर्ति (सेवानिवृत) एस अब्दुल नजीर को आंध्र प्रदेश का

- महाराष्ट्र के राज्यपाल भगत सिंह कोशयारी और लद्दाख के उपराज्यपाल राधाकिशन माथुर ने रविवार को अपने पदों से इस्तीफा दे दिया। राष्ट्रपति ने हाथों-हाथ उनके इस्तीफे स्वीकार कर लिये।
- सुप्रीम कोर्ट के पूर्व न्यायाधीश एस.ए नजीर को आंध्रप्रदेश का राज्यपाल बनाया गया है। जस्टिस नजीर सुप्रीम कोर्ट की उस बैंच का हिस्सा थे जिसने अयोध्या मामले में ऐतिहासिक फैसला सुनाया था। वे उस बैंच का भी हिस्सा थे जिसने तीन तलाक को अपराध घोषित किया था।

राज्यपाल नियुक्त किया गया है।

इसी प्रकार एल गणेशन (मणिपुर) को नगालैंड , फागू चौहान (बिहार) को मेघालय , राजेंद्र विश्वनाथ अर्लेकर (हिमाचल प्रदेश) को बिहार , रमेश बैस (झारखंड) को महाराष्ट्र , ब्रिगेडियर बी.डी. मिश्रा (अरुणाचल प्रदेश) को लद्दाख के उपराज्यपाल बनाया गया है।

ये नियुक्तियां राज्यपालों के पदभार ग्रहण की तिथि के साथ ही प्रभावी होंगी। इसी बीच सबसे ज्यादा चर्चित चल रहे पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिंदर सिंह को महाराष्ट्र का राज्यपाल बनाये जाने की अटकलों पर से विराम लग गया है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने जो आदेश जारी किया है, उसमें कैप्टन अमरिंदर सिंह का नाम नहीं है। कैप्टन अमरिंदर सिंह को महाराष्ट्र का राज्यपाल बनाये जाने की चर्चायें थीं।

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )




### 128 घंटों तक मलबे में दबी रही नवजात जिंदा मिली

अंकारा, 12 फरवरी। तुर्की में रविवार की सुबह तक मृतकों की संख्या 28000 से ज्यादा पहुंच गई है। भूकंप से एक तरफ जहां भारी हुआ है वहीं हैरत में डालने वाली कई ऐसी खबरें भी सामने आ

- तुर्की में यह नवजात पूरी तरह से ढह चुके एक घर में बेहोश मिली, जब उसे होश आया तो भूख-प्यास से व्याकुल नवजात उस व्यक्ति की उंगली चूसने लगी जिसने उसे गोद में ले रखा था।

रही हैं जिसे ईश्वर का चमत्कार ही कहेंगे। तुर्की के हेते प्रॉविंस में भूकंप से ढ़ह चुके घर में एक नवजात बच्ची मलबे के नीचे दबी रही और वह 128 घंटे के बाद रैस्क्यू में जीवित मिली है। इस बच्चे का एक वीडियो सामने आया है, जो काफी भावुक कर देने वाला है। 128 घंटे तक वह बच्चा भूख-प्यास से तड़पा होगा।

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# वरिष्ठ नेताओं को राज्यपाल बनाकर भाजपा ने राज्यों में अंदरूनी गुटबाजी को नियंत्रित करने प्रयास किया

## असम के नए राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया वर्तमान में राजस्थान विधानसभा में विपक्ष के नेता हैं और उन्हें राज्य में मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवारों में से एक के रूप में देखा जा रहा था

नई दिल्ली, 12 फरवरी। भाजपा ने चुनावी साल में कुल 13 राज्यों के राज्यपालों को बदल दिया है। जानकारों का मानना है कि, भाजपा हमेशा से ही कोई कदम बेहद सोच समझकर उठाती है। यहां भी माना जा रहा है कि पार्टी ने कई वरिष्ठ नेताओं को राज्यपाल बनाकर अपना काम आसान कर लिया है।

यह भी चर्चा है कि, भाजपा हाई कमान ने राजस्थान समेत कई राज्यों में अंदरूनी गुटबाजी से बचने के लिए, राज्यपाल बदलने का फैसला किया है।

असम के नए राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया वर्तमान में राजस्थान विधानसभा में विपक्ष के नेता हैं और उन्हें राज्य में मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवारों में से एक के रूप में देखा जा रहा था, जहां इस साल के अंत में चुनाव होंगे। राजस्थान इकाई में गुटीय विवाद को हल करने और चुनाव में एकजुट चेहरा सामने रखने के लिए संघर्ष कर रहे राष्ट्रीय नेतृत्व के साथ, कटारिया के गवर्नर पद पर पदोन्नति से उस पर दबाव कुछ कम हो सकता है। सूत्रों ने कहा कि यह कदम राज्य इकाई में शक्ति समीकरणों को भी बदल सकता है।

मेघालय और नागालैण्ड में 27 फरवरी को होने वाले विधानसभा चुनाव में मतदान होने के साथ, भाजपा के सूत्रों ने कहा कि पार्टी दोनों राज्यों के राजभवन में अनुभवी हाथ चाहती है।

दोनों राज्यों में राजनीतिक अस्थिरता और बार-बार राजनीतिक बदलाव का इतिहास रहा है। ऐसे में राज्यपाल चुनाव के बाद के परिदृश्य में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। जबकि

- राजस्थान इकाई में गुटीय विवाद को हल करने और चुनाव में एकजुट चेहरा सामने रखने के लिए संघर्ष कर रहे राष्ट्रीय नेतृत्व के साथ, कटारिया के गवर्नर पद पर पदोन्नति से उस पर दबाव कुछ कम हो सकता है। सूत्रों ने कहा कि, यह कदम राज्य इकाई में शक्ति समीकरणों को भी बदल सकता है।
- पूर्व लोकसभा सांसद और भाजपा के वरिष्ठ नेता सी पी राधाकृष्णन के तमिलनाडु इकाई से बाहर होने से प्रदेश अध्यक्ष के अन्नामलाई की स्थिति मजबूत हो सकती है। पार्टी सूत्रों के मुताबिक, राधाकृष्णन के प्रदेश अध्यक्ष के साथ 'मतभेद' थे और उनकी कार्यशैली को लेकर ''शिकायतें'' थीं।

वर्तमान में बिहार के राज्यपाल फागू चौहान को मेघालय भेजा गया है, मणिपुर के राज्यपाल और पश्चिम बंगाल में कार्यकारी राज्यपाल रहे ला गणेशन को नागालैंड का राज्यपाल नियुक्त किया गया है।

पूर्व लोकसभा सांसद और भाजपा के वरिष्ठ नेता सी पी राधाकृष्णन के तमिलनाडु इकाई से बाहर होने से प्रदेश अध्यक्ष के अन्नामलाई की स्थिति मजबूत हो सकती है। पार्टी सूत्रों के मुताबिक, राधाकृष्णन के प्रदेश अध्यक्ष के साथ 'मतभेद' थे और उनकी कार्यशैली को लेकर 'शिकायत' थी। अन्नामलाई के काम करने और राज्य इकाई का नेतृत्व करने के तरीके से भाजपा नेतृत्व काफी खुश है। कर्नाटक चुनाव के लिए अन्नामलाई को सह-प्रभारी नियुक्त करने का नेतृत्व का कदम इसका एक संकेत है। घटनाक्रम से परिचित एक पार्टी नेता ने कहा कि एक वफादार और प्रतिबद्ध पार्टी कार्यकर्ता राधाकृष्णन अब शांत हो गए हैं।

### लोकसभा सचिवालय से राहुल को नोटिस

नई दिल्ली, 12 फरवरी। लोकसभा सचिवालय ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संबंध में बयान को लेकर विशेषाधिकार हनन के नोटिस पर कांग्रेस सांसद राहुल गांधी से 15 फरवरी तक जवाब तलब किया है।

सचिवालय ने राहुल गांधी को भाजपा सदस्यों की ओर से दिये गये विशेषाधिकार हनन नोटिस पर जवाब

- राहुल गांधी से प्र.मंत्री पर टिप्पणी के मामले में 15 फरवरी तक जवाब तलब किया गया है।

देने को कहा है। दरअसल, भाजपा सांसदों- निशिकांत दुबे और संसदीय मामलों के मंत्री प्रहलाद जोशी की ओर से राहुल के खिलाफ विशेषाधिकार हनन का नोटिस दिया गया है, जिस पर सचिवालय ने 10 फरवरी को गांधी को एक पत्र लिखकर अपना जवाब 15 फरवरी तक लोकसभा अध्यक्ष के

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## विचार बिन्दु

**मस्तिष्क इन्द्रियों की अपेक्षा महान है, शुद्ध बुद्धिमत्ता मस्तिष्क से महान है, आत्मा बुद्धि से महान है, और आत्मा से बढकर कुछ भी नहीं है।**

**–स्वामी शिवानंद**

# आज विश्व रेडियो दिवस है!

यह दिवस संयुक्त राष्ट्र संघ के एक घटक यूनेस्को की पहल पर मनाया जाता है और यहीं यह भी बता देना उपयुक्त होगा कि संयुक्त राष्ट्र संघ जो अनेक अंतर्राष्ट्रीय दिवस मनाता है, उनमें रेडियो दिवस सर्वाधिक लोकप्रिय दिवसों में से एक है। हर बरस दुनिया भर के असंख्य रेडियो स्टेशन बड़े उत्साह के साथ इस दिन को मनाते हैं और संयुक्त राष्ट्र संघ की इस दिन के निमित्त निर्मित आधिकारिक वेबसाइट को लाखों हिट्स प्राप्त होते हैं। यूनेस्को यह दिन इस भावना से मनाता है कि रेडियो प्रसारकों के बीच अंतर्राष्ट्रीय सहयोग में वृद्धि हो और विभिन्न नीति निर्माता रेडियो के माध्यम से आम जन तक अधिकाधिक सूचनाएं पहुंचाने के लिए प्रोत्साहित हों। इस दिन अर्थात 13 फरवरी को विश्व रेडियो दिवस मनाये जाने का कारण यह है कि सन 1946 में इसी दिनसंयुक्त राष्ट्र रेडियो प्रारम्भ हुआ था। सन 2011 में यूनेस्को की जनरल कॉन्फ्रेंस ने स्पेन के प्रारम्भिक सुझाव को मानते हुए इस तारीख को विश्व रेडियो दिवस के रूप में मनाने की घोषणा की और इससे अगले बरस अर्थात 2012 में संयुक्त राष्ट्र संघ की साधारण सभा ने इस दिन को विश्व रेडियो दिवस के रूप में मनाये जाने की आधिकारिक घोषणा की। संयुक्त राष्ट्र संघ हर बरस इस दिन के लिए कोई थीम घोषित करता है। अतीत में लैंगिक समानता, युवा, खेलकूद, विविधता जैसे विषय इस दिन के थीम रहे हैं। इस साल अर्थात 2023 में थीम रखा गया है – रेडियो और शांति।

पिछले कुछ बरसों में हुई अभूतपूर्व तकनीकी प्रगति के कारण भले ही हमारे जीवन में सूचना और मनोरंजन के अनेक नए माध्यम आ गए हैं, यह बात कम चमत्कार पूर्ण नहीं है कि उन सबके बावज़ूद रेडियो अभी भी हमारी ज़िंदगी से विस्थापित नहीं हुआ है। अलबत्ता उसके स्वरूप में, और विषय वस्तु में भी बहुत सारे बदलाव हुए हैं। कभी रेडियो एक बहुत बड़े उपकरण पर सुना जाता था और हर आम व्यक्ति की पहुंच भी उस तक नहीं थी। मोहल्लों में जिन घरों के ऊपर रेडियो का संकेत ठाहण करने वाले तार, जिन्हें एरियल कहा जाता था और जो इण्डोर और आउटडोर दोनों किस्मों के होते थे, लगे होते थे उन घरों को अतिरिक्त सम्मान और ईर्ष्या के साथ देखा जाता था। बुजुर्गों को तो शायद यह बात भी याद होगी, और युवाओं को इसे पढ़कर आश्चर्य भी होगा कि एक समय था जब भारत में रेडियो सुनने के लिए बाकायदा शुल्क देकर लाइसेंस प्राप्त करना होता था और हर बरस उस लाइसेंस का नवीनीकरण करवाना होता था।यह काम डाकघर में जाकर करवाना होता था। आहिस्ता-आहिस्ता बड़े -वाल्व वाले- रेडियो का स्थान छोटे ट्रांज़िस्टरों ने लिया, फिर उनका आकार और छोटा होता गया और आज तो हालत यह है कि सस्ते से सस्ते मोबाइल हैण्डसेट में भी एक रेडियो होता है। इसी के साथ प्रसारण की गुणवत्ता में भी बहुत सुधार हुआ है। पहले जहां विभिन्न किस्म की खड़खड़ाहटों के बीच समाचार या संगीत सुनकर हम स्वयं को कृतार्थ मान लेते थे, आज स्टीरियोफॉनिक ध्वनि भी हमें संतुष्ट नहीं करती है। एफएम रेडियो और उसके डिजिटल रूपान्तरण ने हमारे रेडियो सुनने के अनुभव को आमूल चूल बदल दिया है। एक ज़माना था जब भारत में रेडियो पर फ़िल्मी गाने प्रसारित होने पर बंदिश थी और यही वह ज़माना था जब भारतीय श्रोताओं को रेडियो सीलोन का रुख करते देख कर उन्हें फिर से अपने देश के प्रसारण की तरफ खींचने के लिए विविध भारती की स्थापना की गई थी। आज एफएम चैनल सब कुछ प्रसारित करते हैं – सब कुछ। पहले रेडियो पर सरकार का एकाधिकार था, अब निजी क्षेत्र भी सरकार को कड़ी टक्कर दे रहा है। बहुत कुछ बदला है। अगर नहीं बदला है तो वह है रेडियो का महत्व, और उसकी उपादेयता।

सामान्यत: यह माना जाता है कि विश्व का पहला रेडियो प्रसारण सन 1895 में एक इतालवी युवा मारकोनी ने एक अस्थायी रूप से स्थापित किए गए प्रसारण केंद्र से किया था। असल में तो यह महज़ तकनीकी रूप से ही एक प्रसारण था क्योंकि इसमें मारकोनी ने रेडियो तरंगों के माध्यम से केवल मोर्सकोड को प्रसारित किया था। वैसे तब यह भी इतना बड़ा करिश्मा था कि सन् 1906 में इसके अर्थात वायरलेस टेलीग्राफी के विकास में योगदान के लिए लिए मारकोनी को एक जर्मन वैज्ञानिक फर्डिनंडब्राउन के साथ साझे रूप से भौतिक शास्त्र का नोबल पुरस्कार प्रदान किया गया। इसके बाद अनेक लोगों के अनथक प्रयासों के बाद सन 1905-06 में प्रायोगिक तौर पर वृहत्तर समुदाय के लिए संगीत और वार्ताओं का प्रसारण होने लगा तथा 1920 के बाद से व्यावसायिक रूप से रेडियो प्रसारण होने लगे।

**पहली नज़र में यह बात बहुत आश्चर्यजनक लग सकती है कि खूब सारे तकनीकी बदलावों के बावज़ूद रेडियो हमारी ज़िंदगी से न केवल विस्थापित नहीं हुआ है, यह और अधिक मज़बूती से उसका हिस्सा बन गया है। थोड़ा ठहर कर विचार करने पर हम पाते हैं कि इस चमत्कार के मूल में कुछ ख़ास बातें हैं। पहली बात तो यह कि रेडियो बहुत सस्ता और सहज माध्यम है।**

शुरुआती दौर में सारे रेडियो प्रसारण लॉन्गवेव, मीडियमवेव और शॉर्टवेव पर होते थे जो बाद में वेरी हाई फ्रीक्वेंसी और अल्ट्रा हाई फ्रीक्वेंसी पर होने लगे। 1920 तक आते-आते रेडियो ने लोगों के जीवन में अपनी जगह बना ली थी और दुनिया भर में संगीत, समाचार, खेलकूद, नाटक आदि का प्रसारण करने वाले करीब 500 केंद्र खुल चुके थे। 1930 तक आते-आते तो अमरीका और यूरोप के हर घर में कम से कम एक रेडियो सेट होने लगा था।

हमारे अपने देश भारत में भले ही आज हम रेडियो को ऑलइण्डिया रेडियो या आकाशवाणी का पर्याय मानते हों, तथ्य यह है कि हमारे देश में प्रसारण की शुरुआत ऑल इण्डिया रेडियो के अस्तित्व में आने से 13 बरस पहले हो चुकी थी। जून 1923 में बॉम्बे के रेडियो क्लब ने पहला प्रसारण किया था और इसके पांच माह बाद कलकत्ता रेडियो क्लब शुरू हो गया था। 23 जुलाई 1927 को द इण्डियन ब्रॉड्कास्टिंग कम्पनी की स्थापना हुई लेकिन बहुत जल्दी यह कम्पनी दिवालिया घोषित हो गई। अप्रेल1930 में उद्योग और श्रम मंत्रालय के अधीन शुरू की गई भारतीय प्रसराण सेवा ने प्रायोगिक आधार पर प्रसारण शुरू किया और इसके एक माह बाद एक निजी रेडियो स्टेशन आकाशवाणी मैसूर की स्थापना हुई। 1937 में सेण्ट्रल न्यूज़ ऑर्गेनाइज़ेशन की स्थापना हुई और उसी बरस संचार मंत्रालय के अधीन ऑल इण्डिया रेडियो की स्थापना हुई। चार बरस बाद इसे सूचना और प्रसारण मंत्रालय को सौंप दिया गया।

जब देश आज़ाद हुआ, भारत में केवल छह रेडियो स्टेशन थे और इनकी पहुंच देश की मात्र 11 प्रतिशत आबादी और ढाई प्रतिशत क्षेत्र तक थी। भारतीय प्रसारण सेवा को इसका अब प्रचलित नाम आकाशवाणी 1956 में मिला। 1957 में लोकप्रिय फिल्म संगीत प्रसारित करने वाले विविध भारती की शुरुआत हुई। आज भारत का प्रसारण तंत्र दुनिया के सबसे बड़े प्रसारण तंत्रों में गिना जाता है। दो सौ साठ से ज़्यादा केंद्रों वाली आकाशवाणी की पहुंच लगभग पूरे भारत की सारी आबादी तक है। इसके कार्यक्रम 23 भाषाओं और 146 बोलियों में होते हैं। हमारी आकाशवाणी की समाचार सेवा हर रोज़ कुल 56 घण्टों की अवधि के करीब साढ़े छह सौ समाचार बुलेटिन 90 भाषाओं-बोलियों में प्रसारित करती है। कालांतर में आकाशवाणी ने एमएम प्रसारण भी शुरू कर दिये। अब सरकार ने निजी प्रसारकों को भी अपने एफएम रेडियो स्टेशन चलाने की अनुमति दे दी है और उन्हें खूब सुना जाता है। खुद आकाशवाणी भी रेनबो के नाम से अठारह स्टीरियोफॉनिक एफएम स्टेशन चलाती है। निजी क्षेत्र अभी देश के 85 शहरों से करीब ढाई सौ एफएम चैनल चला रहा है और उम्मीद की जाती है कि जल्दी ही यह संख्या बढ़कर करीब तीन सौ शहरों में साढ़े आठ सौ स्टेशन तक जा पहुंचेगी। इनके अलावा बहुत सारे कम्युनिटी रेडियो स्टेशन भी देश में चल रहे हैं। यहीं यह भी बता देना आवश्यक है कि इण्टरनेट के माध्यम से आज हम दुनिया का कोई भी रेडियो स्टेशन आसानी से सुन सकते हैं।

पहली नज़र में यह बात बहुत आश्चर्यजनक लग सकती है कि खूब सारे तकनीकी बदलावों के बावज़ूद रेडियो हमारी ज़िंदगी से न केवल विस्थापित नहीं हुआ है, यह और अधिक मज़बूती से उसका हिस्सा बन गया है। थोड़ा ठहर कर विचार करने पर हम पाते हैं कि इस चमत्कार के मूल में कुछ ख़ास बातें हैं। पहली बात तो यह कि रेडियो बहुत सस्ता और सहज माध्यम है। इसे आप कहीं भी सुन सकते हैं, और सुनते समय यह ज़रूरी नहीं होता कि आप दूसरे काम छोड़कर इसे सुनें। बल्कि प्राय: तो और काम करते हुए ही रेडियो को सुना जाता है। दूसरी बात यह कि इसका लाभ आप बिना कोई खर्चा किए उठा सकते हैं। फिर यह बात भीकि इसके कार्यक्रमों में बहुत अधिक विविधता होती है और विविधता के साथ-साथ स्थानीयता इसकी बहुत बड़ी ताकत है। और अंतिम बात यह कि इसने बदलते वक्त की तकनीक के साथ कदम से कदम मिलाकर चलने में विश्वास किया है।


आज विश्व रेडियो दिवस पर यह कामना करना प्रासंगिक लग रहा है कि यूनेस्को ने इस दिन के लिए जो थीम निर्धारित किया है उसका निर्वहन करते हुए रेडियो इस धरती पर शांति स्थापित करने के अपने प्रयासों में कामयाब हो और हमारी दुनिया को जीने काबिल और खूबसूरत बनाने में अपनी भूमिका अदा करता रहे।

**–अतिथि सम्पादक,**
**डॉ. दुर्गाप्रसाद अग्रवाल**
**( शिक्षाविद और साहित्यकार )**

# सांखड़ा गांव की पहाड़ियों में पैंथर दिखाई देने से ग्रामीणों में दहशत

**खेतड़ी,** (निसं)। खेतड़ी उपखंड के सांखड़ा गांव की पहाड़ियों में रविवार को एक पैंथर दिखाई देने से ग्रामीणों में दहशत का माहौल बन गया। लेकिन वन विभाग की टीम ने दो घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद पैंथर को ट्रेकुलाईज कर लिया। पैंथर के पिछले पांव में चोट लगी है जिसे इलाज के लिए नाहरगढ बायोलॉजिकल पार्क ले जाया गया है। सांखडा गांव की पहाडियों में पैंथर की सूचना पर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंच कर पैंथर का रेस्क्यू करने में जुटी गई।

- **वन विभाग की टीम ने दो घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद पैंथर को किया ट्रेकुलाइज**
- **पैंथर को इलाज के लिए नाहरगढ़ बायोलॉजिकल पार्क ले जाया गया**



**वन विभाग की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद पैंथर को ट्रेकुलाइज किया, पैंथर के पिछले पांव में चोट लगी है।**

वन विभाग के रैंजर विजय कुमार फगेडिया ने बताया कि ग्रामीणों की ओर से सूचना दी गई की सांखडा गांव में एक पैंथर आ गया है, जिसकी सूचना पर सैकडों ग्रामीण एकत्रित हो गए। इस दौरान वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची तथा मौके का निरीक्षण किया गया। उन्होंने बताया कि एक पैंथर गांव के पास अस्थाई नर्सरी व आबादी भूमि से कुछ दूरी पर बैठा हुआ है, जिसका रेस्क्यू के लिए टीम भी मौके पर पहुंच गई है। गांव की पहाडी की स्थिति का जायजा लिया गया। ग्रामीणों के एकत्रित होने के बाद भी पैंथर वहां से नहीं हटने पर पैंथर के बीमार होने का अंदेशा हुआ जिस पर जयपुर जुहू से डॉक्टर अरविंद माथुर के नेतृत्व में डॉक्टर्स की टीम भी मौके पर बुलाई गई।

रेंजर फगेडिया ने बताया कि इस संबंध में उच्च अधिकारियों को भी अवगत करवाया गया है। उन्होंने बताया कि दो घंटे की कडी मशक्कत के बाद डॉ. अरविंद माथुर के नेतृत्व में टीम ने पैंथर को ट्रेकुलाइज कर लिया। फगेडिया ने बताया कि पैंथर के पिछले पांव में चोट लगी हुई है। पैंथर को खेतड़ी रेंज कार्यालय में बने रेस्क्यू सेंटर में ले जाया जा रहा है, प्राथमिक उपचार के बाद सामने आया कि पैंथर के पिछले पांव में चोट लगी हुई है जिसे नाहरगढ बायोलॉजिकल पार्क ले जाया गया है और ईलाज के बाद वापस उसे खेतड़ी अभ्यारण की टेरिटरी में छोड दिया जाएगा। फगेडिया ने बताया कि उन्होंने ग्रामीणों से भी अपील की थी कि वह पैंथर के पास न जाएं क्योंकि जानवर कभी भी अटैक कर सकता है, ग्रामीणों ने भी पैंथर को रेस्क्यू करने में काफी सहयोग किया। जानकारी के अनुसार खेतड़ी बांसियाल रिजर्व कंजर्वेशन में लगातार पैंथर का कुनबा बढ रहा है। बांसियाल कंजर्वेशन का कार्य अभी चल रहा है। रिजर्वेशन की चारदीवारी का कार्य पूरा नहीं होने के कारण अक्सर जंगली जानवर आबादी क्षेत्र में घुस आते हैं, जिसकी सूचना पर वन विभाग की टीम उन्हें ट्रेक्युलाइज कर वापस जंगल में ले जाकर छोड देती है। कई बार जंगली जानवर आबादी क्षेत्र में मवेशी व जानवरों का शिकार भी कर चुके हैं।

रेंजर विजय कुमार फगेडिया का कहना है कि बासियाल कंजर्वेशन का कार्य अभी प्रगति पर है, जल्द ही पूरा होने के बाद जंगली जानवर बाहर नहीं आ पाएंगे और यह क्षेत्र लोगों के लिए पर्यटन का क्षेत्र भी बन जाएगा। राज्य सरकार की ओर से जारी किए गए बजट में बांसियाल कंर्जेवेशन के विस्तार करने की घोषणा की है। पैंथर को ट्रेकुलाइज करने वाली जयपुर टीम के डॉक्टर अरविंद माथुर ने बताया कि जैसे ही उनके पास पैंथर की सूचना मिली वे तुरंत जयपुर से रवाना हो गए और खेतड़ी पहुंच कर उन्होंने हालात का जायजा लिया और एक ही गन शॉट में बिना किसी जनहानि और पैंथर को नुकसान पहुंचाए बिना पैंथर को ट्रेकुलाइज कर लिया।

निर्मल तिवाडी वाइल्ड लाइफ एक्सपर्ट के अनुसार पैंथर के पिछले पांव में चोट लगने की बात सबसे पहले वरिष्ठ पत्रकार वाइल्डलाइफ एक्सपर्ट निर्मल तिवाडी ने फोटो देखकर बताई थी कि यह 10 से 15 वर्ष का मेल पैंथर है और इसके पिछले पांव में चोट लगी हुई है।

# गृह कार्य नहीं करने पर शिक्षक ने नौ साल के छात्र को बेरहमी से पीटा

**अनूपगढ़,** (निसं)। तहसील क्षेत्र के गांव 71 जीबी के एक निजी विद्यालय के एक टीचर को कक्षा 3 के एक छात्र का गृहकार्य कर स्कूल नहीं आना ऐसा नागवार गुजरा कि उसने बालक की बेरहमी से पिटाई कर दी। मामले में अनूपगढ़ पुलिस थाने में बालक के पिता की रिपोर्ट के आधार पर मामला दर्ज किया गया है।

बालक के पिता ने बताया कि जब वह रात को घर आया तो उसके बेटे ने उसके पैर में दर्द होने और अध्यापक की तरफ से मारपीट करने की बात बताई। जब उसने लोकेश के पैर देखे तो उसके पैरों पर डंडे के निशान थे। कमर के नीचे भी डंडों के निशान थे और पैर में सूजन आई हुई थी। जिसकी शिकायत उन्होंने स्कूल के प्रिंसीपल से भी की थी। इस शिकायत को लेकर लोकेश के माता पिता लोकेश को लेकर पुलिस थाना पहुंचे और कानूनी कार्रवाई के लिए परिवाद दिया।


पुलिस थाना के एसआई इमरान खान ने बताया कि बालक के पिता राजेंद्र कुमार उर्फ बीरबल राम निवासी 86 जीबी ने दी गई रिपोर्ट में बताया कि उसका बेटा लोकेश 9 वर्ष का है,जोकि गांव 71 जीबी के केएस पब्लिक सीनीयर सैकेण्डरी स्कूल में कक्षा 3 में पढ़ता है। उसका बेटा 78 जीबी के सरकारी स्कूल में वार्षिकोत्सव में चला गया था। जिस वजह से वह उस दिन स्कूल नहीं जा पाया। दूसरे दिन जब वह स्कूल गया तो वहां के टीचर मुकेश कुमार ने उसके बच्चे को स्कूल नहीं आने और उसका होमवर्क पूरा नहीं होने के कारण उसे डंडे से पीटा। जिसके निशान उसकी पीठ पर है। इतना ही नहीं डंडा टूटने पर उसके बेटे को मुक्कों और थप्पड़ो से पीटा। जिससे उसके बच्चे के पीठ पर आज भी सारे निशान पड़े है। बालक के पिता ने निजी स्कूल के अध्यापक पर कानूनी कार्रवाई करने के आरोप में प्रार्थना पत्र दिया है।अनूपगढ़ पुलिस थाने के कार्यवाहक थानाधिकारी इमरान खान ने बताया कि बच्चे के पिता की रिपोर्ट के आधार पर मामला दर्ज कर लिया गया है।मामले की निष्पक्ष जांच की जा रही है। इस मामले में जो भी व्यक्ति दोषी पाया जाएगा उसके खिलाफ नियमानुसार कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## परीक्षा सम्पन्न

**अजमेर,** (कासं)। राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित वरिष्ठ अध्यापक (संस्कृत शिक्षा विभाग) प्रतियोगी परीक्षा 2022 का आयोजन 12 से 15 फरवरी तक 11 जिलों में किया जा रहा है। परीक्षा के प्रथम दिन ग्रुप-ए एवं ग्रुप-बी की सामान्य ज्ञान एवं शिक्षा मनोविज्ञान प्रश्न पत्र की परीक्षा का आयोजन किया गया। आयोग के संयुक्त सचिव आशुतोष गुप्ता ने बताया कि इस परीक्षा में ग्रुप-ए के 126929 पंजीकृत अभ्यर्थियों में से 59207 अभ्यर्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए। ग्रुप-बी के 128266 पंजीकृत अभ्यर्थियों में से 57974 अभ्यर्थियों द्वारा परीक्षा में भाग लिया गया। इस तरह ग्रुप-ए की परीक्षा में अभ्यर्थियों का उपस्थिति प्रतिशत 45.65 तथा ग्रुप-बी की परीक्षा में 45.20 रहा।

# तीर्थ स्थल देवयानी सरोवर की एक साल से नहीं हुई सफाई

**सांभरझील,** (निसं)। सभी तीर्थों की नानी के नाम से प्रदेश भर में विख्यात देवयानी सरोवर विगत 1 साल से सफाई को तरस रहा है। सरोवर के पानी में गंदगी कीचड़ जमा होने से बदबू मार रहा है। सरोवर पर स्थित कर्मकांड घाट पर एकत्रित हुई पूजा सामग्री, व्यर्थ कपड़े, नारियल सरोवर के जल में व आसपास आसपास पड़े हुए हैं। सरोवर में कमल के सूखे पत्ते गल कर पानी के तल में दलदल के रूप में जमा हो गए हैं। सरोवर के जल में हजारों की तादाद में मछलियां और काफी कछुए हैं जिनके जीवन पर पानी की लगातार हो रही कमी से गहरा संकट खड़ा होने का अंदेशा हो गया है।



**सभी तीर्थों की नानी के नाम से प्रदेशभर में विख्यात देवयानी सरोवर में गंदगी फैली हुई है।**

- **गंदगी और कीचड़ जमा होने से बदबू मार रहा है सरोवर का पानी**
- **सरोवर के जल में हजारों की तादाद में मछलियां और काफी कछुए हैं**
- **जीवों के जीवन पर पानी की लगातार हो रही कमी से गहरा संकट का अंदेशा**

पर्यटन और पुरातत्व विभाग दोनों की ओर से यहां पर कराए गए करोड़ों के विकास कार्य के बाद कभी दोबारा यहां पर आकर दृष्टिपात नहीं किया। खास बात यह है कि प्रदेश में विख्यात इस तीर्थ स्थल को लेकर कोई भी डिपार्टमेंट गंभीर नहीं है और ना ही इसके संरक्षण एवं रखरखाव की दिशा में कोई प्रभावी कदम उठाए गए हैं। सरोवर में एकत्रित हुए पानी में जमा गंदगी की वजह से आने वाले प्रतिदिन सैकड़ों श्रद्धालुओं की भावनाएं आहत होती है। यहां के तमाम जनप्रतिनिधि भी अपनी सक्रिय भूमिका अदा करना ही भूल गए हैं जिसकी वजह से पर्यटन नगरी के हालात दिनों दिन और ज्यादा अवनति की ओर बढ़ रहे हैं।

सरोवर पर आने वाले श्रद्धालुओं को कुंड में गंदगी फेंकने से रोकने के लिए प्रशासन की ओर से कोई भी इंतजाम नहीं है और न हीं यहां पर आने वाले श्रद्धालुओं को कोई सुविधा मुहैया कराई जाती है। लोगों का कहना है कि सरकार के करोड़ों रुपए के कराए गए विकास कार्य के बावजूद भी देवयानी तीर्थ स्थल का लुक अजमेर के पुष्कर की तरह निखर कर नहीं आ पा रहा है।

जानकारी में आया है कि सांभर में आगामी 17 फरवरी से होने वाले सांभर फेस्टिवल को लेकर जयपुर के बड़े अधिकारी ने यहां की लोकेशन को देखा था और तीर्थ स्थल पर माकूल सफाई व्यवस्था नहीं होने को लेकर नाराजगी जताते हुए संबंधित विभाग को भी लताड़ पिलाई थी। बताया गया कि सरोवर पर नियमित साफ-सफाई को लेकर विभिन्न घाटों पर स्थित मंदिर के पुजारियों की ओर से भी अनुरोध किया गया लेकिन स्थाई समाधान आज तक नहीं निकल रहा है।

पंडित रतन शर्मा से बात करने पर उन्होंने बताया कि देवयानी तीर्थ स्थल के वजूद को यदि बचाना है तो इसके लिए सरकार को ठोस कदम उठाने होंगे पर्यटन और पुरातत्व विभाग की यहां पर शाखा खोलनी होगी। इसके अलावा पालिका प्रशासन की तरफ से स्थाई ड्यूटी के लिए कर्मचारियों को तैनात करना होगा। प्रशासन को चाहिए कि इसके लिए एक अभियान चलाकर मजबूत संसाधनों के साथ सरोवर से पूरी गंदगी और कीचड़ निकाला जाए ताकि तीर्थ स्थल पवित्रता और सुंदरता बनी रह सके।

## राशिफल



पंडित अनिल शर्मा

**सोमवार 13 फरवरी, 2023**

फाल्गुन मास, कृष्ण पक्ष, सप्तमी तिथि, सोमवार, विक्रम संवत 2079, विशाखा नक्षत्र रात्रि 2:35 तक, वृद्धि योग दिन 2:16 तक, बव करण प्रात: 9:46 तक, चन्द्रमा रात्रि 8:37 से वृश्चिक राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थिति:** सूर्य-मकर, चन्द्रमा-तुला, मंगल-वृष, बुध-मकर, गुरू-मीन, शुक्र-कुम्भ, शनि-कुम्भ, राहु-मेष, केतु-तुला राशि में।

आज यमघट योग सूर्योदय से रात्रि 2:35 तक है। सर्वार्थ सिद्धि योग रात्रि 2:35 से सूर्योदय तक है। आज फाल्गुन संक्रांति, सूर्य कुम्भ में प्रवेश प्रात: 9:45 पर होगा। पूण्यकाल सांय 4:09 तक है। आज श्री नाथ पाटोत्सव नाथ द्वारा, कालाष्टमी, जानकी जयन्ती है।

**सर्वश्रेष्ठ चौघड़िया:** अमृत सूर्योदय से 8:32 तक, शुभ 9:55 से 11:18 तक, चर 2:04 से 3:27 तक, लाभ-अमृत 3:27 से सूर्यास्त तक।

**राहूकाल:** 7:30 से 9:00 तक। सूर्योदय 7:09, सूर्यास्त 6:13

**मेष**
व्यावसायिक कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा। व्यावसायिक कार्यों में प्रगति होगी और व्यावसायिक आय में वृद्धि होगी। संभावित स्रोत से धन प्राप्त होगा। परिवार में धार्मिक-सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं।

**वृष**
विवादित मामलों से राहत मिल सकती है। अस्त-व्यस्त दिनचर्या में सुधार होगा। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। व्यावसायिक कार्यों पर ध्यान देना ठीक रहेगा। व्यावसायिक कार्यों में प्रगति होगी।

**मिथुन**
व्यावसायिक कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा। व्यावसायिक अनुबंध प्राप्त होंगे। नवीन कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आर्थिक मामलों में संतुलन बनाए रखना ठीक रहेगा।

**कर्क**
घर-परिवार के कार्यों में व्यस्तता बनी रहेगी। परिवार में वाद-विवाद टालना ठीक रहेगा। पारिवारिक कार्यों के कारण भागदौड़ रहेगी। व्यावसायिक आर्थिक मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा।

**सिंह**
व्यावसायिक कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा। व्यावसायिक प्रयासों में उचित सफलता मिलेगी। व्यावसायिक कार्यों पर नियंत्रण बना रहेगा। परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे। परिजनों के सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है।

**कन्या**
आर्थिक/वित्तीय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आय में वृद्धि होगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक स्थिति ठीक रहेगी। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा।

**तुला**
मन:स्थिति ठीक रहेगी। मानसिक तनाव से राहत मिलेगी। आवश्यक और महत्वपूर्ण कार्य योजनानुसार बनने लगेंगे। व्यावसायिक कार्यों में आ रही अड़चनें दूर होने लगेंगी। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**वृश्चिक**
घर-परिवार के कार्यों के कारण भागदौड़ रहेगी। परिवार में आपसी अनबन-मतभेद बढ़ सकते हैं। परिवार में स्वास्थ्य संबंधित परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। आज अनावश्यक धन खर्च होगा।

**धनु**
आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। आय में वृद्धि होगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक कार्यों से संबंधित आर्थिक समस्या का समाधान हो सकता है। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा।

**मकर**
व्यावसायिक कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा। व्यावसायिक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। नवीन कार्यों में उचित सफलता मिलेगी। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा।

**कुंभ**
नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। व्यावसायिक स्थिति ठीक रहेगी। व्यावसायिक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। महत्वपूर्ण कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा।

**मीन**
अपनी कार्य योजना को सीमित रखें। आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है। बनते कार्य बिगड़ सकते हैं। आज नवीन कार्यों को टालना ठीक रहेगा। यात्रा टालना ठीक रहेगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

# अडाणी के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे आप कार्यकर्ताओं पर लाठीचार्ज



आम आदमी पार्टी के प्रदर्शन कर रहे कार्यकर्ताओं पर पुलिस ने लाठीचार्ज किया। इसके बाद प्रभारी व अन्य सदस्यों को गिरफ्तार कर लिया।

**जयपुर।** मोदी सरकार और उद्योगपति गौतम अडाणी के खिलाफ राजधानी जयपुर में रविवार को प्रदर्शन कर रहे आम आदमी पार्टी (आप) के कार्यकर्ताओं पर पुलिस ने लाठीचार्ज किया। जैसे ही प्रदर्शनकारियों की विरोध रैली सहकार मार्ग से बीजेपी ऑफिस की ओर रवाना हुई तो पुलिस ने लाठीचार्ज कर उन्हें खदेड़ दिया। जिसमें आधा दर्जन से ज्यादा प्रदर्शनकारियों को चोट भी आई है। इस दौरान पुलिस ने चुनाव प्रभारी विनय मिश्रा समेत 2 दर्जन से ज्यादा कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार कर लिया।

> ■ 'कांग्रेस-बीजेपी एक ही थैली के चट्टे-बट्टे'

विनय मिश्रा ने राजस्थान की कांग्रेस सरकार पर भी अडानी से गठबंधन का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि राजस्थान सरकार की पुलिस हमें बेवजह परेशान कर लाठीचार्ज कर रही है। जिससे राजस्थान की जनता बीजेपी-कांग्रेस और अडानी के गठबंधन को समझ चुकी है। कांग्रेस-बीजेपी भी एक ही थैली के चट्टे-बट्टे है। केंद्र सरकार आम जनता की आवाज दबा नहीं सकती है। मोदी सरकार ने जनता की गाढ़ी कमाई उद्योगपति गौतम अडानी को देखकर बड़ा घोटाला किया है। जिसके खिलाफ आज हम बीजेपी मुख्यालय तक रैली निकालने वाले थे, लेकिन पुलिस ने हम पर ही लाठीचार्ज कर हमारी आवाज को कुचलने का काम किया है। राजस्थान में आम आदमी पार्टी ने जिला स्तर पर अपने संगठन को विस्तार देने के साथ ही विधानसभा चुनाव में 200 सीटों पर चुनाव लड़ने का ऐलान किया है। ऐसे में चुनावी साल में जयपुर में बड़ा प्रदर्शन कर पार्टी आम जनता में संदेश देना चाहती थी, लेकिन हम डरने वाले नहीं है। हम केंद्र की मोदी सरकार की हकीकत आम जनता तक पहुंचा कर रहेंगे। ऐसे में जब तक केंद्र सरकार गौतम अडानी घोटाले की जेपीसी बनाकर जांच नहीं करवाती है। राजस्थान समेत देशभर में हमारा विरोध जारी रहेगा। मिश्रा ने कहा कि राजस्थान की कांग्रेस सरकार भी उद्योगपति गौतम अडानी के साथ मिल गई है। यही कारण है कि आज बेवजह आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं पर राजस्थान पुलिस लाठियां बरसा रही है। मिश्रा ने कहा कि केंद्र सरकार छोटी-छोटी बातों पर विपक्षी नेताओं पर सीबीआई, इनकम टैक्स और ईडी की रेड करा देती है। लेकिन उद्योगपति गौतम अडानी के मामले में केंद्र सरकार ने चुप्पी साध रखी है। क्योंकि गौतम अडानी नरेंद्र मोदी के खास दोस्त हैं। उन्होंने कहा कि अरविंद केजरीवाल पिछले 10 साल से यह बात कह रहे हैं, कि अडानी जैसे उद्योगपतियों को फायदा पहुंचाया जा रहा है। अब आम जनता को भी यह बात समझ में आने लग गई है। इसलिए इस बार चुनाव में जनता को वोट के माध्यम से इसका जवाब देगी।

## प्रदेश में आज कोई नया संक्रमित नहीं मिला

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर।** प्रदेश में रविवार को करोना संक्रमण का कोई भी नया मामला सामने नहीं आया है। वहीं इस बीच छह संक्रमितों के ठीक होने से एक्टिव केस घटकर 6 रह गए हैं।

प्रदेश में रविवार को किसी भी जिले में एक भी नया संक्रमित नहीं मिला है। इससे पहले राज्य में शनिवार को दो रोगी पाए गए थे। इधर राजधानी जयपुर में भी आज लगातार दूसरे दिन भी कोई नया संक्रमित नहीं पाया गया है।

उधर प्रदेश में पिछले चौबीस घंटों में 5 मरीज के रिकवर होने से एक्टिव केस घटकर 6 रह गए हैं। इनमें जयपुर में 4 और उदयपुर में 2 मामले है। राज्य में रविवार को करोना से किसी भी मरीज की मौत नहीं हुई है। प्रदेश में अब तक इस बीमारी से 9654 लोगों की मौत हो चुकी है। प्रदेश में रविवार को केवल 16 कोविड के टीके लगाये गये है। इनमें 6 लोगों को प्रोकॉशन डोज दी गई है।

# निजी अस्पतालों ने सरकारी योजनाओं का बहिष्कार किया



राज्य सरकार का ध्यान आकर्षण के लिए शनिवार को राज्य की ज्वाइंट एक्शन कमेटी के आव्हान पर पूरे राजस्थान में निजी अस्पताल 24 घंटे के लिए बंद रखे और विशाल रैली का आयोजन किया गया था।

**जयपुर,(कासं)।** प्रदेश में राइट टू हेल्थ बिल का विरोध बढ़ता ही जा रहा है। इसके तहत सभी चिकित्सक संगठनों की ज्वाइंट एक्शन कमेटी के आव्हान पर समस्त निजी अस्पतालों के चिकित्सकों ने राज्य सरकार की मुख्यमंत्री चिरंजीवी योजना व राजस्थान गवर्नमेंट हेल्थ स्कीम सहित सभी सरकारी योजनाओं का पूर्ण बहिष्कार करने का निर्णय लिया गया है।

जयपुर मेडिकल एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. तरुण ओझा ने बताया कि राज्य सरकार के आला अधिकारियों की हठधर्मिता की वजह से आज पूरे राजस्थान के 55 हजार चिकित्सक उद्वेलित होकर राइट टू हेल्थ बिल का पुरजोर विरोध कर रहे हैं।

राज्य सरकार का ध्यान आकर्षण के लिए शनिवार को राज्य की ज्वाइंट एक्शन कमेटी के आव्हान पर पूरे राजस्थान में निजी अस्पताल 24 घंटे के लिए बंद रखे और विशाल रैली का आयोजन किया गया था। इस दौरान इमरजेंसी सेवाएं भी बंद रखी गई थी। डॉ. ओझा ने बताया कि प्रवर समिति की मीटिंग में आला अधिकारियों द्वारा चिकित्सक प्रतिनिधि की कोई भी बात नहीं सुनी गई। पुरजोर रूप से चिकित्सकों द्वारा अपना पक्ष रखने के बावजूद भी चिकित्सक प्रतिनिधियों की किसी भी बात पर राज्य सरकार के आला अधिकारी स्वीकार करने को राजी नहीं हुए। जिससे राज्य के संपूर्ण चिकित्सक वर्ग में भारी निराशा व रोष है। इसके परिणाम स्वरूप ज्वाइंट एक्शन कमेटी का निर्णय हुआ कि जब तक सरकार राइट टू हेल्थ बिल को

> ■ अब मुख्यमंत्री चिरंजीवी योजना और राजस्थान गवर्नमेंट हेल्थ स्कीम में नहीं होगा मरीजों का इलाज।
>
> ■ सभी चिकित्सक संगठनों की ज्वाइंट एक्शन कमेटी ने जयपुर में प्रेसवार्ता कर इसकी जानकारी दी।

वापस नहीं लेता है, तब तक चिरंजीवी योजना, राजस्थान गवर्नमेंट हेल्थ स्कीम योजना का संपूर्ण रूप से सभी निजी चिकित्सालयों में पूर्ण बहिष्कार किया जाएगा। इसके तहत रविवार से पूरे राजस्थान में किसी भी निजी अस्पताल में इन सरकारी योजनाओं के तहत किसी भी मरीज का इलाज नहीं किया जाएगा

जयपुर हार्ट इंस्टीट्यूट के कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. जी एल शर्मा ने कहा कि राज्य में पहले से ही 54 कानून बने हुए हैं और एक नए कानून की आवश्यकता नहीं है। ठीक इसी तर्ज पर विश्व प्रसिद्ध ईएनटी सर्जन डॉ. सतीश जैन ने कहा कि राज्य के सभी निजी चिकित्सक मरीजों का अच्छा इलाज कर रहे हैं। लेकिन सरकार द्वारा राइट टू हेल्थ बिल के माध्यम से चिकित्सक और मरीजों के बीच में वैमनस्यता बढ़ने के साथ साथ आए दिन झगड़े होने के आसार बन गए हैं। प्रेसिडेंट हॉस्पिटल बोर्ड राजस्थान डॉ. शिवराज सिंह और सचिव पीएचएनएस डॉ. विजय कपूर का कहना है कि राज्य सरकार इस बिल में चिकित्सकों की मरीजों के साथ साथ चिकित्सकों के हितों का भी प्रावधान रखें।

जयपुर मेडिकल एसोसिएशन के सचिव डॉ. अनुराग शर्मा ने बयान जारी किया है कि राज्य के संपूर्ण चिकित्सक राज्य की जनता की चिकित्सा सेवा करना चाहते हैं, लेकिन इस बिल के प्रावधानों की वजह से बंद जैसे कदम उठाने के लिए मजबूर है। उपचार के डॉ.सुनील गरसा ने बताया पूरे राजस्थान में राज्य सरकार के द्वारा बनाए गए राइट टू हेल्थ बिल का चिकित्सक भारी विरोध कर रहे हैं।

हॉस्पिटल बोर्ड ऑफ इंडिया के सचिव डॉ. सर्वेश शरण जोशी ने बताया कि मुख्यमंत्री चिरंजीवी योजना मे शामिल पैकेज की जो दर सन 2013 की है जिसके तहत इन निम्न दर पर इलाज करना संभव नही। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन राजस्थान के मीडिया प्रभारी एवं ज्वाइंट एक्शन कमेटी के सदस्य डॉ. संजीव गुप्ता ने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को पत्र लिखकर मांग की है इस राइट टू हेल्थ बिल के प्रावधान में भारी विसंगतियां जानबूझकर रखी गई थी। राज्य के समस्त चिकित्सक यूनियनों की आपत्ति के बावजूद भी इसे सुधारा नहीं गया। इस बिल को बनाने वाले अधिकारी को तुरंत प्रभाव से दंडित किया जाए और इस बिल को वापस लिया जाये। जब तक राज्य सरकार राइट टू हेल्थ बिल को वापस नहीं लेती है तब तक राज्य के समस्त निजी अस्पताल राज्य की सरकारी योजनाओं का बहिष्कार जारी रहेगा।

## पूर्व छात्रा मिलन समारोह

**जयपुर, (का.सं.)।** कनोड़िया पी.जी.महिला महाविद्यालय में पूर्व छात्रा संगठन के तीन वर्ष पूर्ण होने पर शनिवार को मिलन समारोह का आयोजन हुआ। जिसमें सर्वप्रथम पूर्व छात्रा संघ की अध्यक्ष डॉ. रेखा गुप्ता ने सभी पूर्व छात्राओं का अभिनंदन किया।

महाविद्यालय की निर्देशक रश्मि चतुर्वेदी व प्राचार्य डॉ. सीमा अग्रवाल ने भी पूर्व छात्राओं का स्वागत किया एवं सभी छात्राओं को कॉलेज से सदैव जुड़े रहने की प्रेरणा दी। इस अवसर पर महाविद्यालय परिसर में 100 पूर्व छात्राओं ने भाग लिया एव नृत्य एवं गीतों की आकर्षक प्रस्तुति दी साथ ही कॉलेज के पूर्व छात्रा एवं वर्तमान शिक्षक संगठन द्वारा सभी के लिए कैट वॉक एवं अन्य कई उत्साहवर्धक कार्यक्रम आयोजित कराये गये। पूर्व छात्रा संगठन के तीन वर्ष पूर्ण होने पर नई कार्यकारिणी का भी गठन किया गया। नई कार्यकारिणी में पूर्व छात्रा नामी पत्रकार एवं सामाजिक उद्यमी साधना गर्ग को अध्यक्ष चुना गया। कॉलेज द्वारा पूर्व एवं नई कार्यकारिणी के सदस्यों का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। आयोजन में सम्मिलित पूर्व छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया एवं अतीत के सुनहरे पलों को याद किया।

# लेखन के लिए अपनी भाषा विकसित करनी होगी : विनोद भारद्वाज

**जयपुर, (का.सं.)।** वरिष्ठ पत्रकार, चित्रकार और लेखक विनोद भारद्वाज ने लेखकों का आव्हान किया है कि उन्हें अपनी भाषा को विकसित करना होगा तभी अच्छे लेखक और साहित्यकार बनेंगे लेखन में बिना पढ़े कुछ हासिल नहीं होता।

भारद्वाज आज राजस्थान मीडिया एक्शन फोरम के कार्यक्रम "लेखक की बात" में फोरम के अध्यक्ष अनिल सक्सेना के सवालों का जवाब दे रहे थे। उन्होंने कहा कि साहित्य की तरफ मेरा झुकाव बचपन से था, उसी का फल है कि आज कुछ लिख रहा हूं। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि तुलसीदास को भारतीय जनमानस से अलग नहीं कर सकते तुलसीदास के बाद अगर कोई अन्य जनमानस पर छाया है तो वह है

> ■ 'लेखन में बिना पढ़े कुछ हासिल नहीं होता'

मशहूर शायर और लेखक मिर्जा गालिब इस पर पुस्तक लिखने में मुझे 8 वर्ष लगे। तब यह पुस्तक प्रकाशित हुई उन्होंने बताया कि राजस्थान के बारे में मैं एक उपन्यास लिख रहा हूं। जिस पर 250 पेज लिख चुका हूं। उपन्यास इस तरह से लिखना चाहता हूं, जिसको पढ़ने में पाठक की रुचि बढे। एक अन्य सवाल के जवाब में भारद्वाज ने कहा कि गांधी पर लिखने का मुझे खूब अवसर मिला और मैंने गांधी को खूब पढ़ा। उन्होंने बताया कि गांधी पर खान अब्दुल गफ्फार खान, अमेरिकन राइटर हॉमर ने भी लिखा लेकिन गांधी पर चार्ली चैपलिन ने जो लिखा वह पढ़ा जाना चाहिए। उन्होंने गांधी से सवाल किया था कि आप मशीनों के विरोधी क्यों हैं, तब गांधी ने कहा कि मैं ब्रिटिश एंपायर का विरोधी हूं। जिन्होंने मशीनों के जरिए हमें गुलाम बनाया।

फोरम के अध्यक्ष अनिल सक्सेन के प्रश्न पर उन्होंने कहा कि लेखन के बाद आर्ट के लिए आप समय कैसे निकालते हैं। इस पर उन्होंने कहा की लेखन से जब उब जाता हूं, तो मैं स्केच, मेडिटेशन पर पेंटिंग बनाता हूं। पेंटिंग बनाते समय अमीर खान साहब, पंडित भीमसेन जोशी और जसराज जैसे गायकों को सुनते हुए अपनी पेंटिंग्स बनाता हूं। कब पेंटिंग्स में सुरो की महक और मिठास घुल जाती है और मुझे पता नहीं चलता पेंटिंग कब पूरी हो जाती है।

## 108 स्थानों पर एक ही समय यज्ञ

**जयपुर।** अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार की ओर से चलाई जा रही गृहे-गृहे गायत्री यज्ञ श्रृंखला में रविवार को राजधानी के 108 स्थानों पर गायत्री महायज्ञ के माध्यम से व्यक्ति निर्माण, परिवार निर्माण, समाज निर्माण और राष्ट्र निर्माण का संदेश दिया गया। किरण पथ मानसरोवर के वेदना निवारण केंद्र की ओर से न्यू सांगानेर रोड़ स्थित एसडीसी एग्जोटीका अपार्टमेंट के 13 फ्लैट में गायत्री महायज्ञ किया गया। इससे पूर्व प्रभात फेरी निकाली गई , जिसमें 80 से अधिक लोगों ने घर घर अलख जगायेंगे हम बदलेंगे जमाना प्रज्ञा गीत की स्वर लहरियों के साथ आसपास के वातावरण को गायत्रीमय बना दिया। हम बदलेंगे युग बदलेगा हम सुधरेंगे युग सुधरेगा का जयघोष करते हुए समाज में परिवर्तन लाने से पहले खुद में परिवर्तन लाने का भाव भरा आव्हान किया।

## 'मजबूत इरादे से मिलती है सफलता'

**जयपुर, (का.सं.)।** इंसान के इरादे बुलंद हो तो बड़ी से बड़ी मुश्किल भी उसके सामने नहीं ठहर सकती। मजबूत इरादे और इच्छा शक्ति के बल पर ही सफलता के शिखर पर पहुंचा जा सकता है। ऐसी ही सफलता और संघर्ष की कहानी है अंतराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त बाड़मेर की फैशन डिजाइनर और राजीविका की ब्रांड एम्बेसडर रुमा देवी की।

जवाहर कला केंद्र में डेल्फ़िक काउन्सिल ऑफ़ राजस्थान की ओर से आयोजित डेल्फ़िक गेम्स ऑफ़ राजस्थान के चौथे और आखिरी दिन रविवार को रुमा देवी कला प्रेमियों और नवोदित डिजाइनर्स से रु-ब-रु हुई। उन्होंने अपने सहज और अनूठे अंदाज में उपस्थित लोगों से संवाद किया और उनके सवालों के जवाब दिए।

**नाम परिवर्तन**

मैंने अपना नाम नीरज चौधरी से बदलकर नीरज झाझड़िया पुत्र श्री दीपक चौधरी रख लिया है। भविष्य में मुझे नीरज झाझड़िया के नाम से जाना जावें। पता 66-A, आनन्द नगर सिरसी रोड, जयपुर-302012

It is to inform that I have changed my name from Lokendra Pal Singh to Lokendra Pal Singh Jadaun for all purposes R/o 390 Ranisati nagar Gautam marg near Nirman nagar Shyam nagar Jaipur (Raj.)

**नम्बर मिलाइए 9587884433**

सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।

# डेल्फ़िक गेम्स ऑफ़ राजस्थान का समापन



डेल्फ़िक गेम्स की विभिन्न स्पर्धाओं के विजेताओं और उप विजेताओं को पुरस्कृत भी किया गया।

**जयपुर, (का.सं.)।** डेल्फ़िक काउंसिल ऑफ़ राजस्थान की अध्यक्ष एवं प्रमुख शासन सचिव, सहकारिता श्रेया गुहा ने कहा कि राजस्थान देश का पहला राज्य है जिसे प्रथम डेल्फ़िक खेल आयोजित कराने का गौरव प्राप्त हुआ है। उन्होंने कहा कि इस मंच के माध्यम से राजस्थान की कला एवं संस्कृति को प्रोत्साहित किया जायेगा तथा युवा कलाकारों को राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर मंच प्रदान किया जायेगा।

गुहा रविवार को डेल्फ़िक काउंसिल ऑफ़ राजस्थान की ओर से जवाहर कला केंद्र में 9 से 12 फ़रवरी तक आयोजित डेल्फ़िक गेम्स ऑफ़ राजस्थान के समापन समारोह को सम्बोधित कर रही थी। उन्होंने कहा कि काउंसिल समय समय पर ऐसे और आयोजन कराती रहेगी।

उत्तर-पश्चिमी सांस्कृतिक केंद्र के निदेशक फुरकान खान ने डेल्फ़िक खेलों के इतिहास पर प्रकाश डालते हुए कहा

> ■ राजस्थान को देश में प्रथम डेल्फ़िक खेल आयोजित कराने का गौरव मिला

कि ग्रिस के डेल्फ़िक गाँव से इनकी शुरुआत हुई। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर चार बार इनका आयोजन हो चुका है तथा अब भारत के राज्यों में भी इनके आयोजन होने प्रारम्भ हो गए हैं। उन्होंने चार दिवसीय डेल्फ़िक खेलों की विभिन्न गतिविधियों के बारे में जानकारी दी।

इंडियन डेल्फ़िक काउन्सिल के अध्यक्ष श्री एन.एन पांडे ने डेल्फ़िक काउंसिल ऑफ़ राजस्थान द्वारा किये गए आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि राजस्थान ने इन खेलों के उत्कृष्ट और सफल आयोजन से अन्य राज्यों के समक्ष मिसाल पेश की है।

वहीं कार्यक्रम में अपने विचार प्रकट करते हुए अंतर्राष्ट्रीय फैशन डिजाइनर रुमा देवी ने डेल्फ़िक गेम्स को नवोदित प्रतिभाओं का हुनर निखारने का सशक्त मंच बताया। उन्होंने विश्वास जताया कि ऐसे आयोजन स्थानीय कलाकारों की देश -दुनिया में पहचान बनाने में मदद करेंगे।

इस अवसर पर डेल्फ़िक गेम्स की विभिन्न स्पर्धाओं के विजेताओं और उप विजेताओं को पुरस्कृत भी किया गया।

विजेताओं और उप विजेताओं कार्यक्रम में अपनी शानदार प्रस्तुतियों से दर्शकों को मन्त्र मुग्ध कर दिया। पॉपुलर म्यूजिक श्रेणी के विजेता अनिल हासवानी ने राहें हज़ार चुनो..कंपनटेरी डांस के विजेता सोनू नायर ने तू मान मेरी जान गीत पर शानदार डांस किया।

कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण लोक नृत्य सर पर मटकियां रखकर भवई की सधी हुई मनमोहक प्रस्तुति व चेतन जवड़ा और भवदीप जवड़ा का कत्थक नृत्य रहा।



# किसान संघर्ष समिति कार्यकर्ताओं ने पी.एम. को ई.आर.सी.पी. के झंडे दिखाए

## पूर्वी राजस्थान नहर परियोजना किसान संघर्ष समिति के कार्यकर्ताओं ने ई.आर.सी.पी. को राष्ट्रीय परियोजना घोषित करने की मांग रखी

**हिण्डौन /दौसा,** (निसं)। पूर्वी राजस्थान नहर परियोजना किसान संघर्ष समिति के प्रदेशाध्यक्ष रामनिवास मीना के नेतृत्व में रविवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सभा में हजारों की संख्या में महिला-पुरूष किसान शामिल हुए। इन सभी लोगों ने सभा के दौरान प्रधानमंत्री को ईआरसीपी लिखे हुए तिरंगे झंडे प्रधानमंत्री को दिखाए और ईआरसीपी को राष्ट्रीय परियोजना घोषित करने की मांग रखी। खास बात यह रही कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सभा में प्रदेशाध्यक्ष रामनिवास मीना के नेतृत्व में शामिल सभी महिला-पुरूषों ने अपने सिर पर हरे रंग का साफा अथवा पगड़ी बांध रखी थी और युवाओं ने गले में हरे रंग का गमछा लटका रखा था।



दौसा में प्रधानमंत्री मोदी को ईआरसीपी लिखे हुए तिरंगे झंडे दिखाए।

पूर्वी राजस्थान नहर परियोजना किसान संघर्ष समिति के प्रदेशाध्यक्ष रामनिवास मीना ने पत्रकारों को बताया कि चंबल का पानी 13 जिलों का जीवन है। पानी के अभाव में पूर्वी राजस्थान के 13 जिलों के निवासी लोग बदहाल जीवन जी रहे हैं। ऐसे ही हालात बने रहे तो आगामी कुछ सालों में 13 जिलों के गांवों से लोगों को अपनी जमीन-जायदाद छोड़कर पलायन करने के लिए मजबूर होना पड़ेगा। प्रदेशाध्यक्ष मीना ने बताया कि ईआरसीपी को राष्ट्रीय परियोजना घोषित कराने के लिए 13 जिलों के किसान काफी समय से लामबंद हैं। पूर्वी राजस्थान नहर परियोजना किसान संघर्ष समिति ने गांवों में अभी तक 15 से ज्यादा विशाल किसान महापंचायतें की है और 100 से ज्यादा गांव-ढाणी में किसान सभाएं आयोजित कर ईआरसीपी के बारे में जानकारी देने के साथ किसानों को एकजुट करने का कार्य किया है।

प्रदेशाध्यक्ष रामनिवास मीना ने पत्रकारों को बताया कि प्रधानमंत्री को आज पूर्वी राजस्थान नहर परियोजना किसान संघर्ष समिति की ओर से ज्ञापन देने का प्रयास किया, ताकि 13 जिलों के किसानों की मांगों से उन्हें

**■ ईआरसीपी को राष्ट्रीय परियोजना घोषित कराने के लिए 13 जिलों के किसान काफी समय से लामबंद हैं: प्रदेशाध्यक्ष मीना**

प्रत्यक्ष रूप से अवगत कराया जा सके, लेकिन सुरक्षा व्यवस्था के चलते किसानों को यह मौका नहीं मिल पाया। इसके बाद भी प्रधानामंत्री की सभा में पूर्वी राजस्थान नहर परियोजना किसान संघर्ष समिति से जुड़े हजारों कार्यकर्ता महिला-पुरूष किसान दौसा के धनवाड की किसान सभा में शामिल हुए और प्रधानमंत्री से ईआरसीपी को राष्ट्रीय परियोजना घोषित करने की मांग रखी। मीना ने बताया कि सभा के बाद प्रधानमंत्री कार्यालय से आए एक प्रमुख अधिकारी को प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन दिया।

# सोने-चांदी की दुकान में एक करोड़ के आभूषण एवं नगदी चोरी

## वारदात की घटना दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद

**छीपाबड़ोद,** (निसं)। होली खूंट स्थित सोने-चांदी की दुकान में रविवार तड़के आधा दर्जन से अधिक हथियारों से लेंस चोरों ने धावा बोल कट्टों मे सोने-चांदी भर ले गये। जानकारी मे सामने आया कि सवेरे तीन बजे के लगभग की पूरी घटना सीसीटीवी केमरे में कैद हो गई। कस्बे के मेन बाजार मे होली के खूंट पर गोतम गोयल पुत्र गणेश लाल गोयल की दुकान मे चोरी हुई है। सूचना मिलते ही कस्बे के व्यापारियों मे हडकंप मच गया। सीआई चंद्रप्रकाश यादव ने मौके पर पहुंच घटना की जानकारी ली है।

छबड़ा विधायक व पूर्व मंत्री प्रतापसिंह सिंघवी ने बताया कि छीपाबडौद कस्बे में रामचन्द्र गणेशराम गोयल सर्राफा व्यवसाई की दुकान पर हथियारबंद, नकाबपोश लुटेरों द्वारा घुसकर लगभग एक करोड़ से भी अधिक राशि के आभूषण एवं नगद राशि की डकैती कर ली गई। छीपाबडौद कस्बे में इस प्रकार की यह पहली वारदात है, इस वारदात का पूरा घटनाक्रम व्यवसायी की दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया है। इस घटना से कस्बे के सभी व्यापारीयो में दहशत का माहोल है और वह अपने को असुरक्षित महसूस कर रहे है। जिले में आये दिन होने वाली इस तरह की घटनाओं से जिलेवासियों का पुलिस प्रशासन से विश्वास लगभग उठ सा गया है।


चोरी की वारदात के बाद बिखरा पड़ा सामान।

विधायक सिंघवी ने पुलिस प्रशासन से मांग की है कि इस घटना को अंजाम देने वाले आरोपियों को अतिशीघ्र गिरफ्तार किया जाये तथा छबडा एवं छीपाबडौद में आये दिन होने वाली मोटरसाईकिल चोरीयां, लडाई झगडों पर भी पुलिस का किसी भी प्रकार का अंकुश नहीं रहा। इन आपराधिक गतिविधियों की रोकथाम के स्थान पर पुलिस प्रशासन द्वारा जुआ, सट्टा, स्मैक और अवैध शराब की चौथवसूली का कार्य पूरे विधानसभा क्षेत्र में किया जा रहा है। जिससे आरोपियों में पुलिस के प्रति कोई भय नहीं रहा और अपराधी बैखोफ वारदात को अंजाम देकर भाग जाते है या खुलेआम कस्बो में घूमते रहते है।

आरोपियों को संरक्षण देने वाले लोगों की भी पहचान कर उनको भी गिरफ्तार कर कडी से कडी कार्यवाही की जाये तथा इन वारदातों में जो भी पुलिसकर्मी लापरवाही बरतता है तो उनके खिलाफ भी उच्च अधिकारियों द्वारा सख्त से सख्त कार्यवाही की जाये।

# खेत पर रखवाली कर रही 50 साल की विधवा से दुष्कर्म

**■ पीड़िता के चिल्लाने पर आसपास के ग्रामीण घटनास्थल पर पहुंचे, आरोपियों ने उनके साथ भी मारपीट कर बाइक में तोड़फोड़ कर दी**

**मांडलगढ़,** (निसं)। बीगोद थाना क्षेत्र में शनिवार देर रात को 50 साल की एक विधवा महिला के साथ गैंगरेप करने का मामला सामने आया है। पीड़िता रात को अपने खेत पर फसल की रखवाली करने गई, जो घर में सो रही रही थी। पीडिता के चिल्लाने पर आसपास के ग्रामीण घटनास्थल की ओर आए तो आरोपियों ने उनके साथ भी मारपीट कर बाइक में तोड़फोड़ कर दी। घटना के बाद पीड़िता अपने परिजनों के साथ पुलिस थाने में पहुंची ओर थाने में मामला दर्ज कराया। महिला के साथ गैंगरेप की घटना सामने आने के बाद क्षेत्र में सनसनी फैल गई।

बीगोद थाना प्रभारी मूलचंद वर्मा ने बताया कि थाना क्षेत्र के गांव की 50 वर्षीय विधवा महिला ने रविवार को दी गई रिपोर्ट में बताया कि वह शनिवार रात को अपने खेत पर गेहूं की फसल की रखवाली करने गई थी। खेत पर बने घर में अकेली सो रही थी। इस दौरान रात को करीब 12 बजे आरोपी पृथ्वीराज, मनोज कुमार व बाबू नाम के युवक उसके घर में घुस आए और बारी-बारी से उसके साथ रेप की घटना को अंजाम दिया। पीडिता के चिल्लाने पर खेत के आसपास के ग्रामीण बचाने दौडे। आरोपियों ने ग्रामीणों के साथ मारपीट की ओर बाइक में तोडफोड कर फरार हो गए। पुलिस ने पीडिता का मेडिकल करा मामला दर्ज किया है और आरोपियों की तलाश की जा रही है। बताया जा रहा है कि पीडिता के साथ गैंगरेप करने वाले सभी आरोपी की उम्र 25-30 साल के करीब है। अजमेर ब्यावर क्षेत्र के निवासी बताए जा रहे हैं जो वारदात स्थल के आसपास मजदूरी करते हैं। पुलिस ने गैंगरेप व एससी एसटी एक्ट में मामला दर्ज किया है।

# फसल में चेपा बीमारी ने दस्तक दी

**रावतभाटा,** (निस)। मौसम के उतार चढ़ाव के कारण सरसों की फसल में चेपा नामक बीमारी ने दस्तक दे दी है। इससे किसानों को फसल की पैदावार प्रभावित होने की चिंता सताने लगी है। फसल में चेपा नामक बीमारी मौसम में बार-बार बदलाव के कारण आती है। बादलों में बीमारी फसल को अधिक प्रभावित करती है। चेपा नामक कीट फसल के पौधे का रस चूस लेता है, जिससे पौधे का विकास रुकने से फसल का दाना पिचक जाता है। इससे फसल की पैदावार में घटौतरी होती है। दवाई का स्प्रे व बारिश होने से किसानों को बीमारी से राहत मिल सकती है। फसल में आई बीमारी की रोकथाम के लिए किसान चेपा रोधक दवा मैटासिस्टोल, रोगोरे या मैलाथिआन नामक दवा का पानी का घोल बनाकर छिड़काव करे।

# सड़क हादसे में एक ही परिवार के तीन लोग गम्भीर घायल

## लकड़ियों से भरे ट्रोले में घुस गई थी कार, ट्रोला चालक मौके से फरार

**अनूपगढ़,** (निसं)। विधानसभा के रोजड़ी गांव के पास नेशनल हाइवे नंबर 911 पर एक लकडियों से भरे ट्रोले और कार की टक्कर हो जाने से कार में सवार एक ही परिवार के तीन सदस्य गंभीर रूप से घायल हो गए। तीनों घायलों को निजी वाहन से घड़साना के राजकीय अस्पताल में ले जाया गया। जहां प्राथमिक उपचार करने के बाद तीनों को बीकानेर के लिए रेफर कर दिया गया है।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार टक्कर होने के बाद ट्रोला चालक मौके से फरार हो गया। तीनों घायल अनूपगढ़ के वार्ड नंबर 16 के निवासी है। सूचना मिलने पर घायलों के परिजन मौके पर पहुंचे। वहीं घड़साना पुलिस थाने के हेड कांस्टेबल यशपाल सिंह भी अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और मामले की जांच शुरू कर दी। घायलों के परिजनों ने बताया कि अनूपगढ़ के वार्ड नंबर 16 के निवासी परमेश्वरी देवी (50) पत्नी मूलचंद, सोनू (27) पुत्र मूलचंद, अपनी बहन ज्योति (24) के साथ देर रात कार में बीकानेर से अनूपगढ़ की ओर आ रहे थे। जब ये हाईवे 911 पर स्थित गांव रोजड़ी के पास पहुंचे तो लकड़ी से भरा ट्रोला भी कार के आगे अनूपगढ़ की ओर आ रहा था। अचानक ट्रोला चालक ने ट्रोले की ब्रेक लगा दी। जिससे पीछे आ रही कार ट्रोले में घुस गई। हादसे में कार पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई और कार सवार तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। कार के ड्राइवर को मामूली चोट आई है। कार और ट्रोले की टक्कर होने के बाद ट्रोला चालक को ट्रोले को मौके पर ही छोड़कर फरार हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों ने कार में से घायलों को निकालकर घड़साना के राजकीय अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टर्स ने प्राथमिक उपचार के बाद तीनों की गंभीर हालत होने के कारण उन्हें बीकानेर के लिए रेफर कर दिया है।

कार चालक ने इसकी सूचना घायलों के परिजनों को दी गई। सूचना मिलने पर घायलों के परिजन भी मौके पर पहुंच गए। हैड कांस्टेबल यशपाल सिंह ने बताया कि घायलों को बीकानेर के लिए रेफर कर दिया गया है। घायलों में कोई भी बयान देने की स्थिति में नहीं था। इसलिए आगामी कार्रवाई परिजनों की रिपोर्ट के आधार पर की जाएगी।

# बेकाबू ट्रेलर ने पुलिस जीप को मारी टक्कर

## एक एएसआई सहित चार पुलिसकर्मी घायल, ट्रेलर चालक गिरफ्तार

**कोटपूतली,** (निसं)। कस्बे के जयपुर-दिल्ली राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 48 पर ग्राम रघुनाथपुरा के पास शनिवार देर रात्रि गश्त के दौरान एक बेकाबू अनियंत्रित ट्रेलर चालक प्रेम लाल ने पुलिस जीप को टक्कर मार दी। जिससे एक एएसआई सहित चार पुलिसकर्मी गंभीर घायल हो गये।

सरूण्ड थाना अधिकारी इन्द्राज सिंह ने बताया कि राष्ट्रीय राजमार्ग पर रघुनाथपुरा के पास दुर्घटना में चौकी इंचार्ज एएसआई बुधराम, कांस्टेबल जगत, राजेश, चालक खुशीराम पुलिस गाड़ी के पलटने से घायल हो गये। जिनमें से एक पुलिसकर्मी गंभीर रूप से घायल हो गया। घायलों को कस्बे के राजकीय बीडीएम जिला अस्पताल में भर्ती करवाया गया। पुलिस ने ट्रेलर चालक को ट्रेलर सहित गिरफ्तार कर लिया। पुलिस द्वारा मामला दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी गई है।


कोटपूतली में दुर्घटना के बाद सड़क किनारे पड़ी क्षतिग्रस्त पुलिस जीप।

# परीक्षा आयोजित

**जोधपुर,** (कासं)। राजस्थान लोक सेवा आयोग, अजमेर द्वारा आयोजित वरिष्ठ अध्यापक (संस्कृत शिक्षा विभाग) प्रतियोगी परीक्षा-2022 जोधपुर जिला मुख्यालय पर रविवार को चाक-चौबंद व्यवस्था के साथ सम्पादित हुई।

परीक्षा समन्वयक एवं अपर जिला मजिस्ट्रेट(शहर, प्रथम) डॉ. भास्कर बिश्नोई ने बताया कि सामान्य ज्ञान ग्रुप-ए प्रथम पारी की परीक्षा प्रात: 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक 62 परीक्षा केन्द्रों पर तथा सामान्य ज्ञान ग्रुप-बी द्वितीय पारी की परीक्षा दोपहर 02 बजे से 04 बजे तक 36 परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित की गई। उन्होंने बताया कि सामान्य ज्ञान ठ्ठुप-ए प्रथम पारी की परीक्षा में कुल 17 हजार 405 अभ्यर्थियों में से 7 हजार 666 अभ्यर्थी उपस्थित (44.04 प्रतिशत) तथा 9 हजार 739 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे।

# नकली सोना दिखाकर पांच लाख रुपये की ठगी

**■ फाइनेंस बैंक के कर्मचारी से धोखाधड़ी हुई**

**श्रीगंगानगर,** (निसं)। जिले के केसरीसिंहपुर थाना क्षेत्र में रविवार को नकली सोना दिखाकर ठगी का मामला सामने आया है। ठगी की यह घटना एक सप्ताह पहले फाइनेंस बैंक के कर्मचारी के साथ हुई। आरोपी ने फाइनेंस बैंक कर्मचारी को अपने पास रखा कुछ सोना दिखाया तथा इस पर फाइनेंस बैंक से लोन की बात कही। बैंक कर्मचारी ने उसे पांच लाख रुपए उपलब्ध करवा दिए। इसकी एवज में आरोपी ने उसे सोना दिखाया लेकिन रुपए देने के बाद जब उस सोने की जांच की तो नकली निकला।

श्रीकरणपुर के आईआईएफएल फाइनेंस बैंक शाखा का कर्मचारी गांव अरायन निवासी लवप्रीतसिंह पुत्र हरविंद्र शर्मा छह फरवरी को अपने घर बैठा था। इसी दौरान गांव का महेंद्र कुमार पुत्र मुकंद लाल घर पर आया और 5 लाख की जरूरत बताते हुए कहा कि उसे गोल्ड पर लोन लेना है। उसने लवप्रीत से कहा कि वह उसे पांच लाख रुपए उपलब्ध करवा दे। बाद में बैंक आकर वे लोन की प्रोसेस पूरी कर देंगे और पांच लाख रुपए लौटा देंगे।

महेंद्र कुमार के बैंक के पुराने ग्राहक और लवप्रीतसिंह के परिचित होने के कारण उसने अपने संपर्कों का उपयोग कर बैंक से पांच लाख रुपए मंगवाए और यह राशि महेंद्र कुमार को उसकी दुकान पर जाकर दे दी। महेंद्र ने रुपए ले लिए तथा घर जाकर कुछ सोना लेकर आया। उसने यह सोना लवप्रीत को दे दिया लेकिन जब इसे जांचा गया तो यह नकली निकला। इस पर महेंद्र के पुत्र बोनी मुटनेजा और बेटी दीक्षा मुटनेजा से बात की तो उन्होंने रुपए लौटाने का विश्वास दिलाया लेकिन बाद में वे मौके से फरार हो गए। लवप्रीत ने जिस समय महेंद्र कुमार को रुपए दिए उसने इसकी वीडियो रिकॉर्डिंग भी बनाई। उनका कहना था कि रुपए देने के समय नौरंगलाल पुत्र रेवाचंद भी मौके पर मौजूद था। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# अप्रैल में शुरू होगी वार्षिक परीक्षायें

**श्रीगंगानगर,** (निसं)। राजस्थान बोर्ड ऑफ सेकेंडरी एजुकेशन से जुड़े स्कूलों की वार्षिक परीक्षा इस बार छह अप्रैल से होगी। पच्चीस अप्रैल तक चलने वाली परीक्षा के लिए तैयारियां जोरों पर हैं। इन स्कूलों की कक्षा नौ और ग्यारह की परीक्षा समान परीक्षा योजना के तहत करवाई जाएगी जबकि कक्षा एक से पांच की परीक्षा मूल्यांकन आधारित और कक्षा छह और सात की परीक्षा स्कूल स्तर पर पेपर बनवाकर करवाई जाएगी। परीक्षा में साठ हजार स्टूडेंट्स बैठेंगे। इसके लिए सामूहिक परीक्षा परिषद ने तैयारियां शुरू कर दी है। इन परीक्षा के लिए कक्षा नौ और ग्यारह के पेपर एक्सपर्ट्स की कमेटी तैयार करेगी। जिले के सब्जेक्ट एक्सपर्ट लैक्चरर को सामान परीक्षा परिषद में बुलाकर प्रश्नपत्र तैयार करवाने पर चर्चा होगी। बाद में उनकी ओर से दिए प्रस्तावों को प्राचार्य स्तर के शिक्षक कंपाइल करेंगे। इसके बाद पेपर निर्माण का काम शुरू होगा।

समान परीक्षा परिषद के सहसंयोजक भूपेश शर्मा ने बताया कि जिले में साठ हजार स्टूडेंट्स के लिए पेपर निर्माण की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। कक्षा एक से पांच तक के लिए मूल्यांकन आधारित परीक्षा करवाकर रिजल्ट तैयार किया जाएगा। कक्षा छह से सात के पेपर स्कूल स्तर पर तैयार होंगे। कक्षा आठ, दस और बारह के लिए बोर्ड परीक्षा होगी।

# शिक्षक विजय किराड ने बिना दहेज के शादी की

**टोंक,** (निसं)। शहर के गांधी पार्क हनुमान मंदिर निवासी लादूराम किराड ने अपने शिक्षक पुत्र विजय किराड उर्फ राजा की बिना दहेज लिये मात्र एक रूपये एवं नारियल लेकर की गई शादी समाज ही नहीं, अपितु पूरे शहर में चर्चा का विषय बनी हुई है।

हालांकि पेश से शिक्षक दुल्हन के पिता ने फेरे की रस्मों के बाद विदाई

**■ मात्र एक रूपये एवं नारियल लेकर जागरुकता का संदेश दिया**

के समय उपहार सहित सभी रीति-रिवाज पूरे करने की जिद की, लेकिन दूल्हे के पिता सहित खुद दूल्हे ने शादी में हर उपहार के लिए साफ मना कर दिया। विजय किराड उर्फ राजा पुत्र लादूराम किराड ने ज्योति पुत्री जगदीश सामरिया निवासी चाकसू से गत दिवस हुई शादी के दस्तूर में एक नारियल एवं सवा रूपया लेकर शादी कर समाज में दहेज की व्याप्त कुरीति को दूर करने का संदेश दिया है।

ज्ञात रहे कि विजय अध्यापक के पद पर बाडमेर में पद स्थापित है। वहीं दुल्हन ज्योति भी अध्यापिका के पद पर टोंक जिले के पीपलू क्षेत्र में पद स्थापित है। वर विजय के पिता लादूराम किराड एवं चाचा लड्डूराम किराड पिछले कई वर्षों से मृत्यु भोज एवं दहेज प्रथा का विरोध करते आ रहे है।


दूल्हा विजय-दुल्हन ज्योति।

# घोड़ों में ग्लैडर्स रोग को लेकर निर्देश

**बीकानेर,** (निसं) घोड़ों में ग्लैडर्स रोग को लेकर पशुपालन विभाग हरकत में आया गया है। अश्व पालकों की सूची बनाकर उन्हें सैंपल लेने के तरीके बताए जाएंगे। जिले में संचालित संस्थाओं के प्रभारियों की बैठक पशुपालन विभाग के संयुक्त निदेशक डॉ. वीरेंद्र नेत्रा की अध्यक्षता में हुई। सुजानदेसर क्षेत्र की घोड़ी में ग्लैडर्स रोग की पुष्टि के बारे में बताते हुए सभी को पूर्ण सतर्कता रखने के निर्देश दिए गए। संयुक्त निदेशक ने कहा कि संस्था प्रधान अपने-अपने क्षेत्र में अश्व पालकों की सूचना शीघ्र तैयार करें। यह सूची रोग निदान केंद्र को उपलब्ध करवाई जाए।

क्षेत्रीय रोग निदान केंद्र की उपनिदेशक सुचिस्मिता चटर्जी ने रोगी पशु के सैंपल लेने की प्रक्रिया की जानकारी दी। उपनिदेशक और नोडल अधिकारी डॉ. शशिकांत शर्मा ने संस्था प्रभारियों से विभागीय मार्गदर्शिका और जिला कलेक्टर के आदेशों की पालना के लिए कहा। उन्होंने कहा कि अश्व वंशीय पशुओं के सैंपल के लिए पशुपालकों को प्रेरित करने के लिए कहा। रोगी पशु के संबंध में नजर रखने के प्रथम श्रेणी चिकित्सालय भीनासर के प्रभारी डॉ. सुभाष जैन को निर्देशित किया गया। बैठक में डॉ. पुष्पेंद्र रंगा और डॉ. ज्योति यादव ने रोग तथा पशु में रोग की पुष्टि होने से पूर्व दिए जाने वाले उपचार के बारे में बताया।

# खाटू में उमड़े श्याम भक्त


रविवार को खाटूश्यामजी में खाटू दरबार में हजारों की तादात में भक्त पहुंचे।

**खाटूश्यामजी,** (निसं)। कस्बे के प्रसिद्ध बाबा श्याम के सुगम दर्शन व्यवस्था को लेकर 85 दिन पट बंद होने के बाद 6 फरवरी को बाबा श्याम के श्रद्धालुओं के लिए पट खोले गए थे। उसके बाद प्रथम रविवार को श्रद्धालुओं की अपार भीड़ उमड़ पड़ी।

सुरक्षा व्यवस्थाओं को लेकर पुलिस, होमगाड्र्स, सिक्योरिटी गाड्र्स व मंदिर कमेटी के निजी काड्र्स ने श्रद्धालुओं की व्यवस्था देखी। इस दौरान भीड़ होने के बावजूद भी श्रद्धालुओं के लिए बनाई गई 14 कतारें कारगर साबित हो रही हैं। श्रद्धालुओं को लगभग आधे घंटे में ही दर्शन हो रहे हैं। श्री श्याम मंदिर कमेटी के संरक्षक प्रताप सिंह चौहान भी व्यवस्थाओं को बारीकी से निरीक्षण कर गाड्र्स को आवश्यक दिशा निर्देश दे रहे थे।

# प्रॉपर्टी डीलर विजेन्द्र गुलाबबाड़ी हत्याकांड के मुख्य सरगना शिवराज समेत दो गिरफ्तार

## पुलिस ने आरोपी को हिमाचल प्रदेश के कसोल क्षेत्र से दबोचा

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर** । करधनी इलाके में हुए विजेंद्र सिंह हत्याकांड में शामिल मुख्य सरगना सहित दो बदमाशों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस इस मामले में अब तक 12 आरोपितों गिरफ्तार कर चुकी है।

डीसीपी (वेस्ट) वंदिता राणा ने बताया मुख्य सरगना शिवराज सिंह उर्फ कालू (38) निवासी मकराना जिला नागौर हाल बैनाड़ रोड करधनी को नागौर और शिवराज उर्फ शेखू बन्ना (30) निवासी धानोता जिला जयपुर को हिमाचल प्रदेश के कसोल से गिरफ्तार किया गया है। वारदात में शामिल आरोपित शिवराज सिंह जुसरिया, शिवराज सिंह उर्फ शेखू, भगवान सिंह ततारपुरा, संग्राम सिंह किरडोली, अजय सिंह सिंगोद, अजय सिंह निटूटी, सुल्तान गुर्जर, दुर्गेश सिंह, जितेंद्र हुलढाणी, नागर सिंह राठौड़, भूपेंद्र उर्फ भूपी, बलदीप सिंह, विजय सिंह उर्फ सन्नी, अंकित आकोदा, रविंद्र सिंह खानड़ी, राघवेंद्र उर्फ बंटी को वारदात को अंजाम देने के लिए अलग-अलग टास्क दिए गए थे। वारदात से पहले आरोपियों ने शहर के कई इलाकों में फ्लैट किराए पर ले लिए थे, ताकि बाद में फरारी काटने के लिए यह फ्लैट उनके काम आ सके। थानाधिकारी हीरालाल सैनी ने बताया हत्याकांड का मुख्य आरोपी शिवराज सिंह जुसरिया उर्फ कालू है, जोकि व्यापारियों को डरा धमका कर चौथ वसूली कर रहा था और इन रुपयों से ही फरारी काट रहा था। आरोपी शिवराज सिंह 2019 में भी हरमाड़ा के महावीर मीणा हत्याकांड में गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है।



करधनी पुलिस ने रविवार को विजेंद्र सिंह गुलाबबाड़ी हत्याकांड में शामिल दो बदमाशों को गिरफ्तार किया।

■ **आरोपी शिवराज सिंह व्यापारियों को डरा-धमका कर चौथ वसूली करता था, वर्ष 2019 में हरमाड़ा के महावीर मीणा हत्याकांड में जेल भी जा चुका है**

गौरतलब है कि करधनी थाना इलाके स्थित निर्मल विहार कॉलोनी में आरोपियों ने प्रॉपर्टी डीलर विजेंद्र सिंह पर 9 नवंबर 2022 को लाठी-डंडों से वार करके गंभीर घायल कर दिया था। मामले की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को सवाई मानसिंह अस्पताल में भर्ती करवाया। जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई थी। मृतक के भाई सत्येंद्र सिंह ने हत्या का मामला दर्ज करवाया था।

## बिजनेसमैन की विवाहित बेटी की मौत के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**जयपुर** (कासं)। राजधानी जयपुर के गांधीनगर थाना पुलिस ने कारवाई करते हुए एक बिजनेसमैन की विवाहित बेटी की मौत के मामले में उसके पति को गिरफ्तार किया है।

जानकारी मुताबिक 31 जनवरी को गाँधी नगर क्वार्टर में श्वेता शर्मा पुत्री हीरा शंकर की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत का मामला सामने आया था। मृतक के पिता हीरा शंकर ने इस सम्बन्ध में गाँधी नगर थाने में मुकदमा दर्ज कर बताया था कि युवती के ससुर रजनीश, सासु सीमा, ननद एवं उसका पति पंकज उसकी बेटी को आये दिन टॉर्चर कर मारपीट एवं परेशान करते थे और उन्होंने ही उसे इस तरह की यातनाए देकर मारा था। ससुराल वाले आये दिन उसकी बेटी पर अपने मायके से पैसे लाने का दबाव बनाते थे और बेटी के मना करने के बाद उसके साथ मारपीट कर बुरा बर्ताव करते थे। पुलिस ने मामले में रिपोर्ट दर्ज करने के बाद श्वेता के कमरे को सील कर एफ़एसएल जांच एवं पोस्टमार्टम रिपोर्ट समेत अन्य बिन्दुओं पर जांच करते हुए मृतका के पति पंकज शर्मा पुत्र रजनीश को गिरफ्तार किया है। लेकिन अभी भी मामले में तीन अन्य आरोपी पुलिस की गिरफ्तारी से बचे हुए है।

## सार-समाचार

### गौरीशंकर अध्यक्ष व अरविंद सचिव बने



**जयपुर** (कासं)। टोंक रोड के कीर्ति नगर में स्थित कीर्तिश्वर महादेव मंदिर समिति के चुनाव रविवार को मंदिर प्रांगण पर हुई मीटिंग के दौरान सर्वसम्मति के साथ संपन्न हुए। नवीन समिति में गौरी शंकर सैनी अध्यक्ष और अरविंद अग्रवाल सचिव सहित पूरी कार्यकारिणी का चुनाव निर्विरोध संपन्न हुआ। कार्यकारिणी में पृथ्वी सिंह चौहान कार्यकारिणी अध्यक्ष, रामेश्वर प्रसाद गुप्ता वरिष्ठ उपाध्यक्ष, नरेंद्र सिंह शेखावत उपाध्यक्ष, रत्नेश शर्मा सह सचिव, प्रकाश चंद शर्मा कोषाध्यक्ष पद पर चुने गए। सचिव अरविंद अग्रवाल ने बताया कि कीर्ति नगर, टोंक रोड पर एक संभ्रांत कॉलोनी है और कीर्तिश्वर महादेव मंदिर की प्रसिद्धि तिकोना मंदिर के नाम से है। नई समिति में मंदिर के विकास के साथ-साथ कॉलोनी के प्रत्येक घर को मंदिर से जोड़ने और धार्मिक कार्यों में बढ़ोतरी कर युवाओं को अधिक से अधिक समाज के प्रत्येक वर्ग से जोड़ने को लेकर संकल्पित है। इसी को ध्यान में रखकर पिछले सप्ताह रामायण पाठ का बड़ा आयोजन किया था, जिसमें कॉलोनी के 1700 से अधिक श्रद्धालुओं को मंदिर से जोड़ने का कार्य समिति और सहयोगियों द्वारा किया गया था। भविष्य में भी इसी तरह के आयोजनों की योजना समिति द्वारा बनाई जाएगी जिससे धार्मिक क्रियाओं का अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार हो।

### शिविर में 146 यूनिट रक्तदान



**जयपुर** । राजस्थान आवासन मंडल कर्मचारी विकास समिति मानसरोवर जयपुर की ओर से रविवार को मानसरोवर में अरावली मार्ग स्थित सामुदायिक केंद्र में नेत्र चिकित्सा एवं रक्तदान शिविर लगाया गया। जहां सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक 146 यूनिट रक्त एकत्रित हुआ। प्रत्येक दानदाताओं को हेलमेट और सम्मान पत्र भेंटकर सम्मानित किया गया।

### खेल स्पर्धाओं में युवाओं ने दिखाया दम

**जयपुर** । जयपुरिया इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट में कॉरपोरेट एक्जीक्यूटिव्स के लिए दो दिवसीय स्पोर्टिंग इवेंट-अपने दूसरे क्लैश ऑफ कॉरपोरेट्स का आयोजन किया। जयपुरिया, जयपुर के डायरेक्टर डॉ. प्रभात पंकज ने इंवेट का उदघाटन किया। इस इवेंट में देशभर की 20 विभिन्न कंपनियों के लगभग 120 से अधिक प्रतिनिधियों ने क्रिकेट, बैडमिंटन, रस्साकशी, कैरम, शतरंज, पूल, टेबल टेनिस और वॉलीबॉल जैसे विभिन्न खेलों में क्लैश ऑफ़ कॉरपोरेट्स 2.0 में हिस्सा लिया। इस दौरान क्रिकेट में सेलेबल टेक्नोलॉजीज, वॉलीबॉल में सेलेबल टेक्नोलॉजीज, रस्साकशी (पुरुष) में क्यू डिग्री, टग ऑफ वार (महिला) में वी.आर एनालिटिक्स, टेबल टेनिस (पुरुष) में सेलेबल टेक्नोलॉजीज, टेबल टेनिस (महिला) में वी.आर एनालिटिक्स, टेबल टेनिस (युगल) में सेलेबल टेक्नोलॉजीज, बैडमिंटन (पुरुष) में सेलेबल टेक्नोलॉजीज, बैडमिंटन (महिला) में वी.आर एनालिटिक्स, बैडमिंटन (युगल) में वी.आर एनालिटिक्स, कैरम में क्यू डिग्री, शतरंज (पुरुष) में पायस, शतरंज (महिला) में क्यू डिग्री के प्रतिनिधि विजेता रहे। समापन समारोह में विजेताओं को सीएमसी की पूरी टीम की ओर से डॉ. आकाश डी दुबे, प्रफुल्ल जैन, शिरीष पारीक, शरतचंद्र सिंह, प्रिया शर्मा और प्रियंका आहूजा द्वारा ट्रॉफी, प्रमाण पत्र, पदक और पुरस्कार राशि से सम्मानित किया गया। वहीं, रिद्धिका तिवारी, विद्यार्थी परिषद प्रधान, सीएमसी, जयपुरिया जयपुर ने धन्यवाद दिया। यह आयोजन करियर मैनेजमेंट सेंटर, जयपुरिया, जयपुर द्वारा खेल समिति के सहयोग से किया गया।

### बदमाशों को फॉलो करने वाले दो पकड़े

**जयपुर** (कासं)। जयपुर पुलिस ने सोशल मीडिया पर गैंगस्टर्स को फॉलो करने वाले लोगों को निगरानी रखते हुए दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। डीसीपी इस्ट राजीव पचार ने बताया कि सोशल मीडिया पर इन दिनों बंदूक और गोलियों के साथ फोटो डालने और 'खुद' को डॉन घोषित करने का चलन बढ़ गया है। इसी क्रम में अपने आप को 'डॉन' बताने वाले गैंगस्टर्स लॉरेंस गैंग के गुर्गे रोहित गोदारा, सम्पत नेहरा व रितिक बॉक्सर को फॉलो करने और 'लाइक' करने वालों पर भी जयपुर कमिश्नरेट द्वारा लगातार कार्रवाई कर शिकंजा कसा जा रहा है। ऐसे युवाओं को जयपुर पुलिस ने रडार पर लिया है,जो इन गैंगेस्टर्स की पोस्ट को लाइक और शेयर कर रहे हैं। जिसके चलते जयपुर कमिश्नरेट में ऐसे आदतन अपराधियों को सोशल मीडिया पर फॉलो-लाइक करने वाले दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इन युवाओं को थाने लाकर समझाइश की जा रही है। साथ ही जिला स्तर पर गठित परामर्श प्रकोष्ठ द्वारा ऐसे युवाओं के परिजनों को भी उनकी गतिविधियों की जानकारी के साथ अपराधियों से दूर रहने तथा किसी भी आपराधिक गतिविधियों में सम्मिलित नहीं होने का परामर्श भी दिया जा रहा है।पुलिस उपायुक्त पूर्व ने बताया कि पिछले कुछ समय से देखा जा रहा है कि गंभीर वारदात करवाने वाले बदमाशों को शहर के युवा फॉलो कर रहे हैं। उक्त बदमाशों को फॉलो करने और 'लाइक' करने वालों पर शिकंजा कसने के लिए पुलिस की विशेष टीमें गठित की गई है। जो बदमाशों के नाम से संचालित सोशल मीडिया अकाउंट की जांच कर रही है। इसके तहत उनके लाइक व फॉलो करने वाले जयपुर के युवाओं को चिन्हित किया जा रहा है।

### पूर्व डीजी पर सैनिक को पीटने का आरोप

**जयपुर** (कासं)। पूर्व डीजी नवदीप सिंह एक बार विवादों में आ गए हैं। इस बार उन पर सेना के जवान को पीटने का आरोप है। बनीपार्क थाना पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार कुपवाड़ा, जम्मू-कश्मीर हाल यूनिट राज (आई) कॉय एनसीसी, रामनिवास बाग़ निवासी आर्मी हवलदार इम्तियाज शेख ने रिपोर्ट दी है। घटनाक्रम के अनुसार वह अपनी पत्नी के साथ सप्त शक्ति गेट पर गया था, जहां उसने सुरक्षाकर्मी को अपनी आईडी दिखाई और अन्दर प्रवेश किया। इसी दौरान स्पीड ब्रेकर से गाड़ी को पीछे लेते वक्त उसकी गाड़ी पूर्व डीजी नवदीप सिंह की गाड़ी से भिड़ गई। आर्मी हलवदार गाडी लेकर निकल गया। आगे जाकर उसने अपनी गाडी रोकी तो पीछे से गाडी में आए पूर्व डीजी नवदीप सिंह ने उससे परिचय पूछा। आरोप है कि उसने अपना परिचय बताया तो उन्होंने गालियां दी जिसका विरोध करने पर उसके गाल पर चांटा मार दिया। आरोप यह भी है कि नवदीप ने कहा कि 'मैंने जिसे चांटा मारा उसके कान के पर्द फट गए किसी से भी पूछ लेना'। हवालदार से गाडी के नुकसान की भरपाई के लिए भी धमकी दी। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

### युवक को धमकाने वाला पकड़ा

**जयपुर** । नाहरगढ़ थाना पुलिस ने एक युवक को धमकाकर उसकी वीडियो फेसबुक पर डालने वाले आरोपित को गिरफ्तार किया है। थानाधिकारी देवेंद्र शर्मा ने बताया आरोपित सुनील कुमार मीणा (28) निवासी मीणा पाड़ा, पुरानी बस्ती को अहमदाबाद से दस्तयाब कर गिरफ्तार किया गया है। आरोपित ने अपने परिचित रामजीलाल मीणा को धमकाते हुए वीडियो बनाया और धाक जमाने के लिए फेसबुक पर अपलोड कर दिया था। वहीं सुभाष चौक थाना पुलिस ने पोक्सो एक्ट के तहत एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। थानाधिकारी रामफूल मीना ने बताया कि नाबालिग लड़कियों की फोटो एडिट कर अश्लील फोटो तैयार कर सोशल मीडिया पर अपलोड करने वाले मोहम्मद हाशिम (21) निवासी गलता गेट को गिरफ्तार किया गया है। साथ ही पुलिस ने आरोपी के पास से मोबाइल से एडिट की गई अश्लील फोटो भी जब्त की है

## संक्षिप्त

### दंपत्ति ने खुद को आग लगाई

**जयपुर** (कासं)। आमेर इलाके में आपसी विवाद के चलते शुक्रवार रात पति-पत्नी ने एक-दूसरे पर पेट्रोल डालकर आग लगा ली। कमरा बंद कर लगाई आग में जिंदा जलने से पति की मौत हो गई। गंभीर झुलसी हालत में पत्नी का सवाई मानसिंह हॉस्पिटल में इलाज चल रहा है। पुलिस ने बताया कि मृतक कालूराम मीणा (27) कुंडा चैक पोस्ट चौराहा का रहने वाला था। पत्नी संतोष मीणा (25) का बर्न वार्ड में उपचार जारी है। जांच में सामने आया है कि कालूराम पास ही स्थित पेट्रोल पंप पर नौकरी करता था। दोनों की शादी 2 साल पहले हुई थी। दंपती के 6 महीने पहले ही एक बेटी हुई थी। उस समय संतोष अलवर निवासी बहन के पास थी। वह हाल ही में बेटी को बहन के पास छोडकर पति कालूराम के पास आई थी। रात करीब 8 बजे कालूराम बोतल में पेट्रोल लेकर घर पहुंचा था। यहां पर दोनों ने कमरा बंद कर एक-दूसरे पर पेट्रोल उडेलकर आग लगा ली। इसके बाद दोनों चिल्लाते हुए इधर-उधर भागे तो परिजनों को पता चल गया। दोनों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया, जहां पर डॉक्टरो ने शनिवार सुबह कालूराम को मृत घोषित कर दिया। पत्नी संतोष के बयान के बाद खुलासा हो पाएगा।

### युवक की हत्या का मामला दर्ज

**जयपुर** (कासं)। मालपुरा गेट इलाके में एक युवक की लोहे की वस्तू से सिर पर हमला कर हत्या करने का मामला सामने आया है। थानाधिकारी सतीश चौधरी ने बताया रैगरों का मोहल्ला निवासी ललिता देवी ने रिपोर्ट दी है कि उसका पति रमेश चंद (50) सांगानेर बाजार में प्लास्टिक आयटम का ठेला लगाता है। उसके पास ही किशन, रोहित और राहुल भी दुकान करते हैं। आरोप है 11 जनवरी को तीनों ने मिलकर रमेश पर लोहे की किसी भारी वस्तू से चोट मारी, जिससे उसकी मौत हो गई। आरोप है कि मारपीट के बाद आरोपियों ने उसके गिरकर घायल होने की झूठी सूचना दी। पुलिस तीनों युवकों के खिलाफ मुक़दमा दर्ज कर जांच में जुटी है।


### स्वच्छता दौड़ 14 फरवरी को

**जयपुर** (कासं)। ग्रेटर नगर निगम की ओर से स्वच्छता जागरूकता मैराथन 14 फरवरी को आयोजित की जायेगी। अमर जैन हॉस्पिटल व नूपुर संस्था के साथ मिलकर ग्रेटर निगम प्रशासन ने यह मैराथन दौड़ रखी है, जो सुबह महल रोड जगतपुरा से रवाना होगी। महापौर डॉ. सौम्या गुर्जर ने बताया कि मैराथन में भाग लेने वाले प्रतियोगिताओं को दौड़ किट, टी-शर्ट, प्रमाण-पत्र, पानी की बोतल और बेग दिया जायेगा। विजेताओं का पुरस्कार भी दिये जाएंगे।

### बदमाश ने युवक का मोबाइल छीना

**जयपुर** (कासं)। सांगानेर सदर इलाके में बदमाश एक युवक का मोबाइल छीन ले गए। पुलिस ने बताया श्याम विहार कॉलोनी निवासी अशोक कुमार बैरवा ने रिपोर्ट दी है कि 9 फरवरी की रात करीब 9 बजे केडी स्कूल के पास बाइक सवार बदमाश उसका मोबाइल छीन ले गए। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

## बाबा बालकनाथ की कलश यात्रा आज



जयनिवास उद्यान में कलशयात्रा की तैयारियां पूरी हुई।

**जयपुर** (कासं)। बाबा बालकनाथ कलश यात्रा सोमवार सुबह 8 बजे गोविंददेवजी मंदिर प्रांगण से रवाना होकर गोनेर रोड स्थित आश्रम में पहुंचेगी। कलशयात्रा की तमाम तैयारियां पूरी हो चुकी है।

जयनिवास उद्यान से रवाना होकर यह कलशयात्रा बड़ी चौपड़, जौहरी बाजार, सांगानेरी गेट, घाटगेट, ट्रांसपोर्ट नगर, घाट की गूणी, गोनेर रोड तिराहे से होते हुए बाबा बालकनाथ आश्रम पहुंचेगी। माना जा रहा है कि इस कलशयात्रा में करीब 2 हजार महिला-पुरूष, हाथी, ऊंट, घोड़े, बग्गी, बैंड व ट्रेक्टर ट्रॉलियों का लवाजमा होगा। यातायात पुलिस ने इस विशाल कलशयात्रा को देखते हुए ट्रेफिक डायवर्जन की विशेष व्यवस्था की है। कलश यात्रा के मार्ग पर हवामहल बाजार, बड़ी चौपड़, जौहरी बाजार व सांगानेरी गेट से ट्रांसपोर्ट नगर तक सभी प्रकार के वाहनों की पार्किंग नहीं होगी।

## 'डिजिटल कार्डियक रिहैब से लंबे समय तक हार्ट रहेगा सुरक्षित'

### इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस इटर्नल हार्ट कॉन्क्लेव-2023 संपन्न

**जयपुर** (कासं)। एंजियोप्लास्टी या बायपास सर्जरी के बाद हार्ट को पूरी तरह रिकवर करने के लिए वेस्टर्न देशों में 60 प्रतिशत मरीज कार्डियक रिहैब लेते हैं जबकि भारत में दो प्रतिशत से भी कम मरीज इसका इस्तेमाल कर रहे हैं। डिजिटल कार्डियक रिहैबेलेटेशन की मदद से घर बैठे हार्ट को लंबे समय तक सुरक्षित किया जा सकता है।

राजधानी में चल रही दो दिवसीय इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस इटर्नल हार्ट कॉन्क्लेव-2023 का रविवार को समापन हुआ। दूसरे दिन डॉ. समीन शर्मा के नेतृत्व में दो लाइव केस टेलीकास्ट हुए जिसमें कॉम्प्लेक्स एंजियोप्लास्टी और टावी किया गया। कोर्स डायरेक्टर डॉ. संजीव के. शर्मा एवं डॉ जितेंद्र सिंह मक्कड़ ने बताया कि कॉन्फ्रेंस में देश-विदेश से 500 से अधिक एक्सपर्ट्स शामिल हुए। दो दिनों में प्रिवेंटिव कार्डियोलॉजी और इंटरवेंशन कार्डियोलॉजी में आई नवीनतम तकनीकों पर कई सेशन में बात हुई। बेंगलुरु के डॉ. देवेंद्र सिंह चड्ढा ने बताया कि हार्ट डिजीज हमेशा बने रहने वाली बीमारी है। इससे मरीज को परेशानी कम से कम रहे, इसके लिए कार्डियक रिहैबेलेटेशन का उपयोग किया जाता है। यह अब डिजिटली भी होने लगा है जिसमें मरीज को हॉस्पिटल जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। डिजिटल कार्डियक रिहैबेलेटेशन में मरीज को साइंटिफिक गाइडेंस मिलती है जिसमें डॉक्टर के नेतृत्व में फिजिशियन, डाइटिशियन, फार्मालॉजिस्ट, साइकेट्रिस्ट और योगा इंस्ट्रक्टर उसके लिए डेली रूटीन तैयार करते हैं। एक हेल्थ मैनेजर मरीज के साथ लगातार कनेक्ट रहता है जो उसे सारे अपडेट देता रहता है। एक मोबाइल एप में मरीज का सारा डाटा रहता है जिसकी मदद से उसे डाइट, एक्सरसाइज, मेंटल सपोर्ट, आदतों में बदलाव करने में मदद मिलती है। इससे मरीज के हार्ट को कमजोर करने वाली बीमारियां जैसे बीपी, शुगर, कोलेस्ट्रॉल आदि को नियंत्रित किया जा सकता है।

■ **दो दिनों में हुआ कार्डियोलॉजी से जुड़े सभी बिंदुओं पर विचार विमर्श**



"इटर्नल हार्ट कॉन्क्लेव-2023" कॉफ्रेंस में डॉ. दीपक एल. भट्ट, डॉ. अतुल कासलीवाल व डॉ. जितेन्द्र सिंह मक्कड़ समेत अन्य डॉक्टर्स ने कई विषयों पर चर्चा की।

यूएसए के डॉ. दीपक भट्ट ने बताया कि खून पतला करने वाली दवा एस्प्रिन जैसी अन्य दवाएं आई हैं जिनके काफी अच्छे परिणाम हैं। उन्होंने बताया कि अगर हार्ट डिजीज नहीं है तो एस्प्रिन लेने से बचना चाहिए क्योंकि इससे ब्रेन हेमरेज या इंटरनल ब्लीडिंग जैसी गंभीर समस्या हो सकती है।

## सीएचए कार्मिक तीसरे दिन भी टंकी पर चढ़े रहे

**जयपुर** (कासं)। गांधी नगर स्थित पानी की टंकी पर चढ़े पांचों सीएचए कार्मिक रविवार को तीसरे दिन भी नीचे नहीं उतरे। बूंदी निवासी पूजा बावरिया, जयपुर निवासी गुड्डी व ममता, दौसा निवासी राकेश सैनी और मंडावर निवासी वेदराम मीणा ने बजट में मुख्यमंत्री द्वारा सीएचए कार्मिकों के लिए कोई घोषणा नहीं करने पर नाराजगी जताई थी।

हालांकि रविवार को पुलिस-प्रशासन ने राज्य सरकार से वार्ता करवाने के लिए कहा, लेकिन पहले टंकी से नीचे उतरने को कहा। जिस पर टंकी पर चढ़े पांचों कार्मिकों ने साफ इनकार कर दिया। उन्होंने कहा कि टंकी के नीचे हमारे प्रतिनिधि हैं, वे वार्ता कर लेंगे, अगर वार्ता में सकारात्मक रवैया रहा तो ही आंदोलन खत्म किया जायेगा।

उधर पानी की टंकी के नीचे जमा लोगों की संख्या रविवार को बढ़कर 200 के पास पहुंच गई है। हालांकि पुलिस ने टंकी के चारों ओर जाल का घेरा बना रखा है, ताकि अगर कोई युवा नीचे कूदने की कोशिश भी करे तो चोटिल नहीं हो।

सीएचए कार्मिको का आरोप है कि उनके द्वारा पूर्व में किये गए विरोध के दौरान राहुल गांधी सहित मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और प्रदेश के सभी एमएलए और मंत्रियों ने आश्वासन दिया था कि बजट में उन्हें नियमित कर दिया जाएगा, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। सरकार ने वादा खिलाफी की है। उधर 10 फरवरी को जब से यह युवा टंकी पर चढ़े थे, उसके बाद से सिविल डिफेंस और पुलिस के जवान मौके पर मौजूद है। हालांकि पुलिस अधिकारियों ने कई बार इन लोगों को समझाने का प्रयास किया लेकिन ये लोग नीचे नहीं उतर रहे। इन का आरोप है कि तीन दिन ये लोग पानी की टंकी चढ़े हुए हैं। उसके बाद भी सरकार का कोई मंत्री-विधायक या अधिकारी इन से मिलने तक नहीं आया।

गौरतलब है कि शनिवार को पुलिस व प्रशासन की समझाइश पर सीएचसी कार्मिक सरकार के साथ वार्ता को तैयार हो गए थे। इस दौरान सचिवालय में वित्त सचिव अखिल अरोड़ा के साथ उनकी वार्ता हुई। वार्ता में सरकार की ओर से नर्सिंग ऑफिसर भर्ती में सीएचसी कार्मिकों को 15 प्रतिशत बोनस अंक देने का प्रस्ताव दिया गया, लेकिन इस पर सहमति नहीं बनने से वार्ता बेनतीजा रही। उधर वार्ता विफल होने के बाद सीएचसी कार्मिकों का गांधी नगर में आंदोलन जारी रहा।

## लाइव कॉन्सर्ट

**जयपुर** (कासं)। म्यूज़िकल इवनिंग गाला में फायर वर्क्स और लाइव कॉन्सर्ट के बीच जयपुराइट्स ने लो-फ़ाय म्यूज़िक का आनंद लिया। होटल रॉकलैंड द्वारा शुरू हुए क्लब बूज़ अप में बीती शाम मेन्यू टेस्टिंग और डांस पार्टी का आयोजन किया गया। इस दौरान मुख्य अतिथि के तौर पर सीईओ एंड एडिटर इन चीफ भारत 24 और सीएमडी फर्स्ट इंडिया न्यूज़ जगदीश चंद्र ने शिरकत की। कार्यक्रम में शहर के गणमान्यों के लिए क्यूरेट की गए इस गेट-टुगेदर में अंकुश वाधवा ने अतिथियों की शाम यादगार बनाई। इवनिंग को ओर यादगार बनाते हुए वैरायटी मॉकटेल्स और पैर थिरकाने वाले म्यूज़िक ने समां बांधा।

## एक हजार डॉक्टर्स ने साईकिल चलाकर दिया स्वस्थ रहने का संदेश

### एस.एम.एस. मेडिकल कॉलेज के प्लेटिनम जुबली सेलिब्रेशन के तहत निकाली साइकिल रैली

**जयपुर** (कासं)। रविवार की सर्द सुबह रामनिवास बाग पर जुटे करीब एक हजार डॉक्टर्स ने एसएमएस मेडिकल कॉलेज के 75 साल पूरे होने का जश्न साइक्लिंग करके मनाया। मौका था एसएमएस मेडिकल कॉलेज के प्लेटिनम जुबली सेलिब्रेशन में आयोजित हुई साइकिल रैली साइकलोथॉन और वॉकथॉन का, जिसमें करीब एक हजार डॉक्टर्स ने वॉकिंग और साइक्लिंग कर जयपुर को हैल्दी लाइफ का संदेश दिया। राजस्थान स्टेट स्पोर्ट्स काउंसिल की अध्यक्ष कृष्ण पूनिया ने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया।

प्लेटिनम जुबली सेलिब्रेशन के आयोजन सचिव डॉ. अशोक गुप्ता ने बताया कि रामनिवास बाग के गेट नंबर 5 से शुरू हुई यह रैली तीन कैटेगिरी में हुई। पहली कैटिगिरी तीन किमी. की थी, जिसमें प्रतिभागियों को मोतीडूंगरी मंदिर चौराहे से यूटर्न लेकर आना था। दूसरी कैटिगिरी में गांधी सर्किल से टर्न लेकर पांच किमी. और तीसरी कैटिगिरी में जवाहर सर्किल से टर्न लेकर 19 किमी. का फैसला तय करना था। डॉ. अमिताभ दुबे और डॉ. संजय जैन मुख्य अतिथि का स्वागत किया। फ्लैग ऑफ के दौरान डॉ. कृष्ण पूनिया ने कहा कि इस तरह की एक्टिविटीज से लोगों में अपने स्वास्थ्य को लेकर जागरूकता बढ़ती है। डॉक्टर्स तो हमेशा ही लोगों के स्वास्थ्य को बेहतर करने के लिए प्रयासरत रहते हैं। डॉ. आईडी गुप्ता ने लकी ड्रा विजेताओं को पुरस्कृत किया। साइकलोथॉन के संयोजक डॉ. लोकेंद्र शर्मा, डॉ. अनिल यादव और डॉ. सोहन शर्मा ने बताया कि साइकलोथॉन की थीम हैप्पी हार्टी एंड हेल्थी लाइफ था। रैली से पहले कई तरह की फन एक्टिविटीज भी की गईं। सभी एलुमिनाई प्रतिभागियों ने प्लेटिनम जुबली सेलिब्रेशन की टीशर्ट पहनकर एसएमएस मेडिकल कॉलेज को अपना प्राइड बताया। डॉक्टर्स ने ढोल की ताल पर जमकर डांस किया। इस अवसर पर डॉ. एसके कौशिक, डॉ. तरुण पाटनी, डॉ. राकेश पूनिया, डॉ. मोहनीश ग्रोवर, डॉ. सिद्धार्थ शर्मा, डॉ. अनुराग धाकड़, डॉ. राजवेंद्र चौधरी, डॉ. सुनील शर्मा, डॉ. सरिता चौधरी, डॉ. दिनेश गौतम, डॉ. प्रदीप मीणा आदि चिकित्साकर्मियों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया।



एस.एम.एस. मेडिकल कॉलेज के प्लेटिनम जुबली सेलिब्रेशन के उपलक्ष्य में रविवार को साईकिल रैली में डॉक्टर्स के साथ-साथ बच्चों ने भी भाग लिया।

■ **राजस्थान स्टेट स्पोर्ट्स काउंसिल की अध्यक्ष कृष्ण पूनिया ने किया फ्लैग ऑफ**



## Saving Culture

Before the early nineteenth century, books were hand-bound, in the case of luxury medieval manuscripts in treasure bindings using materials such as gold, silver and jewels. For hundreds of years, book bindings had functioned as a protective device for the expensively printed or hand-made pages. In the 1820s great changes began to occur in how a book might be covered, with the gradual introduction of techniques for mechanical book-binding. Some of the first radically modern cover designs were produced in the Soviet Union during the 1920s, by Alexander Rodchenko and El Lissitzky.



#WILDLIFE

# Why can't we get along like wild animals?

Both tigers and dholes are classified as endangered, while leopards are considered vulnerable.





"Tigers, leopards, and dholes are doing a delicate dance in these protected areas, and all are manging to survive," says Ulhas Karanth, the Wildlife Conservation Society director for science in Asia as the lead author of a new study.

The study in India shows that three carnivores – tigers, leopards, and dholes (Asian wild dog) – seemingly in direct competition with one another, are living side by side with surprisingly little conflict. Usually, big cats and wild canids live in different locations to avoid each other.

Yet in four relatively small reserves in India's wildlife-rich Western Ghats region, WCS researchers have found that they are co-existing, despite competing for much of the same prey, including sambar deer, chital, and pigs.

Using dozens of non-invasive camera traps for sampling entire populations, rather than track a handful of individuals, the research team recorded some 2,500 images of the three predators in action.



The authors found that in reserves with an abundance of prey, dholes, which are active during the day, did not come in much contact with the more nocturnal tigers and leopards.


But in Bhadra Reserve where prey was scarcer, their active times overlapped, yet dholes still managed to avoid the big cats. In Nagarahole, a park teeming with all three carnivores and their prey, leopards actively avoided tigers.

Overall, the authors say that these carnivores have developed smart adaptations to coexist, even while they exploit the same prey base. However, these mechanisms vary depending on density of prey resources and possibly other habitat features.

"We were surprised to see how each species has remarkably different adaptations to prey on different prey sizes, use different habitat types and be active at different times. Because of small and isolated nature of these high prey densities in these reserves, such adaptions are helpful for conservationists trying to save all three," says Karanth.

Both tigers and dholes are classified as endangered, while leopards are considered vulnerable.

Understanding these separate yet overlapping species' needs is critical to managing predators and prey in small reserves, which is increasingly the scenario of the future. The authors say that by managing populations of flagship predators, like tigers, carefully overall biodiversity can also be conserved.



# We Are destroying Joshimath?



Devendra Kothari
*MS (Harvard)*
*Population and Development Analyst*

#ENVIRONMENT

> Luxury or comfort was never part of Hindu pilgrimage. For example, the Pandavas were firm in their resolve to renounce their Kingdom and began the ascent of a Meru hill in the Himalayas as part of their final journey. There were only seven climbers including king Yudhisthira and his four brothers and their wife- Droupadi- and a dog.



The term 'Environment' is basically the surroundings in which one lives. It includes both living and non-living things. A clean environment is essential for the human development and healthy survival of humans. Since the beginning of the Industrial Revolution, human influences on ecosystems have increased substantially.

India is a country that is facing the challenges of both people and environment. The country's total population has gone ahead of China in 2022 (1417 vs. 1412 million). The country is projected to have a population of 1668 million in 2050, more than China's 1317 million. As far as the environment performance is concerned, India has been ranked at the bottom in a list of 180 countries by the Environmental Performance Index, 2022, with low scores across a range of critical issues including ecosystem degradation. In fact, India is heading towards the environmental apocalypse very fast.

For example, the environmental crisis in Uttarakhand's Joshimath has again put the spotlight on the fragile ecosystem of the Himalayan region. Joshimath, a small town with a population of 13,000 people, is a gateway to some of the holiest Hindu religious sites.

The massive increase in the number of pilgrims in recent years has added to the environmental ills. More numbers mean larger numbers of vehicles and therefore more pressure and more carbon emissions on the terrain. In 2016, 6.5 lakh pilgrims visited Badrinath. It was 9.2 lakh in 2017, 10.4 lakh in 2018 and 12.4 lakh in 2019. The Yatra remained curtailed in 2020 and 2021. In 2022, the number shot up to 19.6 lakh.

To facilitate tourism and to gain political favours, the region is witnessing rampant construction in the last one decade. Char Dham National Highway, is an under construction two-lane (in each direction) express National Highway with a minimum width of more than 10 metres under the project. It will connect the four holy places namely Badrinath, Kedarnath, Gangotri and Yamunotri. The road and railway projects involve large scale digging of tunnels.

However, luxury or comfort was never part of Hindu pilgrimage. For example, the Pandavas were firm in their resolve to renounce their Kingdom and began the ascent of a Meru hill in the Himalayas as part of their final journey. There were only seven climbers including king Yudhisthira and his four brothers and their wife- Droupadi- and a dog.

There is a need to balance devotion and development. These pilgrim spots were identified in remote and inaccessible regions for precisely that reason--to get away from the mundane. So, think of what we are losing in this race for 'development'. True, the people of the mountains need better facilities and infrastructure, but the seismically active Himalaya cannot be 'developed' in the same way as the plains.

We are also damaging other sensitive areas like Aravalli, which is the most degraded ecological hill range in India. Once it was a tall mountain range working as the barrier between the Thar Desert in the west to fertile Indo-Gangetic plains in the east, now forming residual hills with an elevation of 300m to 900m. In addition, 31 hills or hillocks have disappeared in Haryana and Rajasthan. "If hills disappear in the country, what will happen? Have people become 'Hanuman' that they are running away with hills?" the Supreme Court Justice Lokur asked the representatives appearing on behalf of the states in 2018.

Further, the pristine areas like the Western Ghats are under stress and threat from industrial projects. There is little concern for habitat preservation. Coastlines, which are ecologically fragile areas, are also traumatised by industrial projects that have realised that direct access to the coast cuts down on their transportation costs. The government still anachronistically equates mega projects with progressive development, with the result that gigantic infrastructure projects are destroying vast swathes of forests and in urban areas decimating whatever little greenery there is.





In the end, if we do not show the will to understand and correct the systemic causes behind the failures at Joshimath and others, we are destined to be revisited by disasters of possibly increasing frequency, intensity and geographical spread. Impact of unregulated tourism, construction and over-ambitious infrastructure projects are making other Joshimaths in and around Darjeeling, Dharamshala, Chamoli, Nainital and Andman and Nicobar Islands among others. Unfortunately, we are not learning any lessons from the past disasters. On June 16, 2013, flash floods hit Kedarnath, claiming over 4,000 lives. Over nine years after this catastrophe, thousands of people lost their livelihood and thousands turned homeless.

What should be done? India's all ecosystems including farmlands, forests, freshwater, grasslands, mountains, oceans and coasts, rural and urban areas are being degraded, often at an alarming rate.India needs to re-create a balanced relationship with nature, not only by conserving ecosystems that are still healthy, but also by urgently restoring degraded ones. Here the concept of environmentalism can be a great help.

To protect the ecosystems, India's slogan should be 'Green thyself'. For this, Ecosystem-based Adaptation is a promising approach that strives to regain a balance by restoring the natural resources and also building adaptive capacities of people to combat the adverse impacts of climate change. India has to work on the five fronts immediately to protect and restore the environment.

First, focus on climate technology: In combating climate change and managing ecosystems, India needs the right emission abatement plan and technology. Abatement planning involves identifying key sources of emissions and implementing measures (including technology) to reduce them. Further, renewable energy has now become the cheapest source of energy production around the world. India needs right and usable technology to produce renewable energy in a decentralized way. Here technological innovations, based on artificial intelligence, could be great help in tackling some of the challenges associated with GHG emissions including carbon management.

Second, engage young minds: Environment awareness means being informed about our natural surroundings, and understanding how our actions affect the well-being of our local and global environment. The earlier people learn about the environment, the sooner they'll be able to contribute to safeguarding it. A good way to make this happen is to engage young minds about deforestation, droughts and floods, rising temperature, water scarcity and galloping population and air and water pollution, etc. Here schools can teach about combating climate change like cutting back on paper usage, reducing waste by reusing supplies, donating or selling instead of trashing items and making walking and biking to school safe, etc. We must infuse habits of replacement of plastic bags with reusable bags to carry goods from the market and shop, upgrading light bulbs, and most importantly by showing those behaviors to others and making these as public issues.

> In the end, if we do not show the will to understand and correct the systemic causes behind the failures at Joshimath and others, we are destined to be revisited by disasters of possibly increasing frequency, intensity and geographical spread. Impact of unregulated tourism, construction and over-ambitious infrastructure projects are making other Joshimaths in and around Darjeeling, Dharamshala, Chamoli, Nainital and Andman and Nicobar Islands among others.

Third, promote sustainable living: India has to promote awareness about sustainability. Sustainability consists of fulfilling the needs of current generations without compromising the needs of future generations, while ensuring a balance between economic growth, environmental care and social well-being.

Fourth, make climate change a public issue: Since the government cannot prevent environmental degradation on its own, awareness and actions initiated by the public play a very important and fundamental role in managing climate change. This is because, through public awareness and information, we can encourage the general public to participate in the fight to protect the environment as well as motivate the governments and corporate world to take right decisions in conserving the environment.

Lastly, rethink about freebies: The governments both at the centre and states have become habituated to giving freebies, be it in the form of loan waivers or free electricity, or TV sets. If the money spent on freebies is put to good use in combating climate change, it will promote sustainable development. In other words, freebies, dolls or subsidies are affecting climate change efforts negatively. India has to rethink about freebies.

In sum, degradation of the ecosystems, as discussed above, is undermining India's hard-won development gains and threatening the well-being of its youth and future generations, while making national climate commitments increasingly more difficult and costly to reach. Its worst impacts mainly affect people living in poverty, women and children, members of indigenous communities and older persons. As such, the need to restore damaged ecosystems and protect the environment has never been greater.

writetoarbit@rashtradoot.com






#HAPPINESS

# Walnuts for Better Mood

A handful per day is good for your mood, but overall health as well



College can be a stressful time for young adults as they figure out how to manage intense daily routines that include work, study and play. Eat well, exercise and get plenty of sleep is a familiar mantra to alleviate this stress, but now with the results of his latest study, UNM Nutrition Professor Peter Pribis is able to tell college students that walnuts could be a key to a happier state-of-mind.

In this first intervention study in humans, Pribis measured the effect of walnut consumption on mood.

"In the past, studies on walnuts have shown beneficial effects on many health outcomes like heart disease, diabetes and obesity," said Pribis. "Our study was different because we focused on cognition, and in this controlled randomized trial (CRT) we measured mood outcomes in males and females."

The participants of the study were 64 students between the ages of 18-25. They represented most ethnic groups: Caucasian, African American, Hispanic and Asian.



The participants were asked to eat three slices of banana bread every day for sixteen weeks – eight weeks of banana bread with walnuts and eight weeks of banana bread without walnuts. The nuts were finely ground into the dough so the two banana breads were similar in taste and appearance. While eating banana bread with walnuts the participants consumed half a cup of walnuts daily.

The mood of the students was measured at the end of each eight-week period.

"We used a validated questionnaire called Profiles of Mood States (POMS)," says Pribis. "It is one of the most widely used and accepted mood scales in studies on cognition. The test has six mood domains: tension, depression, anger, fatigue, vigor, confusion and also provides a Total Mood Disturbance score (TMD). The lower the TMD score the better the mood."

In this double-blind, randomized, placebo controlled, cross-over feeding trial with walnuts for eight weeks, Pribis observed a significant improvement in mood in young, healthy males.


"There was a meaningful, 28 percent improvement of mood in young men," said Pribis. "However we did not observe any improvement of mood in females. Why this is we do not know."

There are several nutrients in walnuts that could be responsible for the improved mood like alpha-Linolenic acid, vitamin E, folate, polyphenols or melatonin. However, this was a whole food study, so in the end it was the synergy and interaction of all the nutrients in the walnuts combined.

For Pribis, the lesson learned from this food study is clear, "Eat more walnuts". This is an easy intervention. They're not only good for your mood, but overall health as well. The recommended amount is one handful per day." With this knowledge in hand – and hopefully walnuts in the other – young men can happily tackle life's daily stress.

#TECHDERLY

# How Technology benefits elderly ?



Adults over 80 who use technology, like cellphones and computers, to stay connected report higher levels of both mental and physical well-being.

"Critics say that people might not be able to connect with others as well as they used to because of the spread of new technologies," says Tamara Sims, a research scientist at the Stanford University Center on Longevity.

"But there really is this bright side of technology, especially for older people, who may not have the opportunity to connect with many family members to the extent they want to due to physical limitations or geographical separation."

Specifically, the study shows that adults over the age of 80 are likely to report using technology because it helps them connect with friends and family. Also, those who reported using technology to primarily connect with loved ones reported higher mental well-being and those who said they used technology mostly to learn new information reported being more physically fit.

The population of people age 80 and older is the fastest growing segment in the United States. "It's critical that we focus our attention on this age group because they are a ballooning demographic subgroup, but also because more and more of us are increasingly likely to reach very old age," Sims says.


"These are different life stages, and they come with their own sets of challenges. At 65, people are typically entering retirement, and are likely still socially engaged. After 80, people typically begin to face more health problems, which may prevent them from engaging with others as often."

"I was going into it a little bit skeptical," Sims says. "Part of me wondered whether the use of technology would make much of a difference for this population because pervasive stereotypes characterize this age group as technologically inept, in addition to being physically and cognitively frail."

Contrary to these stereotypes, most of the respondents used at least one technological device regularly, and doing so was related to higher levels of self-reported physical and mental well-being.

"We can't say that using technology will directly improve the well-being of people over age 80. But our findings are suggestive of a viable pathway and may help to inform longitudinal interventions."

## THE WALL





## BABY BLUES

By Rick Kirkman & Jerry Scott




## ZITS

By Jerry Scott & Jim Borgman



# 14 लाख रुपए का अवैध डोडा-पोस्त सहित एक गिरफ्तार

## झाड़ू से भरे ट्रक को रूकवा कर चैक किया तो उसमें डोडा-पोस्त मिला

**चूरू, (कासं)।** रतननगर थाना पुलिस ने ट्रक में अवैध रूप से ले जा रहे 285 किलो डोडा-पोस्त सहित एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है।

जिला पुलिस अधीक्षक दिगंत आनन्द आई.पी.एस. ने बताया कि जिला चूरू में अवैध नशीले पदार्थों की तस्करी व परिवहन की रोकथाम व धरपकड के दौरान राजेद्र कुमार मीणा अति. पुलिस अधीक्षक चूरू व राजेन्द्र कुमार बुरडक वृताधिकारी वृत चूरू के निर्देशन व निकट सुपरविजन में थानाधिकारी पुलिस थाना रतननगर जसवीर कुमार उनि पुलिस थाना रतननगर मय टीम ने दौराने नाकाबंदी हाइवे पर रतननगर चौराहा पर फतेहपुर की तरफ से आ रहे एक ट्रक जो झाडू से भरा हुआ था, को रूकवा कर चैक किया गया तो उसमे अवैध रूप से तस्करी कर ले जा रहे 285 किलो डोडा पोस्त चूरा बरामद कर मुल्जिम तिजेंद्रपाल सिह उर्फ विक्की पुत्र सोदागर सिह जाति जट सिख उम्र 35 साल निवासी गांव गगडवाल पुलिस थाना खमाणो जिला फतहगढ साहिब पंजाब को गिरफतार किया गया है। प्रारंभिक पूछताछ में आरोपी द्वारा उक्त डोडा पोस्त चुरा मंदसोर से लाना और हिसार हरियाणा ले जाना बताया है। जब्तशुदा डोडा पोस्त की अनुमानित कीमत 14 लाख रुपये है। मामले में एनडीपीएस की धाराओं में प्रकरण दर्ज कर रजीराम उनि थानाधिकारी सदर चूरू द्वारा अनुसंधान किया जा रहा है। टीम में जसवीर कुमार उनि, कैलाश चंद्र सउनि, गोपाल राम हैड कानि, रमेश कुमार कानि, औमप्रकाश कानि, मुनेश कानि और चालक अनिल कुमार कानि शामिल रहे।


■ **झाड़ू की आड़ में अवैध रूप से तस्करी कर ले जा रहे 285 किलो डोडा पोस्त चूरा बरामद किया**

## गेलड़ा परिवार ने दीक्षा ग्रहण की

**जोधपुर, (कासं)।** आचार्य भगवन्त हीराचन्द म.सा. के मुखारविन्द से प्रकाश गेलड़ा ने अपनी धर्मपत्नी मधु गेलड़ा तथा पुत्री रिद्धि गेलड़ा के साथ जैन भागवती दीक्षा अंगीकार की। बिना किसी पूर्व सूचना के सम्पूर्ण सादगी के साथ दीक्षा कार्यक्रम रविवार को पावटा स्थित सामायिक स्वाध्याय भवन में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर आचार्यप्रवर, भावी आचार्यप्रवर सहित रत्नसंघ के कुल 64 संत-सती विराजमान थे। साथ ही ज्ञानगच्छीय संत श्रद्धेय राजेशमुनि म.सा. आदि ठाणा 2 भी उपस्थित रहे। बिना किसी पूर्व सूचना के सादगी पूर्ण आयोजित दीक्षा कार्यक्रम में विशाल संख्या में उपस्थित संघ के श्रावक-श्राविकाओं एवं युवाओं के समक्ष जैसे ही आचार्य प्रवर हीराचंद्र महाराज ने मुमुक्षुओं को दीक्षा पाठ सुनाया, दीक्षार्थी की जय-जयकार के उद्घोष से समूचा परिसर गूंज उठा। इस अवसर पर आचार्य प्रवर हीराचंद्र महाराज ने संयम की महिमा का बखान करते हुए सबको अपनी प्रकृति को मोड़ने का संदेश दिया।

# एक वर्ष से फरार धोखाधड़ी का आरोपी गिरफ्तार

## वाहन की किश्ते चुकाएं बगैर ही वाहन को खुर्दबुर्द कर धोखाधड़ी का मामला



धोखाधड़ी के आरोप में एक वर्ष से फरार आरोपी को राजनगर पुलिस ने गिरफ्तार किया।

**राजसमंद, (निसं)।** राजनगर पुलिस ने कार्यवाही करते हुए बीमा कंपनी के मार्फत वाहन खरीदी की और वाहन की किश्ते चुकाएं बगैर ही वाहन को खुर्दबुर्द कर धोखाधड़ी के मामले में एक वर्ष से फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार किया है।

सीआई डॉ. हनवंतसिंह राजपुरोहित ने बताया कि न्यायालय के आदेश से राजनगर थाने में दर्ज प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए एसपी सुधीर चौधरी, एएसपी शिवलाल बैरवा एवं डीएसपी बेनीप्रसाद मीणा के निर्देशन में थानाधिकारी डॉ. हनवन्त सिंह राजपुरोहित के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया।

टीम ने आरोपी को पकडने की कार्यवाही करते हुए भीलवाडा, राजसमन्द, चित्तौड़गढ़ में जगह-जगह दबिश दी गई। आरोपी माधवलाल (34) पिता हिरालाल गाडरी निवासी गाडरी मौहल्ला खण्डेल थाना कुंवारिया शातिर होकर अपनी सकुनत से फरार होकर आए दिन अपने मोबाईल नंबर व जगह बदलने से पकड में नहीं आ रहा था।

आरोपी कभी भी एक जगह पर ज्यादा दिन नहीं रहता था व हर जगह अपना नाम व पता बदलकर रहता था। पुलिस व मुखबिर की सूचना के आधार पर आरोपी माधवलाल गाडरी जो नेपाल की तरफ जाने की फिराक में था जिसे भादसोडा (चित्तौड़गढ़) चौराया से डिटेन कर गिरफ्तार कर न्यायालय मे पेश किया गया जो वर्तमान मे पुलिस अभिरक्षा में है।

## हमले में युवक घायल


**उदयपुर, (कासं)।** शहर के रेती स्टेण्ड पर दो पक्षों के बीच हुए झगडे गो देख बचाने गए युवक पर अज्ञात व्यक्ति ने चाकू से हमला कर दिया। घायल युवक को एमबी चिकित्सालय में भर्ती करवाया। प्राप्त जानकारी के अनुसार रविवार सांय शहर के हिरणमगरी थाना क्षैत्र में रैती स्टेण्ड रोड़ पर बाइक की टक्कर लगने से आवेश में आए व्यक्ति ने टक्कर लगाने वाले ने दूसरे पक्ष के साथ मारपीट कर दी। इसको देख मौके पर काम कर रहे दुकानदार खांजीपीर बीच बचाव करने पहुंचा। इसी दौरान जमा हुई भीडम में अज्ञातव्यक्ति ने खांजीपीर निवासी आवेश खां पुत्र साजिद खां पर चाकू से हमला कर फरार हो गया। गंभीर घायल को एमबी चिकित्सालय में भर्ती करवाया।

# डंपर की टक्कर लगने से मजदूर की मौत

**खेतड़ी, (निसं)।** खेतड़ी उपखंड के संजयनगर के पास एक डंपर की टक्कर लगने से रास्ते से जा रहे क्रेशर पर काम करने वाले मजदूर की मौत हो गई। मृतक टंकी पर पानी पीने के लिए जा रहा था, इसी दौरान नीचे से आए डंपर ने उसक टक्कर मार दी। घटना की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव का खेतड़ी के राजकीय अजीत अस्पताल से पोस्टमार्टम करवाया है। इस संबंध में मृतक के पुत्र की ओर से थाने में डंपर चालक के खिलाफ मामला भी दर्ज करवाया गया है।

सीआई विनोद सांखला ने बताया कि ढाणी ढुडानिया तन संजयनगर निवासी राकेश मीणा ने रिपोर्ट दी कि उसका पिता मानसिंह (50) पुत्र मातादीन मीणा संजयनगर के एक क्रेशर पर मजदूरी करता था। दोपहर को वह क्रेशर पर काम के दौरान बैचावाली ढाणी के रास्ते पर बनी पानी की टंकी पर पानी पीने के लिए रास्ते से पैदल जा रहा था। इसी दौरान पीछे से आ रहे एक डंपर के चालक ने तेज गति व लापरवाही से डंपर चलाकर उसके पिता को टक्कर मार दी, जिससे वह घायल हो गया। घायलवस्था में मानसिंह को खेतड़ी के राजकीय अजीत अस्पताल लाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। रिपोर्ट में बताया गया कि डंपर की टक्कर लगने से उसका पिता सड़क किनारे पडे पत्थरों में जा गिरा, जिससे उसको गहरी चोटें भी लगी थी। घटना की सूचना पर सीआई विनोद सांखला मय जाब्ते के मौके पर पहुंचे तथा घटना की जानकारी जुटाई।

मृतक मानसिंह क्रेशर पर मजदूरी कर अपने परिवार का पालन पोषण करता है और पिछले काफी समय से ही क्रेशर पर लगा हुआ था। सीआई ने बताया कि मृतक के पुत्र की रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर लिया गया है। खेतड़ी के राजकीय अजीत अस्पताल से मृतक के शव का पोस्टमार्टम करवा कर परिजनों को सुपुर्द कर दिया गया है। रिपोर्ट के आधार पर डंपर चालक के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।



मृतक मानसिंह

■ **टंकी पर पानी पीने के लिए जा रहा था मजदूर, रास्ते में डम्पर ने टक्कर मारी**

# जालोर महोत्सव-2023 का आगाज 15 से

## डॉ. कुमार विश्वास, कबीर म्यूजिकल नाईट होंगे आकर्षक के केन्द्र

**जालोर, (कासं)।** पर्यटन विभाग, जिला प्रशासन जालोर एवं जालोर विकास समिति के संयुक्त तत्वावधान में 15 फरवरी से आयोजित तीन दिवसीय जालोर महोत्सव 2023 का आगाज 15 फरवरी को शोभायात्रा से होगा। जालोर महोत्सव में इस बार राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त कवि डॉक्टर कुमार विश्वास के काव्य पाठ के माध्यम से कविताएं व कबीर म्यूजिकल नाईट में शबनम विरमानी व कबीर कैफे कबीर विचारो से लोगो को रूबरू करायेंगे।

जालोर महोत्सव के समन्वयक लक्ष्मणसिंह सांखला ने बताया कि जालोर महोत्सव 2023 को लेकर जिलेभर में उत्साह नजर आ रहा है। जालोर महोत्सव 2023 का आगाज 15 फरवरी को सुबह 8.30 बजे हनुमानशाला स्कूल से स्टेडियम ग्राउण्ड तक शोभायात्रा से होगा। इस बार षोभायात्रा आमजन को भारतीय संस्कृति से रूबरू करवाती नजर आयेगी। शोभायात्रा समन्वयक किशोरसिंह राजपुरोहित व तरूण गहलोत के निर्देशन में निकाली जायेगी। शोभायात्रा के सबसे आगे ढोल ढमाको के साथ नौबत पर महोत्सव का ध्वजा लहराता नजर आयेगा। शोभायात्रा विभिन्न मार्गो से होती हुई स्टेडियम प्रांगण पहुंचेगी। वहा स्टेडियम प्रांगण में उदघाटन सत्र में मुख्य अतिथि द्वारा जालोर महोत्सव 2023 का शुभारम्भ महोत्सव का ध्वजा लहराकर किया जायेगा। इसके बाद उद्घाटन सत्र के दौरान विभिन्न प्रकार की सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी जायेगी। उदघाटन सत्र के समस्त कार्यक्रम समन्वयक कार्तिक दवे व शैलेष शर्मा के निर्देशन में होंगे।

जलोर महोत्सव के समन्वयक लक्ष्मणसिंह सांखला ने बताया कि जालोर महोत्सव में इस बार राष्ट्रीय स्तरीय कवि डॉक्टर कुमार विश्वास 15 फरवरी को शाम 7 बजे स्टेडियम ग्राउण्ड के विशाल मैदान में श्रोताओं को विभिन्न कविताओं व चुटकलो के माध्यम से बांधे रखेंगे।

■ **जालोर महोत्सव-2023 को लेकर जिले भर में उत्साह नजर आ रहा है**

## पांच आरोपी गिरफ्तार

**उदयपुर, (कासं)।** गोगुन्दा थाना पुलिस ने सोशल मीडिया पर गैगस्टर बदमाशों को फॉलो करने के मामले में अपराधिक प्रवृत्ति के पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया। जिला पुलिस अधीक्षक विकास शर्मा के निर्देश पर चलाए जा रहे तलाशी अभियान के दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कुंदर कंविरया, पुलिस उप अधीक्षक भूपेन्द्र के सुपरविजन में गोगुन्दा थानाधिकारी अनिल कुमार मय टीम ने आसूचना व तकनीकी सहयोग से गैगस्टर लौरेन्स को सोशल मीडिया प्लेट फार्म एवं एफबी पर इस्टाग्रम पर फॉलों करने वाले बदमाश कैलाश पुत्र डालचन्द निवासी घासा, किशन पुत्र गंगाराम निवासी मजेरा, देलवाडा, राजसंमद, शंकरलाल पुत्र भेराजी निवासी धासा मुकेश पुत्र नन्दलाल निवासी धासा, कन्नाराम पुत्र भेरा निवासी धासा को गोगुन्दा कस्बे में धुमते हुए को डिटेन कर बाद पुछताछ गिरफ्तार किया गया। पुछताछ करने पर असामाजिक तत्वों द्वारा धमकी भी दी गई।

# हत्या के मामले में छह जने गिरफ्तार

**कपासन, (निसं)।** कपासन थाना क्षेत्र के धमाणा गांव में 4 फरवरी को रज्जाक पुत्र शफी मोहम्मद की चाकू लगने से मौत के मामले में कपासन पुलिस ने वांछित छः और आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपियों को न्यायालय में पेश कर पुलिस रिमांड प्राप्त किया गया।

पुलिस अधीक्षक राजन दुष्यंत ने बताया कि 4 फरवरी को कपासन के धमाणा गांव में मारपीट के दौरान बीच बचाव में आये धमाणा निवासी 55 वर्षीय रज्जाक पुत्र शफी मोहम्मद की चाकू लगने के मामले में कपासन थाना पर हत्या का प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की गई। वृत्ताधिकारी कपासन गीता चौधरी के सुपरविजन में थानाधिकारी कपासन, राशमी, भोपालसागर व आकोला के पुलिस जाप्ता द्वारा अलग अलग टीमों का गठन कर आरोपियों की तलाश शुरू की गई थी। मामले में पूर्व में 6 फरवरी को 2 आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया था। थानाधिकारी कपासन गजेन्द्रसिंह व पुलिस टीम द्वारा लगातार एफआईआर में नामजद वांछित आरोपियों व अन्य आरोपियों की धरपकड हेतु दबिश दी गई, परम्परागत पुलिसींग, मुखबिरी व तकनीकी अनुसंधान के दौरान सीसीटीवी फुटेज चेक किये गये व कॉल डिटेल व टावर डाटा प्राप्त कर मोबाईल नम्बरो का विश्लेषण किया गया।

आरोपी लोकेश, श्रवण माली व ललित उर्फ लक्ष्मण वारदात के बाद अहमदाबाद व आंधप्रदेश की तरफ चले गये जिनका टीम द्वारा पीछा कर तीनों आरोपियों को डिटेन किया गया एवं शेष आरोपियों कालुराम रेगर, शिवलाल रेगर व आकाश रावत के घटना के बाद उदयपुर की तरफ भाग जाने से तकनीकी रूप व मुखबीर सूचना से पीछा कर वांछित आरोपियों लोकेश माली, श्रवण माली, ललित उर्फ लक्ष्मण माली, कालुराम रेगर, शिवलाल रेगर व आकाश रावत को डिटेन कर बाद पूछताछ गिरफ्तार कर न्यायालय मे पेश कर पुलिस रिमाण्ड स्वीकृत कराकर आरोपियों से पूछताछ जारी है।




कपासन पुलिस ने युवक की हत्या के मामले में छह जनों को गिरफ्तार किया।

# दोबारा टेंडर जारी मामले की जांच की मांग

**डीडवाना, (निसं)।** डीडवाना की मॉडल स्कूल में बास्केटबॉल मैदान के रिंग बोर्ड कार्य का दोबारा टेंडर जारी करने के मामले को लेकर भाजपा ने नगर पालिका बोर्ड पर निशाना साधा है। भाजपा ने नगरपालिका के कांग्रेस बोर्ड को भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने वाला करार देते हुए इस पूरे प्रकरण की जांच करवाने की मांग की है।

भाजपा नेता जितेंद्र सिंह जोधा आज पत्रकारों से बातचीत करते हुए आरोप लगाया कि जबसे नगर पालिका में कांग्रेस का बोर्ड बना है, तब से लगातार भ्रष्टाचार की शिकायतें मिल रही है। मंडाबासनी की मॉडल स्कूल के बास्केटबॉल ग्राउंड के नाम पर भी लगभग 5 लाख रुपए का टेंडर जारी किया गया। जबकि यह कार्य पहले ही पूरा हो चुका है।

उन्होंने कहा कि इससे पहले भी नगर पालिका द्वारा 5 लाख रुपए तक के कामों के ऑफलाइन टेंडर जारी किए गए, क्योंकि नगरपालिका के लिए यह प्रक्रिया भ्रष्टाचार का एक सुगम मार्ग है। ऑफलाइन प्रक्रिया के माध्यम से नगरपालिका सड़क, नाले, लाइट जैसे अनेक ऐसे कामों के टेंडर जारी कर देती है, जो पहले से ही हो चुके होते हैं।

जो सीधे तौर पर भ्रष्टाचार की श्रेणी में आते हैं। दोबारा टेंडर निकालने का मकसद केवल और केवल सरकारी राशि का गबन करना है। ऐसे कामों में अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका अध्यक्ष और सत्ता पक्ष के राजनेता मिले हुए हैं। उन्होंने कहा कि इन कामों की अगर जांच की जाए तो डीडवाना नगर पालिका में करोड़ों रुपए का भ्रष्टाचार सामने आ सकता है। हम प्रशासन से मांग करते हैं की एसीबी से मॉडल स्कूल प्रकरण की जांच करवाई जाए, ताकि भ्रष्टाचार पर रोक लगाई जा सके और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की सके।

# विवाहिता की मौत, धरने पर बैठा पीहर पक्ष

**जोधपुर, (कासं)।** शहर के मथुरादास माथुर अस्पताल में भर्ती विवाहिता की मौत के बाद अब उसके पीहर पक्ष के लोग ससुराल वालों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर धरना दे रहे हैं। उन्होंने मांगे नहीं माने जाने तक बॉडी उठाने से इनकार कर दिया है। जानकारी के अनुसार जोधपुर के माता का थान की रहने वाली कंचन गहलोत की शादी वर्ष 2016 में पीपाड़ शहर में की गई थी। उसके दो बेटियां भी है। बड़ी साढ़े 4 साल की और छोटी 18 महीने की बेटी भी है। पीहर वालों ने आरोप लगाया कि शादी के बाद से ही उसके ससुराल वाले दहेज की मांग को लेकर उसे प्रताड़ित करते थे। उसे घर पर बात भी नहीं करने देते थे। इसका विरोध करने पर उसके साथ मारपीट की जाती थी।

# राजगढ़ धाम पर श्रद्धालुओं ने बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का संकल्प लिया

## महाराज ने आये हुये श्रद्धालुओं को रक्तदान करने के लिये भी प्रेरित किया

**अजमेर, (कासं)।** भैरव धाम राजगढ़ पर रविवार को श्रद्धालुओं की बढ़ती हुई भीड़ को देखते हुए मुख्य उपासक चम्पालाल महाराज ने प्रातः काल जल्दी ही बाबा भैरव, मां कालिका एवं मनोकामना पूर्ण स्थम्भ की पूजा अर्चना की। तत्पश्चात प्रदेशभर से आये सभी श्रद्धालुओं को मन्दिर परिसर में प्रवेश दिया गया। भैरव धाम पर प्रातःकाल से दूर दराज के बड़ी संख्या में श्रद्धालुगण उमड पडे जिसके चलते धाम पर मेले जैसा माहौल नजर आ रहा था।

धाम के प्रवक्ता अविनाश सेन ने बताया कि पिछले काफी समय से श्री मसाणिया भैरव धाम राजगढ़ चैरीटेबल ट्रस्ट के द्वारा श्रद्धालुओं की व्यवस्था के लिये सर्दी के मौसम के चलते सर्द हवाओ के देखते हुए ओढने के लिये कम्बल व रजाईयो के साथ सभी के लिये चाय की व्यवस्था भी की जा रही है। धाम पर आये श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए चम्पालाल महाराज ने कहा कि भगवान तो देता है लेता नहीं, राजगढ़ धाम पर किसी से कुछ लिया नहीं जाता है बल्कि आने वाले श्रद्धालु को अन्धविश्वास से भी दूर किया जाता है। महाराज ने आये हुये श्रद्धालुओं को रक्तदान करने के लिये भी प्रेरित किया और कहा कि अधिक से अधिक रक्तदान करना चाहिए। रविवार को आए हुए देश-प्रदेश के श्रद्धालुओं ने बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ व कन्या भ्रूण हत्या रोकने का महाराज की प्रेरणा से संकल्प लेते हुए 'कन्या भ्रूण हत्या महापाप है, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' जैसे कई नारों से पूरे राजगढ़ गाँव को गुंजायमान कर दिया।

राजगढ़ धाम की सबसे बड़ी विषेषता यह है कि यहाँ किसी भी प्रकार का दान, चन्दा, चढावा, गुप्तदान, पूजा सामग्री स्वीकार नही किया जाता और भैरव धाम राजगढ़ की अन्यत्र कोई शाखा भी नही है। धाम पर प्रदेशभर से पहुंचे श्रद्धालुओं ने नशा मुक्ती का संकल्प लिया जिसमें बिड़ी, सिगरेट, गुटका, शराब, चोरी, अपराध आदि को बाबा के चरणों में छोडा।



भैरव धाम राजगढ़ पर रविवार को हजारों की तादात में भक्त पहुंचे।

## पत्नी की हत्या मामले में पति गिरफ्तार

**बीकानेर, (निसं)।** पूगल में एक युवक ने अपनी पत्नी की हत्या कर दी। उसने पहले तो इसे एक हादसा बताने की कोशिश की लेकिन पुलिस ने सख्ती के साथ पूछताछ की तो राज खुल गया। महिला का गला दबाकर मारने के आरोप में पति को गिरफ्तार कर लिया गया है।

पुलिस के अनुसार कलावती की मृत्यु आठ फरवरी को हो गई थी। तब बताया गया कि पशु से दूध निकालते समय हादसा हो गया, जिससे कलावती की मौत हो गई। बाद में महिला के चाचा के लड़के भाई ने इस आशय का मामला दर्ज करा दिया कि उसकी बहन की हत्या की गई है। उसके पति गंगाबिशन ससुर मुलाराम और देवर तेजाराम पर मारपीट व परेशान करने का आरोप लगाया गया। इसी के चलते कलावती का गला दबाकर मारने का आरोप है। पुलिस ने इस मामले की तफ्तीश करते हुए पति गंगा बिशन को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने भी इस मामले को शुरू से ही संदिग्ध माना था। ऐसे में आरोपी पहले से पुलिस की निगरानी में थे। आठ फरवरी की शाम को परिजनों को सूचना मिली थी कि कलावती की मौत हो गई है। पुलिस ने इस मामले में तफ्तीश को आगे बढ़ाते हुए गंगा बिशन के साथ सख्ती से पूछताछ की। पुलिस का दावा है कि गंगा बिशन ने हत्या करना स्वीकार किया है। उसे अब अदालत में पेश किया जाएगा।

# शव रख हाईवे जाम करने के मामले में मुकदमा दर्ज

## रोड़ जाम कर प्रदर्शन और नारेबाजी करने वालों पर पुलिस ने केस दर्ज किया

**भीलवाड़ा, (निसं)।** ज़िले के आसींद थाना क्षेत्र में हुए रोशन हत्याकांड मामले में शव को नेशनल हाइवे पर रखकर रोड़ जाम कर प्रदर्शन और नारेबाजी करने वालों पर पुलिस ने केस दर्ज किया है। पुलिस ने 11 लोगों को नामजद किया है। वहीं सौ से डेढ़ सौ महिलायें और पुरुष मामले में आरोपित बनाये गये हैं।

आसींद थाना प्रभारी पूरणमल मीणा की रिपोर्ट पर आसींद पुलिस ने अपराध धारा 143, 147, 148, 149, 283 भादसं व धारा 8 बी राष्ट्रीय राजमार्ग अधिनियम 1956 के तहत केस दर्ज किया है। इस रिपोर्ट में मीरांबक्ष पीनारा, मदिना पत्नी चाँद मोहम्मद, इनायत पुत्र गफ्फार मोहम्मद, शाहरुख पुत्र तैयब पीनारा, टोनू पुत्र चांद, पिंटू पुत्र गफ्फार पठान, शरीफ, मुनीर मंसूरी, निजू, समीर पुत्र इकबाल व इदरिश को आरोपित बनाया है। रिपोर्ट के मुताबिक 10 फरवरी को अस्पताल में भर्ती रोशन बानो की मृत्यु होने पर शव का पोस्टमार्टम कराने के लिए थाना प्रभारी भीलवाड़ा एमजीएच गये। शव का बोर्ड से पोस्टमार्टम करवाया। इसके बाद शव मृतका के पौत्र समीर को सौंप दिया गया। इसके बाद थाना प्रभारी ने घटनास्थल पर पहुंच कर एफएसएल टीम के साथ निरीक्षण किया। इस दौरान मोहल्ले के लोग व मृतका के रिश्तेदार एकत्रित हो गये। इन लोगों ने शव को सुपुर्द ए खाक करने से मना कर दिया।

भीड़ ने थाना प्रभारी को बताया कि रोशन बानू ने मकान को असलम मोहम्मद को विक्रय किया। इस विक्रय विवाद के कारण ही मृतका के सौतेले बेटे रज्जाक मोहम्मद ने रोशन बानु के साथ मारपीट की थी। इस घटना का जिम्मेदार असलम है ,जिसको मौके पर बुलाने की बात को लेकर अड़ गए। इस बीच वहां काफी भीड़ जमा हो गई। थाना प्रभारी ने जाब्ता बुलवा लिया। एकत्रित भीड़ को रोशन बानू के शव को सुपुर्द ए खाक करने के लिए समझाईश के काफी प्रयास किये, लेकिन भीड़ नहीं मानी और ज्यादा उठा हो गई। शव को उठाकर नेशनल हाईवे 158 स्थित पीडब्लूडी चौराहे पर रख दिया।

थानाधिकारी मीणा व आसींद सर्किल के एसएचओ व जाब्ते ने भीड़ को उकसाने एव नेतृत्व करने वाले व्यक्ति मीराबक्स , मदीना, ईनायत पठान, शाहरूख, टोनु, पिन्टु पठान, शरीफ, मुनिर, निजु, समीर, ईदरीस एंव अन्य कई लोगों ने चेतावनी दी कि जब तक असलम मोहम्मद मौके पर नहीं आयेगा, तब तक लाश नहीं उठायेंगे। करीब 100-150 महिला-पुरुषों की भीड़ नारेबाजी करने लगी। भीड़ ने हाइवे पर आवागमन बाधित कर दिया। जो करीब एक घंटे बाधित रहा। नेतृत्वकर्ता एंव भीड़ को उकसाने वाले उक्त व्यक्तियो को कानून की जानकारी से अवगत कराने व समझाईस के बावजूद भी नेशनल हाईवे 158 पर मृतका की लाश को रखकर हाईवे को जाम कर आवागमन को बाधित किया। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया। इसकी जांच एएसआई मुरलीधर के जिम्मे की गई है।

## संक्षिप्त

### शिविर में 300 आवेदन तैयार किए

**मालपुरा, (निसं)।** वरिष्ठ नागरिकों व विशेष योग्यजनों को राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम की रोडवेज बसों में स्मार्ट कार्ड जारी किए जाने को लेकर परिवहन विभाग के सहयोग से रविवार को मालपुरा शहर के बस स्टैंड के पास एक दिवसीय शिविर लगाया गया। शिविर में तकरीबन 300 आवेदन प्राप्त हुए जिनके स्मार्ट कार्ड बनाने को लेकर सभी दस्तावेजों की पूर्ति की गई। दस्तावेज परिवहन विभाग कार्यालय को भिजवाए गए हैं। इस दौरान वरिष्ठ नागरिक व समाजसेवी दुर्गा लाल नामा,त्रिलोक चंद विजयवर्गीय युवा समाजसेवी हर्षवर्धन गालव सहित गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

### त्रिलोक सांभर नगर अध्यक्ष बने

**सांभरझील, (निसं)।** युवा अधिकारों एवं सामाजिक सेवाओं हेतू समर्पित संस्था यूथ फेडरेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष रविन्द्र सिंह राठौड़ ने सामाजिक कार्यों में सक्रिय भूमिका व नगर हितों को लेकर सक्रिय भूमिका अदा करने पर समाजसेवी त्रिलोक सैनी को यूथ फेडरेशन सांभर लेक के नगर अध्यक्ष पद पर नियुक्त किया। सैनी के नगर अध्यक्ष पद पर नियुक्त होने पर अनेक ईष्ट मित्रो और शुभचिंतकों ने शुभकामनायें दी।

### फागोत्सव का आयोजन 19 को

**पावटा, (निसं)।** पावटा घंटाघर बाजार स्थित छतरी वाले हनुमान मंदिर प्रांगण में 19 फरवरी रविवार को समय 10.15 बजे से एक दिवसीय विशाल फाग महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। आयोजक राहुल गोयल ने बताया कि सेवा दास महाराज भोमिया मंदिर के द्वारा व रानी सती मंदिर महंत मनु महाराज के सानिध्य में आयोजन किया जा रहा है।

### महिपाल सिंह नए एसडीएम होंगे

**मालपुरा, (निसं)।** राज्य सरकार के आदेशों पर कार्मिक विभाग के संयुक्त शासन सचिव देवेंद्र कुमार ने शनिवार की देर शाम 155 आर ए एस अधिकारियों के स्थानांतरण की सूची जारी की ।जारी की गई सूची में मालपुरा एसडीएम रामकुमार वर्मा का स्थानांतरण लाखेरी(बूंदी) किया गया तथा महिपाल सिंह को मालपुरा एसडीएम का दायित्व सौंपा गया।

# मालपुरा में जाट समाज की 200 प्रतिभाओं का सम्मान किया

**मालपुरा, (निसं)।** जाट सेवा समिति द्वारा रविवार को जाट बालिका छात्रावास में आयोजित भामाशाह व प्रतिभा सम्मान समारोह में करीब 200 प्रतिभाओं का सम्मान किया गया।

रविवार को आयोजित आयोजित सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए विधायक कन्हैया लाल चौधरी ने कहा कि, प्रतिभा किसी की मोहताज नहीं होती है प्रतिभा अपना रास्ता खुद चुनती है। उन्होंने कहा कि लक्ष्य तय करो, लक्ष्य की ओर बढ़ो, मेहनत करो ,मेहनत के सिवाय कुछ नहीं है। उन्होंने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि मेहनत से ही सफलता हासिल होगी।समाज में शिक्षा की महती आवश्यकता है।

समारोह की अध्यक्षता करते हुए जाट सेवा समिति के अध्यक्ष मोतीलाल कारवाल ने कहा कि गांव व शहर में इस प्रकार के आयोजनों से प्रतिभाओं को आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलेगी। विशिष्ट अतिथि के रूप में बोलते हुए पूर्व एडीऐम सुखराम खोखर ने कहा कि शिक्षा के माध्यम से ही हर व्यक्ति अपनी इच्छा पूरी कर सकता है, शिक्षा ऐसा



मालपुरा में जाट समाज के प्रतिभा सम्मान समारोह में 200 प्रतिभाओं व भामाशाहों का सम्मान किया।

क्षेत्र है, इसके माध्यम से जीवन में आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलती है। समाज के हर व्यक्ति का दायित्व है कि अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा ग्रहण करावे और आगे बढ़ने की प्रेरणा दें। समारोह में अतिथि के रूप में प्रधान सकराम चोपड़ा, किशनलाल फगोड़िया, तहसीलदार सहदेव मंडा, सुखलाल मुवाल, बी एल चौधरी देशमा सहित अन्य समाज बंधु मौजूद रहे। अतिथियों ने करीब 200 प्रतिभाओं को माला व प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। समारोह में जाट समाज के 2023 के कैलेंडर का भी विमोचन किया गया।

## 28 करोड़ का बजट सर्वसम्मति से पारित

**किशनगढ़ बास, (निसं)।** नगरपालिका किशनगढ़बास में वर्ष 2023-24 के बजट को लेकर बोर्ड की बैठक विधायक दीपचंद खैरिया की उपस्थिति में संपन्न हुई। बैठक में 28 करोड़ 49 लाख का बजट पारित किया गया, वहीं बैठक में कांग्रेस के प्रतिपक्ष नेता व पार्षद उमेश यादव ने सफाई रोड लाइट वेंडिंग मशीन के टेंडर एव खरीद-फरोख्त को लेकर गंभीर आरोप लगाए और जांच की मांग रखते हुए पूर्व में कराए गए 20 करोड़ के विकास कार्यों का लेखा-जोखा बैठक के समक्ष रखने की बात कही। विधायक दीपचंद खेरिया एवं नगरपालिका अध्यक्ष तारामणि सतीश सिंघल की उपस्थिति में वर्ष 2023-24 बजट पारित को लेकर हुई नगर पालिका बोर्ड की बैठक में प्रतिपक्ष के नेता वे पार्षद उमेश यादव ने सफाई रोड लाइट व वेंडिंग मशीन को लेकर गंभीर आरोप लगाए और जांच की मांग रखी। पार्षद अनीता रामेश्वर गुप्ता ने सफाई व्यवस्था को लेकर ठेकेदार की कार्यशैली पर सवाल उठाए। पार्षद तेज सिंह सैनी ने खराब रोड लाइट का मुद्दा उठाया जिस पर अधिकारी ने कंपनी पर जुर्माना लगाने की बात कही। बैठक की शुरुआत में पालिका अधिकारी महेश गुर्जर ने गत बैठक की कार्रवाई को पढ़कर सदन को अवगत कराया।

## सार-समाचार

### विवाह सम्मेलन के पोस्टर का विमोचन



**श्रीमाधोपुर, (निसं)।** भारत पथिक संस्थान जयपुर की एक आवश्यक मीटिंग 12 फरवरी रविवार को भारणी स्टैंड, जालपाली स्टैंड के पास रींगस श्रीमाधोपुर रोड पर सामूहिक विवाह कार्यक्रम कार्यालय पर सर्व समाज सामूहिक विवाह समिति की बैठक का आयोजन किया गया। भारत पथिक संस्थान जयपुर के बैनर तले सर्व समाज सामूहिक विवाह समिति के तत्वाधान में दिनांक 15 मार्च बुधवार शीतलाष्टमी को आयोजित होने वाले सर्व समाज के द्वितीय सामूहिक विवाह सम्मेलन की बैठक आयोजित की गई। बैठक में सर्वसम्मति से दुर्गा सिंह निठारवाल को आज की मीटिंग का अध्यक्ष मनोनीत किया गया। बैठक में विवाह समिति अध्यक्ष पूरन सिंह निठारवाल के दिशा निर्देश में विवाह समिति के सभी पदाधिकारियों एवं पधारे सभी समाज बंधुओं की उपस्थिति में 15 मार्च को आयोजित होने वाले सामूहिक विवाह सम्मेलन के पोस्टर का विमोचन किया गया।

### ब्राह्मण महापंचायत का पोस्टर विमोचित

**श्रीमाधोपुर, (निसं)।** कस्बे के श्री गौड़ विप्र परिषद समिति भवन श्रीमाधोपुर के परशुराम सभागार में रविवार को सर्व विप्र बंधुओं की एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में 19 मार्च को जयपुर के विद्याधर नगर स्टेडियम में होने वाले विशाल ''ब्राह्मण महापंचायत'' को लेकर पोस्टर का विमोचन किया वहीं श्रीमाधोपुर एवं आसपास के पंचायतों के गांवो के विप्र बंधुओं से संपर्क हेतु टीमें बनाई गई। इसके साथ ही युवा विप्र बंधुओं को शहर के मुख्य मार्गो में ब्राह्मण महापंचायत के पोस्टर लगाने की जिम्मेदारियां सौंपी गई एवं अन्य प्रबुद्ध बंधुओ को अभियान संबंधित होर्डिंग्स लगाने के लिए प्रेरित किया गया। इस संबंध में आगामी 18 फरवरी शनिवार को सांय 6 बजे अगली तैयारियों को लेकर गौड़ विप्र परिषद भवन में बैठक का आयोजन किया जाएगा ।

### नेत्र चिकित्सा शिविर आयोजित

**श्रीमाधोपुर, (निसं)।** आई रिसर्च सेंटर सोसायटी द्वारा जिला स्वास्थ्य समिति अंधता जयपुर के सहयोग से लायंस क्लब श्रीमाधोपुर की ओर से सहाय हॉस्पिटल मोती डूंगरी जयपुर के सानिध्य में राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र श्रीमाधोपुर में सुबह 9 से दोपहर 12 बजे तक आयोजीत नि:शुल्क नेत्र चिकित्सा एवम लैंस प्रत्यारोपण शिविर में जहां 51 नेत्र रोगियों की जांच की गई वहीं उनमें से 7 मरीजों का ऑपरेशन के लिए चयन किया गया। लायंस क्लब के अध्यक्ष सीताराम सैनी के अनुसार शिविर में लायन सागरमल हलवाई,कोषाध्यक्ष रेवत सिंह शेखावत, राजेंद्र प्रसाद जांगिड़ , मालीराम बिजारणिया, ललित सैनी, मानक चंद तिवारी, रामअवतार वर्मा आदि ने अपनी निस्वार्थ सेवाए प्रदान करते हुए शिविर को सफलता प्रदान करवाई।

### महर्षि दयानंद सरस्वती की जयंती मनाई

**सांभरझील, (निसं)।** यहां आर्य समाज समाज सांभर में महर्षि दयानंद सरस्वती की 200वीं जयंती बड़े ही धूमधाम से मनाई। आर्य समाज के पुरोहित रविदत मेधार्थी एवं नाथू लाल शर्मा के सानिध्य में आर्य समाज पदाधिकारियों एवं सदस्यों के साथ हवन यज्ञ संपन्न कराया। पुरोहित रविदत मेधार्थी ने महर्षि दयानंद सरस्वती के जीवन पर प्रकाश डाला और भजनों के माध्यम से उनके द्वारा किए गए समाज सेवा कार्यों के बारे में प्रकाश डाला यज्ञ में वैदिक मंत्रों से आहुतियां दी गई। उन्होंने बताया कि स्वामी ने अपना संपूर्ण जीवन समाज के कल्याण के लिए लगा दिया था।

### खाटूश्यामजी की पदयात्रा 21 को

**निवाई, (निसं)।** श्रीश्याम सखा परिवार के तत्वावधान में सीकर जिले में स्थित श्री खाटूश्याम बाबा के दर्शनों के लिए पीपलू झिराना से जाने वाली पैदलयात्रा को लेकर बैठक आयोजित हुई। बैठक में श्यामप्रेमियों द्वारा 21 फरवरी में फुलेरा दोज पर पीपलू के कूट वाले बालाजी मंदिर से पैदलयात्रा ले जाए जाने का निर्णय लेकर पदाधिकारियों को जिम्मेदारियां सौंपी हैं।

### आम रास्ते में कीचड़ से राहगीर परेशान



**निवाई, (निसं)।** गांव बहकवा से गुर्जरो कि ढाणी के पास से गुजरने वाला कच्चा रास्ता बलाइयो कि ढाणी मे जाता है। जो ढाणी में जाने वाला आम रास्ता है। जिसमे कीचड जमा हो जाने से स्कूल के बच्चो एवं राहगिरों सहित आमजन को भी परेशानी हो रही हैं। ग्रामीण गणेश, मदन, बबलू, रामेश्वर, राधे, कमल, बनवारी, पुरण, सुमन, संतोष, गुडी, ममता, सीता, गीता व जानकी ने बताया कि आम रास्ते में किचड भरा हुआ है। जिसके बारे में कई बार ग्राम पंचायत प्रशासन को भी अवगत किया गया है। लेकिन आज तक इस समस्या का समाधान नहीं हांने से स्कूल के बच्चो एवं राहगिरों सहित आमजन को भी परेशानी हो रही हैं। उन्होंने शीघ्र ही उक्त समस्या का समाधान करने की मांग की है। जिससे ग्रामीणों व राहगिरों को राहत मिल सके।

### नगर अध्यक्ष टेलर का सम्मान

**बोराज, (निसं)।** कस्बे में भारतीय राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस जयपुर जिला देहात के जिला महासचिव दिनेश परिहार व कार्यकर्ताओं ने नवनियुक्त नगर कांग्रेस अध्यक्ष प्रेमचंद टेलर का सम्मान किया गया एवं नियुक्ति पर ब्लॉक अध्यक्ष शिवजी राम खुरडिया का आभार व्यक्त किया ।

## एंजल स्कूल जिले में प्रथम

**खैरथल, (निसं)।** स्थानीय एंजल अकेडमी विद्यालय के सामान्य वर्ग के मेधावी विद्यार्थियों का चयन प्रोत्साहन योजना अलवर जिले में सबसे आगे रहा है।

संस्था प्रधान ज्योति आडतानी ने बताया कि उनके विद्यालय के कक्षा 12 में वाणिज्य संकाय में कोमल गुप्ता पुत्री रूप नारायण ,दिव्या गुप्ता पुत्री रविंदर कुमार गुप्ता , पिंकी कुमारी पुत्री योगेन्द्र सिंह ,विशाखा शर्मा पुत्री संजय शर्मा व आर्या सेठी पुत्री अशोक कुमार व कशिश गोयल पुत्री संजय कुमार तथा कक्षा 10 ( दस) में चारू गुप्ता पुत्री प्रवीण कुमार गुप्ता ,हर्षित असरानी पुत्र शिव कुमार असरानी ,अदिति पुत्री अरुण खंडेलवाल ,समीर कुमार रामानी पुत्र नंदलाल , यश गुप्ता पुत्र संदीप गुप्ता छवि अग्रवाल पुत्री पवन कुमार का चयन हुआ है। उक्त समस्त विद्यार्थियों का आर्थिक पिछड़ा वर्ग के सामान्य वर्ग के मेधावी विद्यार्थियों के प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत चयन हुआ है ।एन्जल अकेडमी के अलवर ज़िले में सर्वाधिक विद्यार्थियों का चयन होने पर शुभकामनाएं दी औरउन्हें 15 फ़रवरी तक ऑनलाइन करने हेतु मार्गदर्शित किया गया है।

# विधायक बलजीत यादव ने होनहार छात्रों का सम्मान किया

**बहरोड़/नीमराना, (निसं)।** बहरोड़ विधायक बलजीत यादव के फैसले के तहत राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल के खेल स्टेडियम में 450 करोड़ के विकास कार्यों सहित अनेक कार्यों का उद्घाटन सरकारी विद्यालयों के विद्यार्थियों द्वारा करने की उपलब्धियों के ऐतिहासिक फैसले में राजकीय विद्यालयों के विद्यार्थियों का सम्मान समारोह भारी जन सैलाब के साथ ऐतिहासिक साबित हुआ।

बहरोड़ विधायक बलजीत यादव के द्वारा की ऐतिहासिक पहल के तहत क्षेत्र के विकास कार्यों का उद्घाटन किसी राष्ट्रीय तथा राज्य स्तरीय राजनेता एवं अधिकारी से ना होकर उसी क्षेत्र के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों द्वारा करने की परंपरा देने के चलते बहरोड़ कस्बा भारी जनसैलाब एवं असंख्य वाहनों की लगी कतारों में थम सा गया था। वहीं पूर्व में खेल का मैदान रूपी वर्तमान बहरोड़ स्टेडियम क्षेत्र का विशालकाय ऐतिहासिक कार्यक्रम साबित हुआ।





बहरोड़ विधायक बलजीत यादव ने खेल स्टेडियम में विद्यार्थियों का सम्मान किया।

कार्यक्रम में राजस्थान व अलवर सहित बहरोड़ की आवाज को गुंजायमान करने वाले विधायक बलजीत यादव द्वारा राठ क्षेत्र बहरोड़ में राजकीय स्कूलों के तमाम प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं द्वारा उद्घाटित करने एवं 4 साल की ऐतिहासिक उपलब्धियों एवं वर्तमान की जिला अस्पताल बहरोड़, स्वतंत्र कृषि मंडी बहरोड़, नीमराणा तथा बर्डोद नगर पालिका एवं मांढण को तहसील दर्जा तथा गंडाला उपतहसील एवं पशु चिकित्सालय मांढण को प्रथम श्रेणी पशु चिकित्सालय का दर्जा सहित गादोज से बहरोड़ व माजरी एवं काठुवास तथा रामचंद्रपुरा हरियाणा सीमा तक 12 करोड़ की लागत से 12 किलोमीटर सड़क निर्माण तथा एडीजे कोर्ट नीमराना एवं सीएचसी माजरी कलां एवं जखराना सहित आरटीडीसी मिडवे को दोबारा चालू कराने एवं मांढण में नई गोण मंडी तथा बहरोड़ विधानसभा के विभिन्न गांवों में 450 करोड़ की लागत से 108 किलोमीटर सड़कों के निर्माण कार्यों का राजकीय विद्यालयों के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों द्वारा उद्घाटित करने का सम्मान समारोह बहरोड़ खेल स्टेडियम में ऐतिहासिक साबित हुआ।

# लापरवाही बरतने पर बीडियो को निलम्बित किया, चार कर्मचारियों को चार्जशीट दी

■ मंत्री जूली ने विकास कार्यों की समीक्षा बैठक ली

**अलवर, (निसं)।** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री टीकाराम जूली आज पूरी तरह एक्शन में दिखे उन्होंने बिना देरी किए लापरवाह बीडियो को निलम्बित कर एवं चार अन्य अफसरों को चार्ज सीट थमा कर यह साबित कर दिया कि अब लापरवाही किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

मंत्री जूली की अध्यक्षता में आज जिला परिषद सभागार में अलवर ग्रामीण क्षेत्रा के अन्तर्गत आने वाली ग्राम पंचायतों में ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग की योजनाओं में चल रहे कार्यों के संबंध में समीक्षा बैठक आयोजित हुई।

उन्होंने सभी ग्राम विकास अधिकारियों को मनरेगा योजना, एमएलडी, एलएडी आदि योजनाओं में तीन दिवस में प्रगति लाने हेतु निर्देश दिये। उन्होंने स्वच्छ भारत मिशन, प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण, राज्य वित्त आयोग व 15वें वित्त आयोग की समीक्षा करते संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये कि इन कार्यों में गति लावे तथा समन्वय के साथ कार्य कर आमजन को योजनाओं से लाभांवित करावे। उन्होंने निर्देश दिये कि जिला परिषद व पंचायत समिति आपसी सामन्जस्य के साथ कार्य करते हुए कार्य संपादित करे। उन्होंने निर्देश दिये कि मनरेगा योजना में महिलाओं को शत-प्रतिशत मेट बनाया जावे तथा समयबद्ध रूप से मस्टरोल जारी करावे।

उन्होंने योजनाओं की कम प्रगति पर नाराजगी जताते हुए कहा कि लापरवाही किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि सात दिवस पश्चात फोलोअप बैठक आयोजित की जाएगी। मंत्री जूली ने जिला परिषद सीईओ को निर्देशित किया कि कार्यों में गंभीर लापरवाही करने वाले ग्राम पंचायत जमालपुर के ग्राम विकास अधिकारी विरेन्द्र तिवाडी को निलम्बित करने एवं न्यून प्रगति वाली ग्राम पंचायत खारेडा एवं ढहलावास से संबंधित कनिष्ठ तकनीकी सहायक एवं ग्राम पंचायत नान्दनहेडी, केसरपुर, भाखेडा, खारेडा व ढहलावास के ग्राम विकास अधिकारियों को चार्जशीट देने के निर्देश दिये।

## निशान यात्रा धूमधाम से निकली

**निवाई, (निसं)।** श्याम मंदिर के नवम पाटोत्सव को लेकर रविवार को कंकाली माता मंदिर से श्याम निशान यात्रा धूमधाम से निकाली गई।

श्याम मित्र मंडल के अध्यक्ष रवि अग्रवाल ने बताया कि श्याम पाटोत्सव समारोह के तहत रविवार को कंकाली माता मंदिर से सुबह साढे आठ बजे वैदिक आचार्यो के सान्निध्य में संत मनीषदास महाराज, पालिकाध्यक्ष दिलीप ईसरानी, कांग्रेस शहर अध्यक्ष पारस पहाडी, भाजपा नेता रामसहाय वर्मा, मास्टर मदनलाल वर्मा, सीताराम वर्मा ने निशानों की पूजा अर्चना की। निशान यात्रा में रथ में बाबा श्याम की आकर्षक झांकी सजाई गई। निशान यात्रा में आरती के बाद श्याम भक्त हाथों में निशान लेकर रवाना हुए। निशान यात्रा कंकाली माता मंदिर से चौहटी बाजार, सर्राफा बाजार, सब्जी मंडी, बडा बाजार, बस स्टैंड, अहिंसा सर्किल, होकर निकली। श्याम प्रेम मंडल सहित अनेक सामाजिक संगठनों ने जगह जगह एक किलोमीटर लंबी निशान यात्रा का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। निशान यात्रा में श्रद्धालु भजनों पर नृत्य करते हुए फू लों व गुलाल से होली खेलते हुए चल रहे थे। ड्रोन से निशान यात्रा पर पुष्प वर्षा व इत्र वर्षा की गई। श्रद्धालुओं ने बाबा श्याम की जगह -जगह आरती की। युवा यात्रा में आगे आगे आतिशबाजी करते हुए चल रहे थे। डीजे पर सैंकडों श्रद्धालु नृत्य करते हुए चल रहे थे।

# देवली शहर में अवैध बहुमंजिला इमारतों का निर्माण हो रहा है

■ अवैध निर्माण को देख कर भी पालिका प्रशासन नहीं कर रहा कार्रवाई

**देवली, (निसं)।** इन दिनों नगर पालिका प्रशासन ने अवैध निर्माण के विरुद्ध कार्रवाई किए जाने में पर दोहरी नीति अपनाए हुई हैं। इसलिए कि शहर की बसावट को बदरंग बनाए जाने पर आमदा बहुमंजिला इमारतों के अवैध निर्माण पालिका प्रशासन दिखाई नहीं दे रहे हैं।

यहां बहुमंजिला इमारतों के मालिकों के अवैध निर्माण को देख कर भी पालिका प्रशासन ने आंखों पर पट्टी बांधी ली है। तो दूसरी तरफ कमजोर वर्ग तकबे के अवैध निर्माणों को हटाने की कार्रवाई पर स्वयं की पीठ थपथपा रहा है।

मामला यह है कि इन दिनों शहर में बहु मंजिला इमारत खड़ी करने की होड़ लगी हुई है। यहां पालिका के अधिकारियों ने शहर की बेशकीमती भूमियों पर हो रहे अवैध निर्माणों को साठगांठ के फेरे में अनदेखा किया हुआ है। इतना ही नहीं यहां पालिका के इंस्पेक्टर अधिकारी और अधिशासी अधिकारी को शहर में हो रहे अवैध निर्माणों की पूरी जानकारी बखूबी प्राप्त है। बावजूद इसके संबंधित अधिकारी यहां शहर के रोड पर हो रहे अवैध निर्माणों को रुकवाने की कार्रवाई नहीं कर रहे हैं। यहां पालिका की भूमि शाखा से नगर नियोजन और बिल्डिंग बाइलॉज नियम के तहत भवन निर्माण नक्शा तामीर अधिकारियों द्वारा जारी तो



देवली शहर में नगर नियोजन और बिल्डिंग बाइलॉज नियम के विपरीत बहुमंजिला इमारतों का निर्माण हो रहा है।

किया है। परंतु अधिकारियों की मौजूदगी में बहुमंजिला इमारतों के निर्माण नक्शा तामीर से बिल्कुल वितरित हो रहे हैं। जिन्हें साफ तौर पर अवैध निर्माण करार दिया जा सकता है। यहां नगर नियोजक अधिनियम के विपरीत हो रहे अवैध निर्माणों को पालिका प्रशासन ने मानो जेसे खुली छूट दे दी हो। तो वही पालिका प्रशासन की दोहरी नीति पर मामला यह भी सामने की शनिवार को टेनिस वाले पीर बाबा के कटले में भवन निर्माण कार्य करवाया जा रहा था कि इसी दौरान पालिका प्रशासन के अधिकारी को यहां अवैध रूप से छज्जे का अवैध निर्माण दिखाई दिया जिसके विरुद्ध अवैध निर्माण को ध्वस्त किए जाने की कार्रवाई शुरू कर दी।

मगर जनता कॉलोनी में बहु मंजिला इमारत के निर्माण में रोड पर निकाले गए छज्जो के अवैध निर्माण के विरुद्ध कार्रवाई करने पर अधिकारी ने आंख मूंद ली और अधिकारी को यहां अवैध निर्माण इसलिए दिखाई नहीं दिया की उक्त बहुमंजिला इमारत के निर्माण में छज्जो का अवैध निर्माण पालिका के चहेते व्यक्ति द्वारा करवाया जा रहा है। यह समझने वाली बात तो यह है कि पालिका प्रशासन नियम अनुसार कार्रवाई के नाम पर अवैध निर्माणों के विरुद्ध केवल कमजोर तबके के लोगों के अवैध निर्माण पर कार्रवाई कर प्रफुल्लित हो रहा है।

इधर पालिका के पार्षद दुर्गेश नंदन साहू ने बताया कि जनता कॉलोनी में बन रहे बहुमंजिला इमारत का नक्शा पालिका प्रशासन ने जारी किया हुआ है। भवन निर्माण में दो तरफा छज्जा निकालने की अनुमति भी पालिका भूमि शाखा से स्वीकृत हुई है। ऐसे में सवाल यह उठता है कि पालिका प्रशासन अपने चहते व्यक्तियों के निर्माण हेतु नगर नियोजक अधिनियम के विरुद्ध रोड पर छज्जा निर्माण कराने की अनुमति किस नियम के तहत जारी कर रहा है।

सुरेश कुमार मीणा अधिशासी अधिकारी नगर पालिका देवली का कहना है कि शहर के जनता कॉलोनी में बहुमंजिला इमारत के निर्माण में रोड पर छज्जा निकालने की अनुमति नगर पालिका से जारी नहीं की हुई है। उक्त भवन निर्माण की जांच करने के लिए पालिका से कर्मचारियों को भेजा जाएगा।

## फाल्गुन मेले की व्यवस्थाओं का जायजा लिया

**खाटूश्यामजी, (निसं)।** कस्बे के बाबा श्याम के पट खुलने के बाद प्रथम रविवार को श्रद्धालुओं की अपार भीड़ उमड़ पड़ी। जिला कलेक्टर डॉ. अमित यादव ने खाटूधाम पहुंचकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। अधिकारियों को सुगम दर्शन व्यवस्था को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। उपखंड अधिकारी प्रतिभा वर्मा, तहसीलदार विपुल चौधरी, एएसपी रतन लाल भार्गव, डीवाईएसपी विजय सिंह, थानाधिकारी सुभाष यादव प्रशासनिक सुधार अधिकारी राकेश लाटा, श्री श्याम मंदिर कमेटी के प्रताप सिंह चौहान व व्यवस्थापक संतोष शर्मा से अब तक की गई व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी ली। जिला कलेक्टर ने पार्किंग, मेला मजिस्ट्रेट कार्यालय से श्रद्धालुओं के साथ-साथ पैदल पदमार्ग का निरीक्षण किया। इस दौरान रींगस से आने वाले साधनों को गोल्डन वाटर पार्क से ही पार्किंग में डायवर्जन कर भेजने, लामिया की तरफ से आने वाले साधनों के लिए सीताराम जोहड़ी में पार्किंग बनाने श्रद्धालुओं द्वारा लाने वाले निशानों को लखदातार मेला मैदान से इस बार बनाये नए रास्ता पर निशान स्थल बनाने के आदेश दिए। इसके साथ ही सुरक्षा व्यवस्थाओं को लेकर एएसपी रतनलाल भार्गव को कहा की सुगम दर्शन व्यवस्था को लेकर व्यवस्थाएं की जाए जिससे श्रद्धालु एक अच्छा संदेश लेकर जाए।

# मोदी ने सीएम द्वारा पुराने बजट पढ़ने को लेकर कसा तंज

■ हंसते हुए कहा, इसे राजस्थान की किसी घटना से ना जोड़ा जाए

**लालसोट, (निसं)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा दौसा जिले के धनावड में दिल्ली मुंबई एक्सप्रेस-वे के लोकार्पण समारोह में खुद के करीब पैंतीस मिनट चले संबोधन के आखिरि पडाव पर 10 फरवरी को मुख्यमंत्री अशोक गहलोत द्वारा राजस्थान प्रदेश के बजट पेश करने के दौरान पुराने बजट को पढ़ने को लेकर इशारों ही इशारों में तंज कश दिया एवं कहा कि इस घटना को राजस्थान में हुई किसी भी घटना से नहीं जोड़ा जाए।

दस फरवरी को राजस्थान के बजट को मुख्यमंत्री अशोक गहलोत द्वारा पेश करते समय पुराने बजट को पढ़ने को लेकर प्रधानमंत्री मोदी ने बेहद सधी हुई घटना में उसका विवरण दे डाला। जिससे जनसभा में मौजूद जो लोग प्रधानमंत्री मोदी द्वारा इशारों इशारों में दिए गए व्यक्तव्यों को समझ गये वो ठहाके लगा कर हस पड़े। प्रधानमंत्री मोदी ने इस घटना को एक प्रसंग से जोड़ते हुए कहा कि, जब वे प्रधानमंत्री नहीं थे तब संघ के कार्य के लिए राजस्थान प्रवास पर थे। करीब 12 से 1 बजे का समय था उसी दौरान उनके एक साथी खाने के लिए उनको एक विवाह कार्यक्रम में ले गए। लेकिन जब वे उस विवाह स्थल पर पहुंचे तो उनको विवाह जैसा कुछ प्रतीत नहीं हुआ। जब उनके साथी द्वारा उनके झोले में रखे शादी के निमंत्रण पर पत्र को देखा गया तो वह निमंत्रण पत्र उसी दिन का था पर पिछले साल का था। इस वजह से उनको बिना भोजन किए ही लौटना पड़ा। उन्होंने उस दौरान यह भी कहा कि, राजस्थान के बजट से इसका कोई लेना देना नहीं है। मोदी ने कहा कि गलती किसी से भी हो सकती है, कांग्रेस के पास कोई विजन नहीं है उनकी घोषणा केवल कागजों तक ही सीमित है धरातल पर लाने के लिए कांग्रेस पार्टी का कोई इरादा नहीं है।

## संक्षिप्त

### श्रीश्याम शक्ति मण्डल की बैठक

**कोटपूतली, (निसं)।** श्री श्याम शक्ति मण्डल कोटपूतली ट्रस्ट की बैठक रविवार को आयोजित हुई। जिसमें आगामी 26 फरवरी को राजमार्ग स्थित श्री श्याम मंदिर से खाटू धाम के लिए अखण्ड ज्योति पद यात्रा रवाना किये जाने का सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया। इस दौरान अध्यक्ष श्याम लाल बंसल, कोषाध्यक्ष जगदीश तिलकधारी, मंत्री मनोज दीवान, रमेश सैनी फूलवाला, भीम नारनौली, सुभाष नारनौली, ओमी सैनी, घनश्याम शर्मा, रामनिवास मंत्री, राजू सैनी, राजेन्द्र बंसल, एड. मनोज बंसल, केशव बंसल, रमेश जिंदल, जगन प्रसाद दीवान, कैलाश सैनी, महेश बंसल, बाबू सैनी, विजय सैनी, मुकेश सैनी, चौथमल सैनी, अमरसिंह व बबलू जोशी सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### विदाई समारोह का आयोजन

**फुलेरा, (निसं)।** कस्बे की सांभर सड़क स्थित सेंट एन्सल्म स्कूल में 12 वीं कक्षा का विदाई समारोह का आयोजन स्कूल के फादर सीजू के सी की अध्यक्षता में किया गया। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न गतिविधियां एवं प्रतियोगितायें आयोजित की गई। जिसमें श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। साथ विद्यालय के विद्यार्थियों में से मास्टर एन्सल्म एवं मिस एन्सल्म के ताज से भी नवाजा गया। जिसमें मास्टर एन्सल्म से हितेश वासदेव एवं मिस एन्सल्म से स्वास्ति शर्मा को नवाजा गया है। इस अवसर विद्यालय का स्टाफ एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

### साधरण सभा की बैठक आज

**चाकसू, (निसं)।** नगरपालिका अध्यक्ष कमलेश बैरवा की अध्यक्षता में सोमवार को 2 बजे साधरण सभा की बैठक आयोजित की जाएगी यह जानकारी पालिका के कार्यवाहक ईओ पुष्पेंद्र पांचाल ने दी। पालिका ईओ पांचाल ने बताया कि बैठक में वित्तीय वर्ष 22-23 के बजट की पृष्टि, वर्ष 23-24 के बजट की स्वीकृति पर विचार, अध्यक्ष की अनुमति से अन्य बिंदुओं पर विचार पर चर्चा होगी। गौरतलब की पालिका की 1 साल बाद होने जा रही बैठक को लेकर पार्षदों में विशेष उत्साह है वह अपने वार्डो में कार्यो को लेकर तैयारी में लगे हुए हैं।

# 'जनप्रतिनिधि एकजुट होकर कार्य करते हैं तो जनकल्याण का मार्ग प्रशस्त होता है'

■ गृह राज्यमंत्री राजेन्द्र सिंह यादव ने ग्राम पंचायत चिमनपुरा में विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण व उद्घाटन किया

**कोटपूतली, (निसं)।** कस्बे के निकटवर्ती ग्राम पंचायत चिमनपुरा में रविवार को विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण व उद्घाटन क्षेत्रीय विधायक, उच्च शिक्षा व गृह राज्यमंत्री राजेन्द्र सिंह यादव के मुख्य आतिथ्य में हुआ।

यादव ने चिमनपुरा में ग्राम पंचायत के नवनिर्मित सामुदायिक भवन, नव क्रमोन्नत राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विधालय, पशु चिकित्सालय भवन, राजकीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, खेल स्टेडियम, सामुदायिक अम्बेडकर भवन व ग्राम सेवा सहकारी समिति लिमिटेड के 100 मिट्रिक टन क्षमता वाले गोदाम का बतौर मुख्य अतिथि लोकार्पण किया। इस दौरान कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए उन्होंने कहा कि राज्य सरकार के चार वर्षों से अधिक के कार्यकाल में कोटपूतली विधानसभा क्षेत्र में 2500 करोड़ से अधिक के विकास कार्य हुये हैं। क्षेत्र में बिजली, पानी, सडक, स्वास्थ्य व शिक्षा से लेकर विभिन्न विकास कार्यो एवं मुलभुत सुविधाओं



ग्राम पंचायत चिमनपुरा में आयोजित कार्यक्रम को राजेन्द्र सिंह यादव ने सम्बोधित किया।

की अनेकों योजनायें आई हैं। यादव ने कहा कि गोपालपुरा रोड़ को फोर लेन किये जाने का कार्य जल्द ही शुरू होगा।

अध्यक्षता प्रधान नेहा रावत ने की। जबकि विशिष्ठ अतिथि के रूप में सरपंच मानसिंह धानका, पंसस हँसराज धानका आदि मौजूद रहे। यादव ने विभिन्न जगहों पर फिता काटकर उद्घाटन किया। वहीं अनावरण पट्टीका का लोकार्पण भी किया। मुख्य अतिथि यादव समेत अतिथियों का ग्रामीणों द्वारा माला व साफा पहनाकर स्वागत किया गया। इस दौरान राज्यमंत्री यादव ने हाथ से हाथ जोड़ो अभियान के तहत ग्रामीणों से संवाद करते हुए उन्हें कांग्रेस पार्टी की रीति-नीति, क्षेत्र में हुए विकास कार्य व जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी दी। कार्यक्रम में पूर्व विधायक रामचन्द्र रावत, प्रधान प्रतिनिधि इन्द्राज रावत, बीसीएमओ डॉ. बिजेय यादव, सहकारी समिति अध्यक्ष कबुल यादव, उपाध्यक्ष मक्खन लाल गुर्जर, व्यवस्थापक अशोक कुमार यादव, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष कन्हैया लाल सैनी, पीसीसी मेम्बर नरसी गुर्जर, युवा कांग्रेस के विधानसभा क्षेत्र अध्यक्ष राकेश रावत, मालीराम कम्पाउन्डर, सांवत सरपंच, विक्रम सरपंच, सरपंच जगदीश डीलर, बहादुरमल डीलर, छाजुराम बोहरा, कबीर उत्थान समिति के हजारी लाल, भगवान सहाय, कैलाश, ललित, जसवंत, सुरेश हवलदार समेत ग्रामीण मौजूद थे।

### जनता क्लिनिक की स्वीकृति पर मिठाई बांटी

**नरैना, (निसं)।** कस्बे के पुराने सीएचसी भवन में जनता क्लिनिक खोलने की प्रशासनिक व वित्तीय स्वीकृति मिलने पर आतीशबाजी कर व मिठाई बांटकर खुशी जताई। स्थानीय निवासी सोरभ लुहाड़िया, पवन कुमार लुहाड़िया ने बताया कि जनता क्लिनिक की सौगात मिलने पर कस्बेवासियों ने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, फुलेरा विधायक निर्मल कुमावत, दूदू विधायक बाबूलाल नागर, कांग्रेस प्रत्याशी विद्याधर सिंह चौधरी, लालचंद कटारिया का आभार व्यक्त कर मिठाई बांटकर खुशी जताई है। लुहाड़िया ने बताया कि पुराने सीएचसी भवन में जनता क्लिनिक खोले जाने से सरकार को नया भवन बनाने के लिये सरकारी धन का व्यय भी नहीं करना पड़ेगा। केवल आवश्यक संसाधन जुटाकर चिकित्सा कर्मचारियों की व्यवस्था होते ही जनता क्लिनिक शुरू हो जायेगा। इस अवसर पर पीर मोहम्मद गुज, पवन कुमार लुहाड़िया, फकीर खां गहलोत, सिराजुद्दीन गौड, संवाई खां, ब्रम्हप्रकाश स्वामी, रतनलाल गंगवाल, नंदलाल गुर्जर, राकेश सोढाणी, राधेश्याम मुरारका, भागचंद देवतवाल सहित कस्बेवासी मौजूद रहे।

# विधायक ने हाथ से हाथ जोड़ो अभियान की शुरुआत की

■ आपसी भाईचारे के साथ सद्भावना बढ़ाने का संदेश दिया

**चाकसू, (निसं)।** कोटखावदा में विधायक वेदप्रकाश सोलंकी ने हाथ से हाथ जोड़ो अभियान की शुरुआत की। कांग्रेस कार्यकताओं व आमजन ने तहसील मुख्यालय से रैली की शुरुआत की जो मुख्य बाज़ारों से होते हुए अंबेडकर सर्किल पर समाप्त हुई

इस अभियान के दौरान विधायक सोलंकी ने लोगों से मिलकर आपसी भाईचारे के साथ सद्भावना बढाने व सांप्रदायिक नफ़रत मिटाने का संदेश दिया। वहीं राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा के संदेश को आमजन तक पहुंचाया। कार्यक्रम में चाकसू ब्लॉक अध्यक्ष भरत लाल मीणा , माधोराजपुरा ब्लॉक अध्यक्ष पवन खारोल, नगरपालिका चेयरमैन कमलेश बैरवा , पीसीसी सदस्य हरिनारायण चौधरी, शिवप्रताप हरसाना, ज़िला परिषद सदस्य जयनारायण अमावता, वरिष्ठ कांग्रेसी लक्ष्मण चोपड़ा ,पूर्व चेयरमेन अब्दुल हमिद खोखर, पूर्व किसान कांग्रेस ज़िलाध्यक्ष हज़ारी लाल चौधरी, पंचायत समिति चाकसू, कोटखावादा, माधोराजपुरा के सरपंच गण, कांग्रेस कार्यकर्ता सहित आमजन उपस्थित रहे।



कोटखावदा में विधायक वेदप्रकाश सोलंकी ने कांग्रेस के हाथ से हाथ जोड़ो अभियान की शुरुआत की।

## सार-समाचार

### पं.स. का भवन बाहर बनाने की मांग

**बसवा, (निसं)।** दौसा जिले में बसवा पंचायत समिति का प्रस्तावित नया भवन इन दिनों नेताओं की आपसी टांग खिंचाई का केंद्र बना हुआ है। जानकारी मुताबिक एक दर्जन से अधिक लोगों की मांग है कि पंचायत समिति का भवन अलवर सिकंदरा मेगा हाईवे तहसील कार्यालय डाइट के पास बनाया जाए। इस संबंध में कई ग्राम पंचायतों के सरपंच व समाजसेवियों समेत अन्य युवा नेताओं ने क्षेत्रीय विधायक से यह मांग रखी है। लोगों का कहना है कि बसवा पंचायत समिति का भवन बसवा बाजार से बाहर बनाया जाए ताकि 15 ग्राम पंचायतों से आने वाले लोगों को कोई समस्या नहीं हो। गौरतलब है कि बसवा में अंदर जाने के लिए रास्ते की बडी समस्या है। पूर्व में फाटक की समस्या बडी थी लेकिन अब रेलवे फाटक को हटाकर बनाया गया अंडर पास बरसात के दिनों में पानी भरने से समस्या से ग्रसित है। यदि बसवा पंचायत समिति का कार्यालय बाजार की बजाए अलवर सिकंदरा मेगा हाईवे के आसपास कहीं भी बनाया जाए तो लोगों को बडी सुविधा होगी। बाजार में उन्हें कई तरह की समस्याओ का सामना पहले से ही करना पड रहा है। लोगो का कहना है कि यदि पंचायत समिति भवन बाजार में बना तो उन्हें मजबूरन हाईकोर्ट की शरण लेनी पडेगी। इस संबंध में बसवा पंचायत समिति के प्रधान को भी अवगत करवाया गया है।

### नगरपालिका के लिए गुहार लगाई

**फागी, (निसं)।** फागी को नगरपालिका बनाने के लिए कस्बेवासियों ने विधायक एवं मुख्यमंत्री सलाहकार बाबूलाल नागर को ज्ञापन सौंपते हुए गुहार लगाई। कस्बे के व्यापार मंडल के साथ ब्लॉक कांग्रेस कमेटी फागी एवं सैंकडों आमजन रविवार को प्रात: बसों द्वारा विधायक निवास पर पहुंचे जहां सबसे पहले नागर को 21 मीटर लम्बा साफा बंधवाकर फागी में ए डी जे कोर्ट एवं पी डबल्यू डी के अधिषाशी अभियन्ता कार्यालय खुलवाने के लिए धन्यवाद ज्ञापित करते हुए बजट घोषणा में नगरपालिका बनने से विमुख रहे फागी कस्बे को पूरक बजट में नगरपालिका बनवाने के साथ जयपुर से फागी लो फ्लोर बस चलवाने फागी गौण कृशि मंडी को कृशि उपज मंडी बनवाने राजकीय महाविद्यालय फागी को स्नात्कोत्तर में क्रमोन्नत करवाने एवं फागी में नंदी शाला खुलवाने की मांग को लेकर हस्ताक्षर युक्त ज्ञापन विधायक को सौपा। जहां विधायक नागर ने ज्ञापन में की गई मांगों की ओर पूर्ण आश वस्त किया। क्षेत्र के पूर्व प्रधान महावीर जैन व्यापार मण्डल के पदाधिकारी जयकिषन सोयल गोपाल टेलर नीरज झण्डा चम्पालाल जैन रामेष्वर लील महावीर अजमेरा रामावतार शर्मा सहित सैंकडों कार्यकर्ता एवं कस्बेवासी उपस्थित थे।

### शपथ ग्रहण समारोह सम्पन्न

**टोंक, (निसं)।** मुस्लिम नागौरी समाज का शपथ ग्रहण समारोह मोती बाग रोड स्थित सोफिया सीनियर हायर सेकेंडरी स्कूल प्रांगण में किया गया। समारोह की अध्यक्षता मुफ्ती आदिल नदवी ने की। इस अवसर पर शुरुआत तिलावते कुरान कारी अफजल मियां, हाफिज नाजिम व नात शरीफ बुरानुद्दीन के साथ की गई। मुस्लिम नागौरी समाज के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष शब्बीर नागौरी के साथ कार्यकारिणी को शपथ ग्रहण करवाई गई । इस अवसर पर अध्यक्ष शब्बीर नागौरी ने कहा कि मुस्लिम नागौरी समाज खेती किसानी जमीन जागीरी से जुडा हुआ, मेहनतकश समाज है, सरकार ने इसे पिछडे वर्ग में शामिल किया हुआ है । समाज को पिछडे वर्ग की सभी योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए वह हर संभव प्रयास करेंगे समाज में शिक्षा को शीर्ष स्थान मिले उनकी प्राथमिकता होगी, खास तौर पर महिला शिक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए महिला शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी बनाने का इरादा ध्यान में रखकर काम किया जायेगा।

### राइट टू हेल्थ बिल का विरोध

**पावटा, (निसं)।** राइट टू हेल्थ बिल का विरोध करते हुए शनिवार को निजी अस्पतालों में सेवाए बंद रही। वहीं पावटा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भी चिकित्सकों ने 2 घंटे के लिए सुबह 9 से 11 बजे तक पेन डाउन कर कार्य का बहिष्कार किया। वही इमरजेंसी सेवा शुरू रही। इसी दौरान ओपीडी परिसर में हर चिकित्सक कक्ष के बाहर मरीजों की लंबी लाइन लगी रही। जिससे मरीजों को अपनी स्वास्थ्य जांच कराने के लिए काफी देर तक इंतजार करना पडा। राइट टू हेल्थ बिल का विरोध करते हुए एसजीएन हॉस्पिटल निदेशक डॉक्टर जयराम यादव, डॉ. सुरेश ठुकरान, गुप्ता हॉस्पिटल निदेशक डॉ. रवि अंजली गुप्ता, जयपुर हॉस्पिटल डॉ. अमन महलावत, मैक्स संजीवनी हॉस्पिटल डॉ. सुरेंद्र यादव, संतोष आई हॉस्पिटल डॉ. संदीप कुमार, सिद्धि विनायक हॉस्पिटल डॉ. हेमंत यादव, श्री श्याम हॉस्पिटल डॉ. इंद्रा अग्रवाल, राजस्थान हॉस्पिटल डॉ. नवनीत सिंह सहित चिकित्सकों ने बताया कि राजस्थान में निजी स्वास्थ्य सेवाओं पर हानिकारक और विनाशकारी प्रभाव पडेगा। बिल को किसी भी सूरत में लागू होने योग्य नहीं बताया। उन्होंने बताया कि बिल डॉक्टरों के खिलाफ सजा का प्रावधान है। राजस्थान से डॉक्टरों का पलायन हो जाएगा। बिल में सजा के खिलाफ अपील करने का प्रावधान नहीं है।

### कृष्ण बाल लीलाओं का वर्णन किया

**पावटा, ( निसं )।** निकटवर्ती ग्राम पंचायत भोनावास की ढाणी मान्यावाली स्थित शिव मंदिर में संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह महोत्सव में पांचवे दिन आचार्य पंडित राहुल कृष्ण शास्त्री द्वारा श्री कृष्ण बाल लीलाओं का वर्णन किया गया। इस दौरान आचार्य पंडित राहुल कृष्ण शास्त्री ने कहा कि कृष्ण हिन्दू धर्म में विष्णु के अवतार हैं। सनातन धर्म के अनुसार भगवान विष्णु सर्वपापहारी पवित्र और समस्त मनुष्यों को भोग तथा मोक्ष प्रदान करने वाले प्रमुख देवता हैं। जब-जब इस पृथ्वी पर असुर एवं राक्षसों के पापों का आतंक व्याप्त होता है तब-तब भगवान विष्णु किसी किसी रूप में अवतरित होकर पृथ्वी के भार को कम करते हैं। वैसे तो भगवान विष्णु ने अभी तक तेईस अवतारों को धारण किया। इन अवतारों में उनके सबसे महत्वपूर्ण अवतार श्रीराम और श्रीकृष्ण के ही माने जाते हैं। श्री कृष्ण का जन्म क्षत्रिय कुल में राजा यदुकुल के वंश में हुआ था।

# पंचकल्याण महामहोत्सव का आयोजन

■ 19 को जन्मकल्याणक महोत्सव में 21 हाथी, 13 बग्गियों पर निकलेगी शोभायात्रा

**टोंक, (निसं)।** शहर के आदर्श नगर में नव-निर्मित नवग्रह अरिष्टनिवारक नवग्रह जिन मन्दिर में श्री मजिजिनेन्द्र पंचकल्याण महामहोत्सव का आयोजन 17 से 22 फरवरी तक किया जायेगा।

आदर्श नगर जैन समाज के अध्यक्ष पारसमल जैन फुलेता वाले व समाज के प्रदीप जैन देवली वालों ने प्रेस वार्ता में बताया कि सकल दिगम्बर जैन समाज आदर्श नगर टोंक व सकल दिगम्बर समाज टोंक के तत्वावधान में विश्व के इतिहास में प्रथम सर्वाधिक बारम्बार भू-गर्भ से प्रकटित जिन बिम्बों के अतिशय से सुशोभित टोंक शहर के आदर्श नगर में पंचकल्याणक महामहोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा।

पंचकल्याण महामहोत्सव अध्यक्ष कमलेश कुमार कलेई वाले ने बताया कि 17 फरवरी को गर्भकल्याण पूर्वार्द्ध में प्रात:7.30 बजे कलश यात्रा, ध्वजारोहण, मंडीप उद्घाटन, चित्रअनावरण, दीप प्रज्जवलन, मंगल कलश स्थापना, 18 को गर्भ कल्याण उत्तरार्द्ध को दोपहर 12.30 बजे तपोवन आट्स ग्रुप की सांस्कृतिक प्रस्तुति, सायंकाल माता का मंगल स्नान श्रृंगार, महाराजा नाभी राय दरबार, माता की सेवा, 56 कुमारियों का आगमन, 19 को जन्मकल्याणक महोत्सव में 21 हाथी, 13 बग्गियों पर शोभायात्रा एक नीजि गार्डन से घंटाघर से वापस होकर आदर्श नगर पांडुशिला पर पहुंचेगी, जहां पर कलशाभिषेक किया जायेगा। कार्यकारी अध्यक्ष ज्ञानचंद भरनी वालो ने बताया कि 20 फरवरी को तप कल्याण महोत्सव में दोपहर को विवाह संस्कार, 32 मुकुटवद्ध राजाओं का आगमन, 21 को केवल ज्ञान कल्याणक महोत्सव एवं 22 को मोक्ष कल्याण महोत्सव का आयोजन किया जायेगा। महामहोत्सव के कार्यक्रम में आचार्य इन्द्रनन्दी महाराज ससंघ व पंडित मनोज जैन शास्त्री के सानिध्य में मन्दिर में स्थित वेदियों का नवनिर्मित नवग्रह अरिस्टनिवारक जिनमन्दिर में पट उद्घाटन करवाते हुए मूलनायक भगवान सुर्वतनाथ, पदमप्रभु भगवान, आदिनाथ भगवान, चन्द्रप्रभु भगवान, पाश्र्वनाथ भगवान, नेमीनाथ भगवान, वासुपूज्य भगवान, शान्तिनाथ भगवान, पुष्पदन्त भगवान वेदी अनावरण जिनबिम्ब स्थापना के साथ ही शिखर पर पाश्र्वनाथ भगवान की वेदियों की स्थापना की जाएगी।

### दस वर्ष से बंद पड़े रास्ते को सुचारू करवाया

**कोटपूतली, (निसं)।** कस्बे के निकटवर्ती ग्राम पंचायत गोरधनपुरा से महरमपुर नवाब होते हुए कुजोता, अजीतपुरा की ओर जाने वाला रास्ता विगत दस वर्ष से बंद पड़ा था। जिसे क्षेत्रीय विधायक, उच्च शिक्षा व गृह राज्यमंत्री राजेन्द्र सिंह यादव के प्रयासों से सुचारू करवाया गया है। सरपंच प्रतिनिधि रघुवीर सिंह यादव ने बताया कि राज्यमंत्री यादव के प्रयासों से रविवार को रास्ते को चालू करवा दिया गया है। जिस पर मिसिंग लिंक योजना में डामरीकरण सडक का निर्माण कार्य आगामी तीन माह में पूर्ण करवा दिया जायेगा। सडक निर्माण में लगभग 1.5 करोड़ रूपये का व्यय होगा। इस दौरान प्रताप चौधरी, धोलाराम, राजेश यादव, रमेश यादव, रामकुमार, रामावतार, झझुराम, ओमी पंच, हरिप्रभात, राकेश, रामजीलाल, अशोक समेत ग्रामीण मौजूद रहे।

# मोदी के आने से पहले बेकाबू भीड़ ने फेंकी कुर्सियां

**लालसोट, (निसं)।** दोसा जिले के धनावडे में एक्सप्रेस-वे के हुए लोकार्पण समारोह में प्रधानमंत्री मोदी के पहुंचने के कुछ मिनट पहले ही बेकाबू भीड़ द्वारा कुर्सियों को तोड़कर हवा में उछाल दिया गया।

इस दौरान प्रधानमंत्री को सुनने पहुंचे लोगों द्वारा वहां पर पेयजल एवं आदि व्यवस्थाओं से आक्रोशित होकर कुर्सियों को जमीन पर पटक तोड़कर उनको हवा में उछाल कर फेंक दिया। भीड़ द्वारा कुर्सियों को तोड़ कर हवा में उछाल दूर फेंकने से भीड़ में मौजूद लोगों को चोटें लगी। गनीमत रही कि इन कुर्सियों के गिरने से दो लोगों को हल्की फुल्की छोटे ही लगी एवं कोई बड़ा हादसा होने से टल गया।

वहीं इस हंगामे को देखकर पुलिस प्रशासन भीड़ को नियंत्रित करने के लिए दौड़ा एवं काफी मशक्कत के बाद पुलिस द्वारा भीड़ को नियंत्रित कर शांत किया गया एवं प्रधानमंत्री की यह जनसभा हंगामे की भेंट चढ़ते चढ़ते बच गई। इस लोकार्पण कार्यक्रम में हाईवे के अधिकारियों द्वारा की गई व्यवस्थाओं की भी पोल खुली एवं प्रधानमंत्री मोदी की सभा में आए लोग पेयजल जैसी सुविधा नहीं मिलने के कारण नेताओं अधिकारियों को कोसते हुए नजर आए। वहीं जानकारों के अनुसार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के एक्सप्रेसवे लोकार्पण कार्यक्रम में दौसा, करौली, भरतपुर, सवाई माधोपुर, धौलपुर, जयपुर, टोंक आदि कई जिलों से करीब डेढ़ लाख लोगों के पहुंचने की जानकारी दी गई। प्रधानमंत्री मोदी की जनसभा समाप्त होते ही सड़कों पर लोगों का सैलाब नजर आया एवं कई किलोमीटर तक लोगों की आवाजाही एवं खड़े हुए वाहनों की रेलम पेल नजर आई।

# बजट को लेकर विधायक गुर्जर ने आभार जताया

■ बजट को सत्ता पक्ष अपनी उपलब्धि बता रहा है तो वहीं विपक्ष ने इसे कोरा मजाक बताया

**पावटा, (निसं)।** शुक्रवार को राजस्थान सरकार ने अपना अंतिम बजट पेश किया। सरकार ने आगामी वर्ष होने वाले विधानसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए इसमें सभी वर्गो को किसी न किसी रुप में टच किया है।

बजट को यहां सत्ता पक्ष अपनी उपलब्धि बता रहा है तो वहीं विपक्ष इसे कोरा मजाक बता रहा है। सत्ता पक्ष का कहना है कि बजट में सभी वर्गो का याल रखा गया है। विपक्ष का कहना है कि छह महीने बाद चुनाव आ जाने हैं। ऐसे में जितनी घोषणाएं हुई हैं उसमें से कितनी सिरे चढती हैं यह तो समय ही बताएगा। विराटनगर विधानसभा क्षेत्रीय विधायक इंद्राज गुर्जर ने बजट को लेकर कहा कि आमजन के हितों को ध्यान में रखते हुए आम आदमी समेत प्रत्येक वर्ग को राहत व लाभ देने के उद्देश्य से लाया गया यह बजट सही मायनों में बचत, राहत व बढत के नारे को साकार कर रहा है।

उक्त बजट से प्रदेश के प्रत्येक वर्ग में हर्ष की लहर है। साथ ही यह स्पष्ट हो गया है कि जनता अब भाजपा को अगले चुनाव में भी विपक्ष में बैठाने वाली है। उक्त बजट से आम आदमी को बढती हुई महंगाई में राहत मिलेगी। कांग्रेस कमेटी पावटा ब्लॉक अध्यक्ष महादेव यादव, नगर अध्यक्ष सुरेश शर्मा, ओमप्रकाश गौड, वैध बनवारी लाल निरंकारी, गोपाल अग्रवाल, ब्लॉक उपाध्यक्ष अजय सैनी, वरिष्ठ कार्यकर्ता मनोज अग्रवाल, राजीव डेहरवाल, मनोज रातावाल का कहना है कि बजट में राज्य सरकार ने सभी वर्गो के लिए कुछ न किया कुछ किया है। वहीं भाजपा जिला अध्यक्ष जितेंद्र शर्मा, पूर्व विधायक डॉ. फूलचंद भिंडा, पूर्व प्रदेश महामंत्री कुलदीप धनकड, पावटा प्रधान प्रतिनिधि जगन चौधरी, किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष कैलाश ताखर, भाजपा नेता हरिप्रसाद बल्लीवाल, पूर्व कृषि मंडी चेयरमैन कोटपूतली सुरेश गिठाला, ओबीसी मोर्चा जिला अध्यक्ष गौरव सिंह यादव, उपेंद्र सिंह शेखावत, जीएल यादव, भाजपा नेत्री रानी रत्ना कुमारी, एससी मोर्चा जिला महामंत्री बद्री प्रसाद चौहान का कहना है कि सरकार ने पांच साल पहले जनता से जो वायदे किए थे उनमें से अभी भी कई वायदे अधूरे हैं। अंतिम बजट केवल चुनाव को देख कर बनाया गया है। इसमें मुलाजिमों के लिए कई ऐसे घोषणाएं की गई हैं जिन्हें अक्टूबर में लागू करने की बात हुई है।

नवंबर-दिसंबर में तो सरकार का कार्यकाल ही पूरा होने वाला है। पता नहीं है कि इनमें से कितनी बातें पूरी होंगी भी की नहीं। अधिकतर घोषणाएं ऐसी हैं कि जो पूरी होती नहीं दिखती।

# राजपूत समाज का प्रतिभा सम्मान समारोह सम्पन्न

■ करीब 210 प्रतिभाओं, नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधि एवं भामाशाहों का सम्मान किया

**राजगढ़, (निसं)।** राजपूत समाज का अष्टम दिवस सम्मान समारोह कस्बे के लव-कुश मैरिज गार्डन में रविवार को उत्साह एवं उल्लास के साथ आयोजित हुआ।

इस अवसर पर पूर्व केंद्रीय मंत्री भंवर जितेंद्र सिंह ने शिक्षा के क्षेत्र में प्रतिभाओं को कड़ी मेहनत एवं लक्ष्य निर्धारण के साथ ऊंचे मुकाम तक पहुंचने का आव्हान किया। वक्ताओं ने प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने एवं निखारने में कैरियर काउंसलिंग सहित अन्य कार्यक्रम आयोजित करने का सुझाव दिया।

इससे पूर्व भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी राजेंद्र सिंह शेखावत एवं शक्ति सिंह राठौड़, एडीएम गोपाल सिंह शेखावत, कर्नल विश्वेंद्र सिंह एवं शिवेंद्र सिंह, उत्तम सिंह शेखावत अतिरिक्त जिला कलेक्टर, जितेंद्र सिंह सचिव नगर विकास न्यास एवं देवेंद्र राघव, प्रधान भौरी देवी राजेंद्र सिंह राठौड़ ने मां भवानी के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इससे पूर्व राज शाही ठाठ बाट से राजपूत समाज राजगढ़, रेन एवं मालाखेड़ा की ओर से आयोजित सम्मान समारोह में अतिथियों का स्वागत किया।

भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी राजेंद्र सिंह शेखावत ने कहा कि जो समाज समय के साथ नहीं चलता है उसका पतन निश्चित है। उन्होंने समय परिस्थिति एवं काल के मुताबिक जागरूक रहकर युवाओं के प्रोत्साहन को सदैव तैयार रहने का आव्हान किया। विंग कमांडर मंगल सिंह ने अलवर स्टेट के समय का वृतांत सुनाते भी राजगढ़ के इतिहास के बारे में जानकारी दी। इससे पूर्व कार्यक्रम के संयोजक बृजेंद्र सिंह बबेली एवं शिक्षा जगत से जुड़े डीएस नरूका ने कार्यक्रम का प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए आयोजन की सफलता में सहयोग के लिए सभी को धन्यवाद दिया।

प्रतिभा सम्मान समारोह में करीब 210 प्रतिभाएं नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधि एवं भामाशाह का सम्मान किया गया ।कार्यक्रम में एडीएम गोपाल सिंह राठौड़ ने कहा कि कोई भी काम असंभव नहीं है। समाज के युवा कड़ी मेहनत एवं लगन के साथ शिक्षा के चित्र में ऊंचाइयां हासिल करें। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष विजेंद्र सिंह चौहान ने राजपूत सभा अलवर की ओर से संचालित गतिविधियों की जानकारी दी।


कार्यक्रम में नव चयनित आर्यन मनोज कंवर एवं अन्य राजकीय सेवा में चयनित प्रतिभाशाली युवाओं का सम्मान किया। समारोह में पृथ्वी सिंह नरूका, सूरज भान सिंह, जितेंद्र नरूका, महावीर सिंह एवं राजकुमार चौहान सहित राजपूत सरदार एवं क्षत्राणी मौजूद रही। कार्यक्रम का संचालन डीएस नरूका ने किया।



राजगढ़ में राजपूत समाज का अष्टम सम्मान समारोह आयोजित हुआ।

### उदयपुर-जयपुर एक्सप्रेस के ठहराव की मांग

**नरैना, (निसं)।** नरैना रेलवे स्टेशन पर गाड़ी संख्या 12991 व 12992 उदयपुर जयपुर एक्सप्रेस का ठहराव करने की मांग की गई है। दैनिक रेलयात्री संघ के संरक्षक भगवती नारायण भटनागर ने बताया कि दैनिक रेल यात्रियों व कस्बे के बहौत से परिवार जो उदयपुर मावली निवास कर रहे है इन्हें राहत प्रदान करने हेतु नरैना स्टेशन पर उदयपुर जयपुर एक्सप्रेस ट्रेन का ठहराव अति आवश्यक है। नरैना कस्बा सभी धर्मो का संगम स्थल है जहां पर बहौत से श्रद्धालुओं का आवागमन रहता है। यहां उदयपुर के लिये एक भी ट्रेन नही होने से कस्बे के वो परिवार जो उदयपुर मावली निवास करते है उनको आने जाने मे परेशानी उडानी पडती है साथ ही दिन में 11:15 से 3:30 बजे के बीच नरैना स्टेशन पर रेलसेवा उपलब्ध नही है। ट्रेन का ठहराव नरैना स्टेशन करने की मांग मेवाड नन्दवाना विकास संस्थान उदयपुरके महासचिव सुभाष बोहरा, दिगम्बर जैन महाअतिशय क्षेत्र नरैना के अध्यक्ष पवन गोधाव वाकुल माता सेवा समिति नरैना के अध्यक्ष रामस्वरूप बोहरा ने जयपुर सांसद रामचरण बोहरा को पत्र लिखकर मांग की है।



पहले टेस्ट ने स्पिन की अनुकूल पिचों पर अच्छी स्पिन गेंदबाजी के खिलाफ ऑस्ट्रेलिया की कमजोरी को उजागर कर दिया अगर वे यह सुनिश्चित कर सकते हैं कि इस हार से भारत में चुनौती पेश करने की उनकी मानसिक क्षमता प्रभावित नहीं हुई है तो यह उन्हें श्रृंखला में बनाए रखेगा। – इयान चैपल

पूर्व ऑस्ट्रेलिया क्रिकेटर, ऑस्ट्रेलियाई टीम के बारे में।

# खेल जगत

## आज का खिलाड़ी — हार्दिक पांड्या



**टीम** इंडिया के स्टार ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या फिलहाल ब्रेक पर है। न्यूजीलैंड सीरीज में धमाल मचाने के बाद पांड्या एक बार फिर चर्चा में आ गए हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक़ हार्दिक दूसरी बार शादी करने जा रहे हैं। हार्दिक पांड्या ने साल 2020 में बॉलीवुड एक्ट्रेस नताशा स्टेनकोविक से कोर्ट मैरिज की थी। ये कपल एक बच्चे अगस्त्य के माता-पिता भी है।मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक हार्दिक पांड्या और नताशा स्टेनकोविक एक-दूसरे से फिर से शादी करने जा रहे है। एक रिपोर्ट की मानें तो ये कपल उदयपुर में एक ठौड समारोह में 14 फरवरी को सात फेरे लेंगे।

**क्या आप जानते हैं ?...** सॉफ्टबॉल और हॉर्डबॉल स्क्वैश के खेल की दो पद्धतियां है। इनमें साफ्टबॉल को ब्रिटिश व इंटरनेशनल पद्धति माना जाता है, जबकि हार्डबॉल को अमेरिकन पद्धति।

# महिला टी-20 विश्व कप : भारत ने पाकिस्तान को 7 विकेट से हराया

केप टाउन, 12 फरवरी। भारत ने जेमिमाह रोड्रिग्स (53 नाबाद) के शानदार अद्धर्शतक और ऋचा घोष (31 नाबाद) की विस्फोटक पारी के दम पर महिला टी20 विश्व कप 2023 के ग्रुप-बी मुकाबले में रविवार को चिर-प्रतिद्वंदी पाकिस्तान को सात विकेट से मात दी।

पाकिस्तान ने पहले बल्लेबाजी करते हुए भारत के सामने 150 रन का लक्ष्य रखा, जिसे भारत ने 19 ओवर में ही हासिल कर लिया। पाकिस्तान को इस चुनौतीपूर्ण स्कोर तक पहुंचाने के लिये कप्तान बिस्माह मारूफ ने 55 गेंदों पर सात चौकों के साथ 68 रन की अद्धर्शतकीय पारी खेली, जबकि आयेशा नसीम ने 25 गेंदों पर दो चौकों और दो छक्कों के साथ 43 रन का विस्फोटक योगदान दिया था।

यह भारत के खिलाफ टी20 अंतरराष्ट्रीय में पाकिस्तान का सबसे बड़ा स्कोर था, लेकिन रोड्रिग्स और ऋचा की जोड़ी ने बिस्माह की मेहनत पर पानी फेर दिया। रोड्रिग्स ने भारतीय पारी को स्थिरता देते हुए 38 गेंदों पर आठ चौकों के साथ 53 रन बनाये, जबकि ऋचा ने 20 गेंदों पर पांच चौकों के साथ 31 रन की ताबड़तोड़ पारी खेली। भारत के तीन विकेट 93 रन पर गिरने के बाद दोनों ने सिर्फ 33 गेंद पर 57 रन की साझेदारी करके टीम को जीत तक पहुंचा दिया। यह महिला टी20 विश्व कप के इतिहास की दूसरी सबसे बड़ी रनचेज़ है। यह इस टूर्नामेंट में भारत की सबसे बड़ी सफल रनचेज़ भी है। भारत इस जीत के साथ ग्रुप-बी में पहले स्थान पर आ गया है, जबकि वेस्ट इंडीज को मात देकर इंग्लैंड पहले स्थान पर है।

भारत ने लक्ष्य का पीछा करते हुए सधी हुई शुरुआत की। स्मृति मंधाना की गैरमौजूदगी में ओपनिंग करने आयीं यास्तिका भाटिया ने पारी की शुरुआत चौका लगाकर की, हालांकि वह 17 (20) रन बनाकर पवेलियन लौट गयीं। यास्तिका का विकेट गंवाने के बावजूद भारत ने शेफाली वर्मा के आक्रामक अंदाज के दम पर पावरप्ले में 43 रन जोड़ लिये। शेफाली 24 गेंदों पर चार चौकों के साथ 33 रन बनाकर अच्छी लय में दिख रही थीं लेकिन नशरा संधू ने उन्हें आउट करके भारत को एक और झटका दिया।

मध्य ओवरों में स्पिनरों ने रनगति पर लगाम कसी और नतीजतन कप्तान हरमनप्रीत कौर भी 12 गेंदों पर 16 रन बनाकर पवेलियन लौट गयीं। भारत को आखिरी चार ओवरों में 41 रन की जरूरत थी, जिसके बाद ऋचा-रोड्रिग्स ने पारी की रफ्तार बदल दी। दोनों ने निदा डार के 17वें ओवर में एक-एक चौका लगाकर 13 रन बटोरे, जबकि अगले ओवर में ऋचा ने ऐमन अनवर को तीन चौके जड़कर 14 रन जोड़ लिये। भारत को अंतिम 12 गेंदों पर 14 रन की दरकार थी, लेकिन रोड्रिग्स ने अपना अद्धर्शतक पूरा करते हुए सिर्फ छह गेंद में ही टीम को लक्ष्य तक पहुंचा दिया।

इससे पूर्व,पाकिस्तान ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी चुनी लेकिन सलामी बल्लेबाज जवेरिया खान सिर्फ आठ रन बनाकर दीप्ति शर्मा का शिकार हो गयीं। तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करने उतरीं बिस्माह ने क्रीज़ पर आते ही रनगति बढ़ाई लेकिन दूसरे छोर से मुनीबा अली (12) और निदा डार (00) का विकेट गिरने से पाकिस्तान की मुश्किलें बढ़ गयीं। कसी हुई भारतीय गेंदबाजी के कारण पाकिस्तान 12 ओवर में सिर्फ 68 रन बना सका। सिदरा अमीन (11) ने दबाव में आकर 13वें ओवर की पहली गेंद पर आउट हो गयीं। इसके बाद हालांकि 16 वर्षीय आयेशा और मारूफ की साझेदारी ने मैच का रुख पलट दिया।

आयेशा ने रेणुका सिंह को एक छक्का और एक चौका लगाकर 16वें ओवर में 18 रन जोड़े। मारूफ ने भी 18वें ओवर की पहली गेंद पर चौका लगाकर अपना अद्धर्शतक पूरा किया। पारी के 19वें ओवर में मारूफ को एक जीवनदान भी मिला, जब राधा यादव ने उनका कैच छोड़ दिया।

आयेशा-मारूफ के बीच पांचवें विकेट के लिये 47 गेंदों पर 81 रन की विस्फोटक साझेदारी हुई, जिसने पाकिस्तान को 20 ओवर में 149/4 के स्कोर तक पहुंचा दिया। यह टी20 विश्व कप में और भारत के खिलाफ पाकिस्तान का सबसे बड़ा स्कोर है। भारत के लिये राधा ने चार ओवर में सिर्फ 21 रन देकर दो विकेट लिये। पूजा वस्त्राकर ने चार ओवर में 30 रन देकर एक विकेट लिया। दीप्ति शर्मा को भी एक सफलता हासिल हुई, हालांकि उन्होंने अपने चार ओवर में 39 रन दिये।

# रियल मैड्रिड ने अल हिलाल को हराकर 5वीं बार फीफा क्लब विश्व कप जीता

मोरक्को, 12 फरवरी। स्पेन के रियल मैड्रिड ने पांचवी बार फीफा क्लब विश्व कप अपने नाम किया, उसने फाइनल मुकाबले में सऊदी अरब के अल हिलाल को हराकर यह खिताब जीता है। फाइनल मुकाबला शनिवार को मोरक्को की राजधानी रबात के प्रिंस मौले अब्दुल्लाह स्टेडियम में खेला गया और जिसमें रियल मैड्रिड ने अल हिलाल को 5-3 से हराया।

स्पेनिश टीम के लिए विनिसियस जूनियर और फेडे वालवरडे ने दो-दो गोल दागे, जबकि दूसरे हाफ में 5वां गोल करीम बेंजेमा ने किया। अल हिलाल के लिए लुसियानो वीटो और मौसा मरेगा ने गोल किया। स्पेनिश के कप्तान एंसेलोटी की टीम सऊदी अरब के अल हिलाल पर शुरू से अंत तक हावी रही और खेल के 20 मिनट के भीतर विनी जूनियर और वाल्वरडे के दो गोल की मदद से मैच में शुरुआती बढ़त हासिल कर ली।

इसके बाद प्रतिद्वंदी टीम के खिलाड़ी मारेगा ने 26वें मिनट में एक गोल कर स्कोर के अंतर को कम किया, लेकिन ब्रेक के बाद रियल मैड्रिड ने खेल के 54वें मिनट में बेंजेमा और 58वें मिनट में वाल्वरडे के गोल ने मैच को अपने टीम के पक्ष में कर लिया। एक बार फिर प्रतिद्वंदी टीम ने पलटवार किया और वीटो ने खेल के 64वें मिनट में अपनी टीम के लिए एक गोल किया।

इसके बाद विनी जूनियर ने खेल के 69वें मिनट में एक और गोल कर तीसरा गोल किया और स्कोर को 5-3 तक ले आए लेकिन अपनी हार को न बचा सके। रियल मैड्रिड ने कल पांचवीं बार फीफा क्लब विश्व कप जीता, इससे पहले वह 2014, 2016, 2017 और 2018 में भी यह खिताब अपने नाम कर चुका है।

# कुहनेमैन को दूसरे टेस्ट में खेलने का मौका मिल सकता है

मेलबर्न, 12 फरवरी। ऑस्ट्रेलिया ने बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी टेस्ट सीरीज के बचे हुए मैचों के लिये वामहस्त स्पिनर मैथ्यू कुहनेमैन को स्क्वाड में शामिल किया है। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने रविवार को इसकी जानकारी देते हुए बताया कि लेग-स्पिनर मिचेल स्वेपसन को अपनी पहली संतान की पैदाइश के लिये घर लौटना पड़ा, जिसके बाद कुहनेमैन को स्क्वाड में शामिल किया गया। प्रथम श्रेणी क्रिकेट में सिर्फ 13 मैच खेलने वाले कुहनेमैन शुक्रवार से दिल्ली में भारत के खिलाफ शुरू होने वाले दूसरे मुकाबले में अपना टेस्ट पदार्पण कर सकते हैं।

ऑस्ट्रेलिया के कोच एंड्रयू मैकडॉनल्ड ने कहा, ''उनके पास अगले टेस्ट मैच में खेलने का एक अच्छा मौका है। अगर हम तीन स्पिनर खिलाते हैं तो हमें एक अतिरिक्त खिलाड़ी की जरूरत होगी, इसलिए हमने टीम में चौथा स्पिनर (कुहनेमैन) को शामिल किया है।''

उल्लेखनीय है कि ऑस्ट्रेलिया के पास पहले टेस्ट के लिये मिचेल स्वेपसन और एश्टन आगर के रूप में दो लेग-स्पिनर मौजूद थे, हालांकि कंगारुओं ने नेथन लायन के अनुभव के सथ युवा प्रतिभा टॉड मर्फी को मैदान पर उतारना बेहतर समझा। यदि हरफनमौला कैमरन ग्रीन दूसरे टेस्ट के लिये फिट हो जाते हैं तो ऑस्ट्रेलिया एक तेज गेंदबाज की जगह कुहनेमैन के साथ मैदान पर उतर सकती है।

घरेलू क्रिकेट में क्वीन्सलैंड के लिये खेलने वाले कुहनेमैन ने विक्टोरिया के खिलाफ मुकाबले के बाद कहा, ''कल सुबह अभ्यास के लिये जाते हुए मुझे एक फोन आया। मैं हैरान रह गया। यह मेरा सौभाग्य था कि मेरा पासपोर्ट मेरे बैग में ही था।'' उन्होंने कहा, ''मैंने पहले टेस्ट पूरा खेल देखा। यह सीरीज देखने में बेहद मज़ेदार होती हैं। टॉड मर्फी ने बेहतरीन प्रदर्शन किया और मैंने जडेजा की गेंदबाजी भी देखी। इसलिये वहां जाने के लिये बेहद उत्साहित हूं।'' नागपुर टेस्ट के मैन ऑफ द मैच रहे रवींद्र जडेजा की तरह ही बाएं हाथ के स्पिनर कुहनेमैन दूसरे टेस्ट में अपने कौशल से ऑस्ट्रेलिया को लाभ पहुंचाना चाहेंगे, हालांकि उनका खेलना पूरी तरह से ग्रीन की फिटनेस पर निर्भर करेगा जो अपनी उंगली के फ्रैक्चर से पूरी तरह नहीं उभरे हैं।

कोच मैकडॉनल्ड ने कहा, ''हमें उम्मीद है कि (ग्रीन खेल सकेंगे)। उन्हें चोट लगे छह हफ्ते बीत चुके हैं। शायद आज उन्हें उनका अंतिम एक्स-रे मिल गया है। उनके होने से हमें टीम में अलग-अलग विकल्प लाने की आजादी मिलती है।'' भारत ने नागपुर में पारी और 132 रन की विशाल जीत दर्ज करके चार मैचों की शृंखला में 1-0 की बढ़त बना ली है। दोनों टीमें 17 फरवरी से दिल्ली में भिड़ने के बाद धर्मशाला और अहमदाबाद में भी आमने-सामने होंगी।

## भारत में 'खेल महाशक्ति' बनने की पूरी क्षमता : ठाकुर

लखनऊ 12 फरवरी। केन्द्रीय खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने रविवार को कहा कि भारत में खेलों की महाशक्ति बनने की पूरी क्षमता है और उत्तर प्रदेश को एक ट्रिलियन डालर की अर्थव्यवस्था का लक्ष्य हासिल करने में खेलों की अहम भूमिका होगी।

यूपी ग्लोबल इनवेस्टर्स समिट-2023 के तीसरे और अंतिम दिन 'उत्तर प्रदेश में खेल क्षेत्र की निवेश क्षमता और एक ट्रिलियन अर्थव्यवस्था में इसकी भूमिका' विषय पर आयोजित सत्र को संबोधित करते हुए ठाकुर ने कहा कि भारत में खेलों की महाशक्ति बनने की पूरी क्षमता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का खेलों के प्रति इतना झुकाव है कि वो खिलाड़ियों को व्यक्तिगत रूप से जानने के साथ उनके परिवार वालों का भी हालचाल लेते है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का उत्तर प्रदेश जिसने दूसरे राज्यों के ओलंपिक और पैरा-ओलंपिक खिलाड़ियों को भी सम्मानित किया वो प्रधानमंत्री के संकल्प से सिद्धि पहल का अनूठा उदाहरण है।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि सिर्फ एक खेल ही नही बल्कि हर खेल को बराबर का प्रोत्साहन मिलना चाहिए। केंद्र और राज्य सरकार मिलकर ऐसी योजनाएं बनायें जो खेल और खिलाड़ियों से जुड़ी हों और उन्हे तय समय के भीतर पूरा करें। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश को एक ट्रिलियन डालर अर्थव्यवस्था का लक्ष्य हासिल करने में खेलों की अहम भूमिका होगी।

उन्होने कहा कि हर सांसद आज अपने संसदीय क्षेत्र में खेल महाकुंभ का आयोजन कर रहे है। खेलों इंडिया विंटर गेम्स गुलमर्ग में शुरू हो चुका हुआ है। 12 खिलाड़ियों ने 25 वर्ल्ड रिकॉर्ड तोड़े है। पिछले एक साल में 450 कोच हायर किए गए है और आने वाले समय में और कोच हायर किए जाएंगे।

## तरुणदीप और अंकिता को राष्ट्रीय तीरंदाजी में खिताब

नयी दिल्ली, 12 फरवरी। अनुभवी तरूणदीप राय ने राष्ट्रीय रैंकिंग तीरंदाजी टूर्नामेंट के अंतिम चरण में रविवार को यहां पुरुष रिकर्व का खिताब जीता।एशियाई खेल 2010 के रजत पदक विजेता तरुणदीप ने फाइनल में पूर्व राष्ट्रीय चैंपियन पार्थ सालुंखे को 6-2 से हराया। सुखचैन सिंह ने शूट ऑफ में भारत के नंबर एक खिलाड़ी अतनु दास को हराकर तीसरा स्थान हासिल किया।

सीनियर महिला रिकर्व वर्ग में अंकिता भकत ने मधु वेदवान को 6-4 से हराकर खिताब जीता, जबकि भजन कौर ने तीसरा स्थान हासिल किया।

## अतिन की घातक गेंदबाजी से जीती वाईस प्रेसिडेंट इलेवन

जयपुर, 13 फ़रवरी। माथुर सभा के तत्त्वधान में रविवार को आयोजित वार्षिक क्रिकेट मैच मे वाईस प्रेसिडेंट इलेवन ने प्रेसिडेंट इलेवन को 61 रन से



हराया। टॉस जीत कर पहले गेंदबाज़ी का निर्णय लेते हुए प्रेसिडेंट इलेवन ने वाईस प्रेजिडेंट इलेवन को 132 रन पे रोक दिया। जिसके जवाब में प्रेसीडेंट इलेवन सिर्फ 72 रन ही बना पाई। प्रेसीडेंट इलेवन की ओर से रोहन ने ज्यादा 20 रन बनाय और वाईस प्रेजिडेंट इलेवन की ओर से अतिन ने 5 विकेट झटके। मैच में बेस्ट बैट्समैन रोहन, और मैन ऑफ द मैच व बेस्ट बॉलर अतिन को दिया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मेजर जनरल अनुज मथुर थे। उपाध्यक्ष कर्नल वाई. के. माथुर, महासचिव डॉ आदित्य नाग, वित्तिय सचिव हेमेन्द्र माथुर, सांस्कृतिक सचिव अनिता माथुर एवं अन्य कार्यकारिणी सदस्य कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

# स्मृति, हरमनप्रीत और शेफाली के लिये एक करोड़ से अधिक बोली की उम्मीद

मुंबई, 12 फरवरी। भारत की शानदार बल्लेबाज स्मृति मंधाना, हरमनप्रीत कौर और युवा खिलाड़ी शेफाली वर्मा के नाम को लेकर सोमवार को यहां शुरूआती महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) नीलामी के दौरान बोली लगाने के लिए होड़ लगने की उम्मीद है। विदेशी खिलाड़ियों में एलिसा हीली, बेथ मूनी, एलिस पैरी, नेट साइवर, मेगान शुट और डियांड्रा डॉटिन कुछ ऐसे बड़े नाम हैं जिनके लिये बड़ी बोलियां लगने की उम्मीद है। **पांच टीमें** - मुंबई इंडियंस, दिल्ली कैपिटल्स, आरसीबी, गुजरात जायंट्स और यूपी वारियर्स - 409 खिलाड़ियों की सूची में से 90 खिलाड़ियों के लिए बोली लगाएंगी।

पहले वर्ष के लिए प्रत्येक टीम के लिये 12 करोड़ रूपये का 'सैलरी पर्स' (सीमित राशि) होगा और 18 खिलाड़ियों की टीम में छह विदेशी खिलाड़ी शामिल होंगी। इससे 60 भारतीयों में से कम से कम 20 से 25 खिलाड़ियों के अच्छी नीलामी राशि में बिकने की उम्मीद है।

बेस प्राइस (आधार मूल्य) पांच 'ब्रैकेट्स' में होगा जिसमें सबसे कम 10 लाख रूपये और सबसे अधिक 50 लाख रूपये की राशि होगी। अन्य ब्रैकेट 20, 30 और 40 लाख रूपये होंगे। उम्मीद है कि मौजूदा भारतीय टीम के अलावा आस्ट्रेलिया, इंग्लैंड, न्यूजीलैंड और दक्षिण अफ्रीका की सदस्यों की नीलामी में सबसे ज्यादा मांग होगी।

अगर फ्रेंचाइजी से जुड़े कुछ अधिकारियों पर भरोसा किया जाये तो स्मृति, शेफाली, हरमनप्रीत और आल रांउडर दीप्ति शर्मा के 1.25 करोड़ से दो करोड़ रूपये के बीच की राशि हासिल करने की उम्मीद है।

बिग हिटर ऋचा घोष और तेज गेंदबाज रेणुका ठाकुर को लेकर भी बोली लगाने वालों के बीच काफी दिलचस्पी होगी। ऐसा ही कुछ राजेश्वरी गायकवाड़ और राधा यादव जैसी स्पिनरों तथा मेघना सिंह और शिखा पांडे जैसी तेज गेंदबाजों का लेकर होगा।

विदेशी टी20 लीग में अच्छा प्रदर्शन करने वाली जेमिमा रोड्रिग्स को भी नीलामी में अच्छी राशि मिल सकती है। अनकैप्ड (जिसने एक भी अंतरराष्ट्रीय मैच नहीं खेला हो) भारतीय खिलाड़ियों के वर्ग में कश्मीर की जसिया अख्तर और रेलवे की स्वगातिका रथ मुख्य नाम हैं।

अंडर-18 विश्व कप विजेता महिला टीम में से बल्लेबाज श्वेता सहरावत, स्पिनर पार्श्वी चोपड़ा, मन्नत कश्यप और अर्चना देवी के साथ तेज गेंदबाज टिटास साधू के भी अच्छी राशि में बिकने की उम्मीद है। पांचों फ्रेंचाइजी बेहतरीन कप्तान हासिल करने की कोशिश करेंगी जिसमें स्मृति और हरमनप्रीत के अलावा अन्य उम्मीदवारों में दिग्गज खिलाड़ी मेग लैंनिंग, इंग्लैंड की कप्तान हीथर नाइट और न्यूजीलैंड की कप्तान सोफी डेविने शामिल हैं।

इसमें खिलाड़ियों को खरीदने में न्यूनतम राशि नौ करोड़ खर्च करनी होगी जबकि टीम में अनिवार्य सदस्यों की संख्या 15 होगी और अधिकतम 18 खिलाड़ियों को रखा जा सकता है। टीम में अधिकतम 12 भारतीय और अधिकतम छह विदेशी खिलाड़ी हो सकते हैं। नीलामी में 246 भारतीय और 155 विदेशी खिलाड़ी शामिल होंगी।

## सफलता की राह पर आगे बढ़ने को तैयार सिंधु

नयी दिल्ली, 12 फरवरी। टखने की चोट के कारण करीब पांच महीने तक कोर्ट से दूर रहने वाली शीर्ष भारतीय शटलर पीवी सिंधु ने कहा है कि उनकी चोट अब पूरी तरह ठीक हो गयी है और वह इस साल सफलता की राह पर आगे बढ़ने के लिये तैयार हैं। दो बार की ओलंपिक मेडलिस्ट सिंधु ने विश्व बैडमिंटन संघ (बीडब्ल्यूएफ) के साथ बातचीत में कहा, ''मैं अब शारीरिक और मानसिक रूप से पूरी तरह ठीक हूं। चोटें लगती रहती हैं लेकिन अपने शरीर को स्वस्थ रखना और मजबूती के साथ वापसी करना जरूरी है। मैं आत्मविश्वास, सकारात्मकता से भरी हुई हूं और अपनी गलतियों से सीख रही हूं।'' गौरतलब है कि अगस्त 2022 में राष्ट्रमंडल खेलों में स्वर्ण जीतने के बाद सिंधु चोट के कारण खेल से दूर हो गयी थीं। टखने में हुए फ्रैक्चर से उभरने के बाद उन्होंने जनवरी में मलेशिया ओपन में वापसी की, हालांकि वहां उन्हें पहले ही दौर में हार का स्वाद चखना पड़ा।

मलेशिया के बाद सिंधु को घरेलू टूर्नामेंट इंडिया ओपन में भी पहले ही चरण में हार मिली, हालांकि वह इस दौरान अपने प्रदर्शन से संतुष्ट थीं। पिछले साल सैयद मोदी इंडिया इंटरनेशनल, स्विस ओपन और सिंगापुर ओपन सहित तीन खिताब जीतने वाली सिंधु को उम्मीद है कि वह इस साल भी अपना प्रदर्शन दोहरा सकेंगी।उन्होंने कहा, ''उम्मीद है (मैं अपना प्रदर्शन दोहरा सकूंगी)। आपको 100 प्रतिशत प्रदर्शन की जरूरत भी है लेकिन मैं अब पूरी तरह उभर चुकी हूं। पुरानी जैसी लय हासिल करने में और टूर्नामेंट खेलने में समय लगता है। मैं सही रास्ते पर हूं।''

## प्रजनेश, रामकुमार को प्रभावशाली प्रदर्शन की उम्मीद

चेन्नई, 12 फरवरी। भारतीय खिलाड़ी प्रजनेश गुणेश्वरन और रामनाथन रामकुमार सोमवार से यहां शुरू हो रहे चेन्नई ओपन एटीपी चैलेंजर के एकल मुख्य ड्रा में अपने वाइल्ड कार्ड प्रविष्टियों का पूरा इस्तेमाल कर आगे तक पहुंचने की उम्मीद लगाये होंगे। गुणेश्वरन हाल में डेविस कप मुकाबले में खेले थे और अंतिम एकल मैच में जीत भी हासिल की थी लेकिन यह औपचारिकता वाला मैच था। वह ब्रिटेन के जे क्लार्क के खिलाफ अभियान शुरू करेंगे। रामकुमार की भिड़ंत हालांकि बुल्गारिया के आठवें वरीय दिमितार कुजुमानोव से होगी जो उनके लिये चुनौतीपूर्ण होगी। चीनी ताइपे के चुन सिन सेंग शीर्ष वरीय खिलाड़ी हैं जिनकी विश्व रैंकिंग 115 है। उनका सामना पहले दौर में क्रोएशिया के निनो सर्डारूसिच से होगा। आस्ट्रेलिया के दूसरे वरीय जेम्स डकवर्थ का सामना क्वालीफायर से होगा। टूर्नामेंट में स्वीडन के महान टेनिस खिलाड़ी ब्योर्न बोर्ग का 19 वर्षीय बेटा लियो बोर्ग भी हिस्सा ले रहा है जो सभी के आकर्षण का केंद्र होगा। युगल ड्रा में जीवन नेदुनचेझियान और श्रीराम बालाजी की भारतीय जोड़ी को शीर्ष वरीयता दी गयी है जो प्रबल दावेदार के तौर पर शुरूआत करेगी।

## कप्तान वसावडा के दम पर सौराष्ट्र फाइनल में

बेंगलुरु, 12 फरवरी। पहली पारी में कप्तान अर्पित वसावड़ा (202) के दोहरे शतक और शेल्डन जैकसन (160) के विशाल शतक के दम पर सौराष्ट्र ने रविवार को रणजी ट्रॉफी सेमीफाइनल में कर्नाटक को चार विकेट से हराकर पांचवीं बार टूर्नामेंट के फाइनल में जगह बना ली। कर्नाटक ने पांचवें दिन सौराष्ट्र के सामने 115 रन का लक्ष्य रखा, जिसे सौराष्ट्र ने छह विकेट गंवाकर हासिल कर लिया।

## पेस भारतीय डेविस कप टीम की स्थिति से दुखी

कोलकाता, 12 फरवरी। भारत के दिग्गज टेनिस खिलाड़ी लिएंडर पेस देश की डेविस कप टीम की वर्तमान स्थिति से दुखी हैं और उनका मानना है कि इसके स्तर को ऊपर उठाने में आधा दशक लग जाएगा। भारतीय डेविस कप टीम इस महीने की शुरुआत में डेनमार्क से 2-3 से हारने के बाद पहली बार विश्व ग्रुप दो में खिसक गई थी। डेविस कप में रिकॉर्ड 45 युगल मैच जीतने वाले पेस ने कहा,“मुझे लगता है कि डेविस कप टीम में कुछ प्रतिभाशाली खिलाड़ियों के आने में अभी कुछ साल लगेंगे।'' ओलंपिक कांस्य पदक विजेता पेस ने पत्रकारों से कहा, “मैं इससे काफी दुखी हूं कि हमारे पास एकल रैंकिंग में शीर्ष 300 में एक भी खिलाड़ी नहीं है। मुझे नहीं लगता कि ऐसा कभी हुआ है।'' प्रजनेश गुणेश्वरन वर्तमान में एटीपी सूची में 306वें नंबर के साथ एकल में सर्वोच्च रैंकिंग वाले भारतीय हैं।

## रणजी फाइनल खेलने के लिए भारतीय टीम से रिलीज हुए उनाडकट

मुंबई, 12 फरवरी। सौराष्ट्र के तेज गेंदबाज और कप्तान जयदेव उनाडकट को बंगाल के विरुद्ध होने वाले रणजी ट्रॉफी फाइनल में हिस्सा लेने के लिये भारतीय टीम से रिलीज़ कर दिया गया है। उनाडकट को ऑस्ट्रेलिया के विरुद्ध जारी टेस्ट शृंखला के पहले दो मुकाबलों के लिये 17-सदस्यीय स्क्वाड में शामिल किया गया था।

# ईशान और अर्नव की जोड़ी विजेता

## नेशनल रैंकिंग सब जूनियर बैडमिंटन



जयपुर, 12 फरवरी। राजस्थान के अर्नव शर्मा और उत्तराखण्ड की ईशान नेगी की जोड़ी ने रविवार को सम्पन्न नेशनल सब जूनियर रैंकिंग बैडमिन्टन प्रतियोगिता में लड़कों का युगल खिताब जीत लिया। चौथी रैंकिंग के अर्नव और ईशान ने लड़को के अंडर-17 युगल में मिजोरम के मलसाहुआ और आंध्र प्रदेश के महेन्द्रा की तीसरी वरियता प्राप्त जोड़ी को 21-11, 21-15 से पराजित किया। आंध्र प्रदेश के बी. एरिजेला दोहरे खिताब जीतने में सफल रहें। बी. एरिजेला अंडर-17 आयु वर्ग के मिश्रित युगल और लड़को के युगल में चैम्पियन बने।

यहां सवाई मानसिंह इन्डोर स्टेडियम पर खेले गए टुर्नामेन्ट के अंडर-15 एकल में असम के तीसरी वरियता प्राप्त बोरनिल आकाश ने अपने ही राज्य के आन्यान बोहरा को पहला गेम हारने के बाद 18-21, 21-12 और 21-10 से तथा अंडर-17 लड़कों के एकल में मिजोरम के ललताझुला एच ने मनिपुर के एम सिंह पर 21-16, 21-15 से जीत दर्ज की। लड़कियों के अंडर-15 एकल में तमिलनाडू की तीसरी वरियता प्राप्त दिक्षा ने अपने ही राज्य की शीर्ष वरियता प्राप्त आदर्शनी पर 21-16, 21-19 से धमाकेदार जीत दर्ज खिताब जीता। अंडर-17 लड़कियों के फाइनल में हरियाणा की टॉप शीड अनमोल खरब ने पंजाब की दूसरी रैंकिंग की खिलाड़ी तन्वी शर्मा पर 22-24, 21-18, 21-1 से संघर्षपूर्ण जीत दर्ज की। अंडर-17 लड़को के युगल में शीर्ष रैंकिंग की बी. एरिजेला और वी. गोबारू की जोड़ी ने तले गाना के वरशिष्ठ श्री साई आरै उत्तरखण्ड के गर्व साहनी की जोड़ी को 21-13, 21-13 से शिकस्त दी।

अंडर-15 आयु वर्ग के मिश्रित युगल में बी. चान्गमाई और एस. हजारिका ने तमिलनाडू के सचिन और अनन्या को 21-14, 24-22 से तथा अंडर-17 मिश्रित युगल में बी. एंरिजेला और पी. परिदा ने विश्वातेज और विशाखा टोप्पो को 19-21, 22-20, 21-14 से हराया। समापन समारोह की मुख्य अतिथि राजस्थान राज्य क्रीड़ा परिषद की अध्यक्ष पदमश्री डॉ. कृष्णा पूनियां, विशिष्ठ अतिथि जी.एस. बाफना, राजस्थान बैडमिन्टन संघ के सचिव के.के. शर्मा ने पुरूस्कार वितरण किया। इस मौके पर राजस्थान बैडमिन्टन संघ के पूर्व अध्यक्ष सुधीर बक्शी, आयोजन समिति के उपाध्यक्ष मनोज दासोत, राज्य बैडमिन्टन संघ के कोषाध्यक्ष चनू सिंह भाटी, राजस्थान बैडमिन्टन संघ के हैड कोच अतुल गुप्ता। राज्य बैडमिन्टन संघ के पदाधिकारी मौजूद थे। समापन समारोह से पूर्व राजस्थान बैडमिन्टन संघ ने सुधीर बक्सी को सम्मानित भी किया।




## सुजान इंडियन टाइगर्स ने जीता सिरमौर कप

जयपुर, 12 फरवरी। राजस्थान पोलो क्लब ग्राउंड पर आज सिरमौर कप का फाइनल मैच खेला गया। इस मुकाबले में सुजान इंडियन टाइगर्स ने विमल एरियन को 14-12 के स्कोर से हराकर सिरमौर कप अपने नाम कर लिया। इस अवसर पर एचएच राजमाता पद्मिनी देवी ऑफ जयपुर, मुख्य अतिथि एचएच महाराजा लक्ष्यराज प्रकाश ऑफ सिरमौर और श्री सिमेंट के सीनियर वाईस प्रेसिडेंट,ी नरीप बाजवा विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने विजेता टीम को ट्रॉफी प्रदान की। विजेता टीम सुजान इंडियन टाइगर्स के लिए सल्वाडोर जौरेचे ने 9 गोल, सिद्धांत शर्मा ने 1 गोल और जैसल सिंह ने 3 गोल किए। वहीं टीम विमल एरियन से क्रिस मैकेंजी ने 8 गोल, ध्रुवपाल गोदारा ने 2 गोल, हिम्मत सिंह बेदला और डेनियल ओटामेंडी ने 1-1 गोल किया।



दूसरे विश्वयुद्ध के समय नाज़ियों के हाथ से बची एक पेंटिंग, नॉर्वे के एक जंगल में अनाज घर में छुपी हुई थी। एडवर्ड मंच की इस पेंटिंग की जल्दी ही नीलामी होने वाली है। तेरह फीट लम्बी यह कलाकृति, जिसका शीर्षक ''डांस ऑन द बीच'' है, 89 साल में एक बार भी बिक्री के लिए बाज़ार में नहीं आई है। किसी समय यह पेंटिंग बर्लिन में रहने वाले यहूदी आर्ट क्रिटिक, कलैक्टर और इतिहासकार कर्ट ग्लेज़र की मिल्कियत थी। ग्लेज़र व उनकी पत्नी एल्सा ने 1930 के दशक तक कलाकृतियों का भारी भरकम संग्रह तैयार कर लिया था, इसमें एडवर्ड मंच के साथ -साथ आत्री मैटीस, मैक्स बैकमैन व अन्य कलाकारों की पेंटिंग्स थीं। वर्ष 1933 में नाज़ियों ने जब ग्लेज़र को बर्लिन स्टेट आर्ट लायब्रेरी के डायरैक्टर पद से हटा दिया और उसके अपार्टमैंट पर भी कब्जा कर लिया तब ग्लेज़र अपनी प्रिय कलाकृतियों को बेचकर जर्मनी छोड़कर अमेरिका में बस गए। ग्लेज़र के जाने के कुछ महीनों बाद मंच की कई कलाकृतियां नॉर्वे के एक शिपिंग व्यापारी और एडवर्ड मंच के पड़ौसी टॉमस ओल्सन के पास आ गईं। उसने ऑस्लो की एक नीलामी में ''डांस ऑफ द बीच'' तथा अन्य कलाकृतियां खरीदीं। सन् 1946 में जर्मनी ने नॉर्वे पर कब्जा कर लिया। नाज़ी सरकार ने मंच सहित कई कलाकारों पर पाबंदी लगा दी। ओल्सन परिवार ने ''डांस ऑन बीच'', ''द स्क्रीम'' और मंच की अन्य कलाकृतियों को जंगल में बने एक अनाज घर में छुपा दिया, ताकि वे नाज़ियों के हाथ ना पड़ें। सॉथबीज़, न्यूयॉर्क, की वाइस चेयरमैन सिमॉन शॉ ने कहा कि, ''विश्व में निजी संग्रहों में जितने भी एक्सप्रैशनिस्ट मास्टर पीस हैं उनमें यह एक है। इसका भावनात्मक प्रभाव आज भी उतना ही असरदार है, जितना 1906 में था। इसमें रंग बिरंगा नॉर्वेजियन लैंड स्केप के साथ नाचती हुई आकृतियां नज़र आ रही हैं। दो महिलाएं सबसे आगे हैं, जो मंच की प्रेमिकाओं, टुला लार्सन और मिली थॉलो को दर्शाती हैं। तेरह फीट की यह शानदार चित्र वल्लरी (फ्रीज़) 1906 में बर्लिन में जाने माने डायरैक्टर मैक्स राइनहार्ट के थिएटर में स्थापित की गई थी। इस कलाकृति की एक मार्च को लंदन में सॉथबीज़ द्वारा नीलामी की जाएगी और इसके 15 से 25 मिलियन डॉलर में बिकने की उम्मीद है। ऊपर दिए चित्र में 13 फीट लंबी पेंटिंग का एक भाग नज़र आ रहा है।*

# कटारिया को राज्यपाल बनाने के बाद मेवाड़ भाजपा की सियासत में नया मोड़ आया

## सबसे बड़ा सवाल यह उठ रहा है कि, विधानसभा चुनाव में उदयपुर शहर से भाजपा में विधायक पद का दावेदार कौन होगा

- **मेवाड़ की राजनीति में कटारिया सबसे कद्दावर चेहरा थे, लोकसभा हो या विधानसभा चुनाव सारे टिकट कटारिया के इशारे पर ही बंटते थे।**

उदयपुर, 12 फरवरी (का.सं.)। लगभग 46 वर्षों तक भाजपा के लिए अहम भूमिका निभाने वाले उदयपुर शहर विधायक और नेता प्रतिपक्ष गुलाबचंद कटारिया को रविवार को असम का राज्यपाल बनाए जाने के बाद मेवाड़ और खासकर उदयपुर की सियासत में एक नया मोड़ आ गया है। यहां सबसे बड़ा सवाल यह उठ रहा है कि, इसी साल होने वाले विधानसभा चुनाव में उदयपुर शहर से भाजपा में विधायक पद का दावेदार कौन होगा, राजनीतिक गलियारों में तेजी से चर्चाएं शुरू हो गई हैं कि, राजनीति में खासा दबदबा रखने वाले कटारिया का आखिरकार उदयपुर में राजनीतिक विकल्प कौन हो सकता है।

जानकारी के अनुसार 13 अक्टूबर 1944 को जन्मे 79 वर्षीय गुलाबचंद कटारिया 1977 में जनता पार्टी के टिकट पर पहली बार विधायक के पद पर चुने गए थे। तब से अनवरत चुनाव दर चुनाव मज़बूत होते गए और न सिर्फ विपक्षी पार्टी बल्कि अपनी ही पार्टी में अपने विरोधियों को भी लगातार पछाड़ते गए। कटारिया ने 1993 से 1998 के बीच भैरोंसिंह शेखावत सरकार में शिक्षा मंत्री के रूप में काम किया। 9वीं लोकसभा में सांसद चुने गए। वसुंधरा सरकार में साल 2004 से 2008 और वर्ष 2014 से 2018 तक कटारिया गृह मंत्री रहे हैं। कटारिया उदयपुर विधानसभा सीट से 2003 से 2018 तक लगातार चार बार चुनाव जीते। 1993 में भी उदयपुर शहर से विधानसभा चुनाव जीते थे। 1998 में कटारिया बड़ी सादड़ी सीट से, ने विधानसभा चुनाव जीता था।

अब जबकि आज उन्हें असम का राज्यपाल बना दिया गया है तो एक प्रकार से उनके चुनावी राजनीति का अध्याय भी समाप्त हो गया है। अमूमन भारतीय राजनीति में किसी नेता के पॉलिटिकल कैरियर उस वक्त समाप्त माना जाता है जब उन्हें राज्यपाल बनाया जाता है। लिहाज़ा अब राज्यपाल बनने के बाद कटारिया की मेवाड़ में राजनीति का अध्याय भी समाप्त हो गया है। अब वह संवैधानिक पद पर नियुक्त हो चुके है। उल्लेखनीय है कि, इससे पूर्व कांग्रेस ने भी मेवाड़ के कद्दावर नेता मोहनलाल सुखाड़िया को राज्यपाल बनाकर उनका राजनैतिक जीवन समाप्त कर दिया था। कटारिया जैन समाज से आते हैं और वे उदयपुर विधानसभा सीट से वर्ष 2003 से 2018 तक लगातार चार बार चुनाव जीते हैं। ऐसे में भाजपा के लिए ये देखना अहम होगा कि वह विधानसभा चुनाव में इस सीट से किसी जैन को टिकट देती है या फिर ब्राह्मण पद दाव आजमाती है।

मेवाड़ भाजपा में सबसे ताकतवर चेहरा गुलाबचंद कटारिया का ही था। चुनाव चाहे लोकसभा का हो या विधानसभा का या फिर स्थानीय निकायों के चुनाव में भी टिकट कटारिया के इशारे पर ही बंटते थे। यहाँ तक की कटारिया से मतभेद के चलते रणधीर सिंह भींडर को भी टिकट से हाथ धोना पड़ा था और उन्हें अलग से जनता सेना का निर्माण करना पड़ा था। स्वर्गीय किरण माहेश्वरी को राजनीति में लाने वाले भी कटारिया ही थे। लेकिन किरण माहेश्वरी की जब महत्वाकांक्षा बढ़ी तो उन्हें उदयपुर छोड़कर राजसमंद जाना पड़ा था। अब सवाल यह है कटारिया के राज्यपाल बनने के बाद मेवाड़ में भाजपा खेवनहार कौन बनेगा।

गुलाबचंद कटारिया वर्तमान में उदयपुर शहर विधानसभा के मौजूदा विधायक है। राज्यपाल बनने के बाद उन्हें विधायक पद से इस्तीफ़ा देना पड़ेगा। अब जबकि इस वर्ष राज्य विधानसभा के चुनाव भी होने है। इसलिए लगता नहीं की उदयपुर सीट पर उपचुनाव हो, हालाँकि कोई भी सीट छह महीने से अधिक खाली नहीं रह सकती है लेकिन चुनाव सम्भवतया दिसंबर में होने है। अब यह चुनाव आयोग पर निर्भर करता है कि, उदयपुर में उपचुनाव होंगे या नहीं। लेकिन सवाल यह है कटारिया के बाद विकल्प कौन होगा। अगर जैन उम्मीदवार के फ़ॉर्मूले पर भाजपा टिकी रहती है तो उदयपुर नगर निगम में उपमहापौर पारस सिंघवी और भाजपा महिला नेता अल्का मूंदड़ा एक विकल्प है।

हालाँकि राह यहां भी आसान नहीं जैन उम्मीदवारों में ताराचंद जैन, प्रमोद सामर, दिनेश गुप्ता, जैसे कई नेता कतार में है। यदि भाजपा ब्राह्मण चेहरे पर फोकस करती है। वर्तमान जिलाध्यक्ष रविंद्र श्रीमाली भी एक विकल्प है। और अगर हाल ही की राजनैतिक घटनाक्रम और राजनीति में दिलचस्पी के चलते मेवाड़ के पूर्व राजघराने के लक्ष्यराज सिंह मेवाड़ भी एक चेहरा हो सकते है। लक्ष्यराज सिंह मेवाड़ राजनीति में आने की इच्छा भी जता चुके है और हाल के पिछले दिनों में लक्ष्यराज सिंह मेवाड़ के उत्तर प्रदेश के सी.एम. योगी समेत भाजपा के अनेक नेताओं के साथ मुलाकात कर अपनी संभावनाओं को बल दिया है। जनता सेना सुप्रीमो महाराज रणधीर सिंह भिंडर ने कटारिया से मनमुटाव के चलते ही भाजपा से किनारा कर जनता सेना का गठन किया था। चूँकि कटारिया की अब मेवाड़ की राजनीति में दखल हटने के बाद महाराज रणधीर सिंह भिंडर के भाजपा में पुनः वापसी के रास्ते भी खुल गए है और वसुंधरा राजे से निकटता के चलते कयास लगाया जा रहा है जनता सेना का भाजपा में विलय हो सकता है।

इधर कटारिया को असम राज्य के राज्यपाल बनाया जाने पर सम्पूर्ण जैन समाज के सदस्यों में खुशी कि लहर छा गई एवं एक दूसरे को बधाईयां देने लगे, अखिल भारतीय संस्थान कोर कमेटी ने संस्थान परम संरक्षक कुन्ती लाल जैन के सानिध्य मे कार्यालय पर सभी को मिठाई खिलाकर खुशी का इज़हार किया गया।

# 'कश्मीर ने प्यार और मोहब्बत चाही थी और मिला क्या बुलडोजर'

## राहुल गांधी ने कहा, जम्मू कश्मीर में 10 लाख कनाल से अधिक जमीन जबरदस्ती अतिक्रमण बताकर मुक्त कराई गई है

- **उन्होंने कहा, ''कई दशकों से जिस जमीन को वहां के लोगों ने मेहनत से सींचा, उसे उनसे छीना जा रहा है। अमन और कश्मीरियत की रक्षा, जोड़ने से होगी, तोड़ने और लोगों को बांटने से नहीं।''**

नई दिल्ली, 12 फरवरी। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने जम्मू कश्मीर में जारी अतिक्रमण रोधी मुहिम को लेकर भाजपा पर रविवार को निशाना साधते हुए कहा कि केंद्रशासित प्रदेश ने रोजगार, बेहतर कारोबार और प्यार चाहा था, लेकिन उसे इसके बजाय ''भाजपा का बुलडोजर'' मिला। कांग्रेस, कांफ्रेंस और पी.डी.पी. (पीपल्स डेमोक्रेटिक पार्टी) जैसे कई बड़े दलों ने इस मुहिम को लेकर चिंता व्यक्त की है और इसे तत्काल रोकने की मांग की है।

राजस्व विभाग के आयुक्त सचिव विजय कुमार बिधूड़ी ने सात जनवरी को सभी उपायुक्तों को सरकारी भूमि से अतिक्रमण शत प्रतिशत हटाने का निर्देश दिया था, जिसके बाद से जम्मू कश्मीर में 10 लाख कनाल से अधिक जमीन अतिक्रमण से मुक्त कराई गई है। राहुल गांधी ने ट्वीट किया, ''जम्मू कश्मीर को चाहिए रोजगार, बेहतर व्यापार और प्यार, मगर उन्हें मिला क्या? भाजपा का बुलडोजर।''

उन्होंने कहा, ''कई दशकों से जिस जमीन को वहां के लोगों ने मेहनत से सींचा, उसे उनसे छीना जा रहा है। अमन और कश्मीरियत की रक्षा, जोड़ने से होगी, तोड़ने और लोगों को बांटने से नहीं।'' गांधी ने ट्वीट के साथ मीडिया की खबर भी संलग्न की, जिसमें दावा किया गया है कि जम्मू कश्मीर में अतिक्रमण रोधी अभियान को लेकर लोगों में घबराहट है।

## सुप्रीम कोर्ट ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

न्यायाधीशों की नियुक्ति से संबंधित अलग-अलग अधिसूचनाएं जारी की थी। मुख्य न्यायाधीश डी. वाई. चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली कॉलेजियम ने 31 जनवरी 2023 को न्यायमूर्ति बिंदल और न्यायमूर्ति कुमार को शीर्ष अदालत के न्यायाधीश के रूप में पदोन्नत करने की भी सिफारिश की थी।

## राष्ट्रपति मुर्मू...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

कर्नाटक के मुख्यमंत्री बसवाज बोम्मई ने उच्चतम न्यायालय में कर्नाटक के पूर्व न्यायाधीश एस.अब्दुल नजीर को आंध्र प्रदेश का राज्यपाल नियुक्त किए जाने पर रविवार को उन्हें बधाई दी।

न्यायमूर्ति नजीर उच्चतम न्यायालय की उस बैंच का हिस्सा थे जिसने अयोध्या मामले में ऐतिहासिक फैसला सुनाया था। वह उस बेंच का भी हिस्सा थे जिसने तीन तलाक को अपराध घोषित किया था। उन्हें प्रतिबंधित संगठन पी.एफ.आई. और अन्य आतंकी संगठनों से भी खतरा है।

## लोकसभा ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

विचारार्थ पेश करने को कहा है।

लोकसभा में मंगलवार को राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान राहुल गांधी के भाषण के बाद दुबे और जोशी ने उनके खिलाफ विशेषाधिकार हनन का नोटिस दिया था। राहुल गांधी ने हिंडनबर्ग-अडाणी के मुद्दे पर टिप्पणी की थी।

# प्र.मंत्री मोदी ने पुराना बजट पढ़ने पर मु.मंत्री गहलोत पर तंज कसा

## मोदी ने कहा, आपने पिछले साल के बजट को एक साल से डिब्बे में बंद करके रखा था इस कारण से ऐसा हुआ

- **प्र.मंत्री मोदी ने मु.मंत्री गहलोत के ऊपर एक पुरानी शादी का वाकया सुनाकर चुटकी ली।**
- **प्रधानमंत्री ने कहा कि, यह बात उन दिनों की है जब मैं संघ के कार्यकर्ता के तौर पर काम करता था, संघ के कार्यकर्ता उन्हें एक शादी में अपने साथ ले गये वहां जाकर पता चला कि, शादी तो एक साल पहले ही हो गई थी और वह कार्ड भी एक साल पुराना था।**

नई दिल्ली, 12 फरवरी। राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने पिछले दोनों विधानसभा में पुराना बजट पढ़ दिया जिसको लेकर भारी हंगामा भी हुआ। विपक्षी दल ने ब्यूरोक्रेसी और मुख्यमंत्री दोनों पर गैरजिम्मेदारी और लापरवाही के आरोप लगाये थे। अब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी गलत बजट का भाषण पढ़ने पर अशोक गहलोत पर एक पुरानी घटना का जिक्र कर तंज कसा है। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने संबोधन के दौरान एक पुरानी शादी की घटना का जिक्र किया।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि सवाल यह नहीं है कि कौन सा वाला (बजट) पढ़ा गया था, सवाल यह है कि जब आपने पिछले वाला पढ़ा था तब आपने उसे एक साल तक डिब्बे में बंद करके रखा था इसलिए ये हुआ। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि मुझे एक घटना याद आती है , मैं राजनीति में नहीं था, संघ का काम करता था और आम तौर पर संघ परिवार के घर ही भोजन के लिए जाता था।

एक बार मुझे मेरे वरिष्ठ साथी मिले और मुझे अपने साथ एक शादी में लेकर चले गए।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि जिनके शादी थी, वो दर्जी थे। जब हम पहुंचे तो अपने घर के बाहर बैठकर काम कर रहे थे।

मैंने पूछा कि इनके यहां शादी है लेकिन यहां तो सब साधारण है। उन्होंने जब पूछा तो पता चला कि शादी तो एक साल पहले ही हो गई थी। शादी का जब कार्ड देखा तो पिछले साल का कार्ड निकला। इसके बाद हम दोनों बिना खाए वापस आ गए।' उन्होंने कहा कि हालांकि, इस बात का राजस्थान से लेना-देना नहीं है।

मुझे पुरानी बात याद आई तो सोचा आप लोगों को बता दूं।

सोशल मीडिया पर प्रधानमंत्री मोदी के इस बयान पर लोग अपनी प्रतिक्रियाएं दे रहे हैं। एक यूजर ने लिखा कि जब भी मोदी टेलीप्रॉम्प्टर से पढ़ते हैं तो कांग्रेस के लोगों को खुश होना चाहिए क्योंकि जब भी मोदी टेलीप्रॉम्प्टर का इस्तेमाल नहीं करते हैं तो वह विपक्ष को इसी तरह से धुलाई करते हैं।

# राकेश को तलाश नही करने पर गांधी नगर थाने का घेराव किया जायेगा : सराफ

जयपुर, 12 फरवरी (का.सं.)। मालवीय नगर विधायक कालीचरण सराफ ने बाईजी की कोठी झालाना वार्ड नंबर 139 से राकेश कुमार बैरवा के लापता होने की जानकारी मिलते ही राकेश के निवास पर पहुंचे। सराफ ने राकेश बैरवा के घर पहुँचकर परिवारजन को ढाँढ़स बँधाया और मौके से ही पुलिस कमिश्नर आनंद श्रीवास्तव, डी.सी.पी. राजीव पचार को फोन कर स्पैशल टीम गठित कर तुरंत कार्यवाही के निर्देश दिये एवं चेतावनी देते हुए कहा कि 5 दिन में अगर पुलिस राकेश को तलाश नही कर पाई तो गांधी नगर थाने का घेराव किया जायेगा।

पुलिस कमिश्नर आनंद श्रीवास्तव ने आश्वस्त किया कि स्पेशल टीम गठित करके जल्दी ही राकेश बैरवा को ढूंढ़ लिया जायेगा। इस दौरान अखिल भारतीय बैरवा

महासभा के उपाध्यक्ष रोडूराम सुलानिया, क्षेत्रीय पार्षद लक्ष्मण नुनीवाल, भाजपा ज़िला उपाध्यक्ष ब्रह्म कुमार सैनी, राजापार्क मण्डल अध्यक्ष राजेश कुमार शर्मा, वार्ड अध्यक्ष कैलाश मीणा, भाग अध्यक्ष सीताराम बैरवा, बाबू लाल जलूँएरिया, सज्जन बैरवा, विक्की रमन, एस टी मोर्चा मण्डल अध्यक्ष देवनारायण मीणा, विजय बैरवा, किशन बैरवा, बृजमोहन रेसवाल, नितिन शर्मा, राकेश सुलानिया, करण बैरवा, संतोष प्रतिहस्त, वार्ड महामंत्री संजय कुमार, बाबू लाल गोठवाल, रमेश गोठवाल, नरेंद्र मेहरा, राजेश बैरवा, रोहित बैरवा सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

# प्र.मंत्री मोदी ने दौसा में दिल्ली...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

कहा कि, पहले राजस्थान प्रदेश को बीमारू राज्य के नाम से चिढ़ाया जाता था इसलिए भाजपा राजस्थान को विकसित राज्य का आधार बना रही है।

उन्होंने कहा कि, एक्सप्रैस-वे व्यापार को बढ़ाने का कार्य करेगा एवं उद्योग धंधे विकसित होंगे। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि, अब राजस्थान की कनेक्टिविटी बड़े बंदरगाहों से जुड़ने के साथ बढ़ेगी एवं सड़क एयरपोर्ट रेल पटरी पुल आदि इन्फ्राट्रक्चर से उद्योगों को बल मिलेगा। उन्होंने कहा कि, राजस्थान पर्यटन का भी एक बड़ा सैक्टर है, दिल्ली व राजस्थान की दूरी कम होने से पर्यटन को बढ़ावा मिलने के साथ छोटे किसानों व्यापारियों को भी फायदा मिलेगा। मोदी ने कहा कि, स्वदेश दर्शन योजना के तहत राजस्थान में भी कार्य हुए हैं, जिसमें दौसा के मेहंदीपुर बालाजी व धौलपुर जिले के मुकुंद धाम का विकास शुरू हुआ है एवं इस योजना से धार्मिक स्थानों का विकास कार्य जारी है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि, उनकी सरकार द्वारा वंचितों, गरीबों, दलितों, आदिवासी एवं ठेले रेहड़ी वाले आदि जरूरतमंदों के विकास को प्राथमिकता दी है। उन्होंने कहा कि ओबीसी वर्ग को संवैधानिक सुरक्षा मिले इसके लिए ओ.बी.सी. आयोग को संवैधानिक दर्जा दिया गया। मेडिकल की पढ़ाई अंग्रेजी में होने के कारण गरीब तबके के बालकों को डॉक्टर, इंजीनियर बनाने का सफर बेहद मुश्किल था जिसे केंद्र की भाजपा सरकार द्वारा हिंदी भाषा में भी इस पढ़ाई को पूरा करने के नियम को लागू किया है ताकि गरीब परिवार भी खुद के बालकों को डॉक्टर इंजीनियर बनने का सपना पूरा कर सके।

प्रधानमंत्री ने संबोधन में सिकंदरा के पत्थर व्यवसाय एवं कोटा डोरिया वस्त्र व्यवसाय कभी जिक्र किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि, दौसा की मेहमान नवाजी एवं बाजरे की रोटी का स्वाद भी याद है। मोदी ने कहा कि, कांग्रेस सैनिकों एवं सेना के शौर्य पर सवालिया निशान खड़ा करती है एवं उनके मनोबल को गिराने का कार्य करती है लेकिन केंद्र की भाजपा सरकार द्वारा सैनिक एवं सेना के जज्बे एवं उनके आत्मविश्वास सहित उनके सम्मान को बढ़ाने के लिए अंडमान निकोबार स्थित द्वीपों के नाम सेना के परमवीर चक्र प्राप्त करने वाले वीरों के नाम से किया गया है। इन द्वीपों के नामांकन में राजस्थान प्रदेश के जोधपुर एवं झुंझुनू के सोल्जर वीर सपूतों के नाम से भी नाम करण हुआ है।

## 128 घंटों...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

जब उसे बचाया गया तो बेसुध था, लेकिन जैसे ही उसे होश आया वह उस व्यक्ति की उंगली चूसने लगी जिसने उसे गोद में ले रखा था। गौरतलब है कि, इससे पहले एन.डी.आर.एफ. की टीम ने तुर्की में भूकंप प्रभावित क्षेत्र में मलबे में फंसी 8 साल की बच्ची को भी सुरक्षित निकाल लिया था. इससे पहले तुर्का में राहत और बचाव के काम में जुटे एन.डी.आर.एफ. के जवानों ने तुर्की सेना के जवानों के साथ गाजियांटेप प्रांत के नूरदगी शहर में अभियान चलाया था। एन.डी.आर.एफ. के जवानों ने गुरुवार को इसी इलाके से 6 साल की एक बच्ची को रेस्क्यू किया था। तुर्की और सीरिया में आए विनाशकारी भूकंप के बाद से हालात हर दिन बदतर होते जा रहे हैं। तुर्की और सीरिया में भूकंप की वजह से अब तक 28000 से ज्यादा लोगों के मारे जाने की खबर है।

# जयपुर मैटल्स के श्रमिकों ने की बकाया भुगतान की मांग

जयपुर, 12 फरवरी (का.सं.)। बिजली के मीटर बनाने वाली कम्पनी जयपुर मैटल्स के श्रमिकों ने एक बार फिर अपनी आवाज बुलन्द करते हुए राज्य सरकार से मैटल्स श्रमिकों का बकाया भुगतान दिए जाने की मांग की है। इसके लिए रविवार को प्रेस क्लब में आयोजित प्रैसवार्ता को संबोधित करते हुए जयपुर मैटल्स एण्ड इलैक्ट्रिकल्स पीड़ित संघर्ष समिति के संयोजक दिलीप व्यास ने बताया कि, जयपुर मैटल्स राजस्थान सरकार के अधीन कम्पनी थी लेकिन इसके बाद भी इसे बंद कर दिया गया और श्रमिकों को भूखा मरने के लिए अकेला छोड़ दिया गया।

व्यास ने आरोप लगाया कि कम्पनी के अधिकारियों के किए गए कुप्रबन्धन और कर्मचारी नेताओं की अदूरदर्शिता के कारण गई मौकों पर गलत निर्णय किए गए जिसके कारण कर्मचारियों को बहुत नुकसान उठाना पड़ा है वहीं पिछले 22 वर्षों में मैटल्स के 1588 श्रमिकों में से 656 ने संघर्ष करते दम तोड़ दिया और उनके परिवार कोई धणी-धोरी नहीं है। इसके कारण उन श्रमिकों के बच्चे भी अच्छी शिक्षा प्राप्त नहीं कर पा रहे है।

इस मौके पर ओम प्रकाश पारीक ने बताया कि, राज्य सरकार ने 15 दिनों में मैटल्स के पीड़ित श्रमिकों की समस्याओं का समाधान करने की दिशा में कोई कदम नहीं उठाया तो जल्द ही बड़ा आंदोलन किया जाएगा। वहीं सावंत सिंह शेखावत ने राज्य सरकार ने मांग की है कि, जयपुर मैटल्स सरकार के अधीन कम्पनी होने के कारण दिवंगत हो चुके श्रमिकों के परिवारों को पूरे परिलाभ और आश्रित को अनुकम्पा नियुक्ति दी जाए तथा जिन कर्मचारियों की नौकरी शेष है उन्हें अन्य विभाग में समायोजित किया जाए। इस मौके पर राष्ट्रीय मानवाधिकार परिषद के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राजेन्द्र तांबी भी उपस्थित रहे।

# 'राहुल गांधी व खड़गे का भाषण संसदीय कार्यवाही से हटा देना तानाशाही है'

## अभिषेक मनु सिंघवी ने पूछा कि, मोदी सरकार बताये कि, इन नेताओं ने सदन में कौनसे असंसदीय शब्दों का इस्तेमाल किया था

- **सिंघवी ने कहा, सरकार का इरादा संसद में टकराव कराना है और सहमति के लिए कोई रास्ता निकालना कभी उसकी मंशा नहीं रही है।**
- **अभिषेक मनु सिंघवी ने आगे कहा, तानाशाही का एक अभूतपूर्व उदाहरण मिला। सत्र से रजनी पाटिल को निलंबित किया गया और आरोप लगाया गया कि वे वीडियो रिकॉर्डिंग कर रही थीं। बिना कारण बताये, बिना कोई नोटिस दिये उनको निलंबित किया गया।**

नई दिल्ली, 12 फरवरी (वार्ता)। कांग्रेस ने सरकार पर लोकतंत्र की धज्जियां उड़ाने, मनमानी करने और डराने का आरोप लगाते हुए कहा है कि उसकी निरंकुशता तथा तानाशाही संसद सत्र में पूरा देश देख रहा है।

कांग्रेस प्रवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी ने रविवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि सरकार बार-बार तानाशाही और निरंकुशता का परिचय दे रही है। वह संसद में कांग्रेस नेता राहुल गांधी और विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे के भाषणों के अंश हटाने और राज्यसभा सदस्य रजनी पाटिल को निष्कासित करने की घटना निरंकुशता और मनमानी का सबूत है।

उन्होंने कहा कि सरकार संसद में डराने, धमकाने और लोकतांत्रिक नियमों के साथ खिलवाड़ कर रही है। सरकार का इरादा संसद में टकराव कराना है और सहमति के लिए कोई रास्ता निकालना कभी उसकी मंशा नहीं रही है। उनका कहना था कि संसद में गांधी और खड़गे के भाषण के जो शब्द हटाये गए हैं वह सबके सामने हैं और इसमें कहीं भी असंसदीय शब्दों का इस्तेमाल नहीं हुआ है। प्रवक्ता ने कहा कि सभापति को निष्पक्ष होकर काम करते हुए सरकार के गलत परामर्श का समर्थन नहीं करना चाहिए था। अभिषेक मनु सिंघवी ने आगे कहा कि तानाशाही का एक अभूतपूर्व उदाहरण मिला। सत्र से रजनी पाटिल को निलंबित किया गया और आरोप लगाया गया कि वह वीडियो रिकॉर्डिंग कर रही थीं। बिना कारण बताओ, बिना कोई नोटिस दिये उनको निलंबित किया है। रजनी को जवाब देना का भी समय नहीं दिया गया। जांच शुरू होने से पहले ही निलंबन कर दिया। सिंघवी ने आरोप लगाया कि ये पक्षपात के तरत सरकार के दबाव से किया गया है। ये एकतरफ़ा फ़ैसला है, सभी जनतांत्रिक नियम के विरुद्ध है।

गौरतलब है कि, कांग्रेस सदस्य रजनी पाटिल को राज्यसभा की कार्यवाही की वीडियो रिकार्डिंग कर उसे सोशल मीडिया पर पोस्ट करने के लिए शुक्रवार को मौजूदा बजट सत्र की शेष बैठकों से निलंबित कर दिया गया। राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने उच्च सदन में इसकी घोषणा की। उन्होंने कहा कि पाटिल ने सदन की कल की कार्यवाही की वीडियो रिकार्डिंग कर उसे ट्विटर पर पोस्ट किया। उन्होंने कहा कि यह बेहद गंभीर मामला है। इस मुद्दे पर नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, नेता सदन पीयूष गोयल सहित विभिन्न दलों के कई सदस्यों का पक्ष सुनने के बाद उन्होंने इसकी घोषणा की।

राष्ट्रदूत (एच.यू.एफ.) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, सुधर्मा, एम.आई.रोड़, जयपुर एवं सुधर्मा-II, लालकोठी शॉपिंग सेंटर, टोंक रोड़, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादकः- राजेश शर्मा । आर.एन.आई. नं. 3641/57, ई-मेल-rastrdut@gmail.com कोटा कार्यालयः-पलायथा हाउस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन:2386031, 2386032, फैक्स:0744-2386033 बीकानेर कार्यालयः-कुंम्भाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन:2200660, फैक्स: 0151-2527371 उदयपुर कार्यालयः-आयड, मेन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, 2418945, फैक्स: 0294-2410146 अजमेर कार्यालयः-घूघरा घाटी, जयपुर रोड,अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन: 226422, 226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालयः एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन: 256906, 256907, फैक्स:01562-256908